इन परिभाषाओं को अस्वीकार करते हुए कुछ विचारक लोकतंत्र को शासन तक ही सीमित न रखकर इसे व्यापक अर्थ में देखने की बात कहते हैं। गिडिंग्स का कहना है कि "प्रजातंत्र केवल सरकार का ही रूप नहीं है वरन राज्य और समाज का रूप अथवा इन तीनों का मिश्रण भी है।" मैक्सी ने इसे और भी व्यापक अर्थ में लेते हुए लिखा है कि "बीसवीं सदी में प्रजातंत्र से तात्पर्य एक राजनीतिक नियम, शासन की विधि व समाज के ढांचे से ही नहीं है, वरन यह जीवन के उस मार्ग की खोज है जिसमें मनुष्यों की स्वतंत्र और ऐच्छिक बुद्धि के आधार पर उनमें अनुरूपता और एकीकरण लाया जा सके।" डा0 बेनीप्रसाद ने तो लोकतंत्र को जीवन का एक ढंग माना है।

उपर्युक्त अर्थ व परिभाषाओं से लोकतंत्र एक विशद एवं महत्वाकांक्षी विचार लगता है परन्तु उपरोक्त विवेचन से लोकतंत्र का अर्थ स्पष्ट होने के स्थान पर कुछ भ्रांति ही बढ़ी है। लोकतंत्र की अवधारणा या प्रत्यय के रूप में एक अर्थ नहीं है वरन इसके तीन अन्तःसम्बन्धित अर्थ किये जाते हैं। यह अर्थ हैं–

(क) यह निर्णय करने की विधि है, (ख) यह निर्णय लेने के सिद्धान्तों का समूह या सेट है, और (ग) यह आदर्शी मूल्यों का समूह है।

इनका तात्पर्य है कि लोकतान्त्रिक व्यवस्था में लोकतंत्र को निर्देशित करने वाले मूल्यों व निर्णय लेने की प्रक्रिया का मोटा उद्देश्य वर्तमान के आदर्शमय नैतिकता के अन्तर्गत ही समस्त सार्वजनिक कार्यो का दिन–प्रतिदिन सम्पादन हो। हर राजनीतिक समाज में अंतिम गन्तव्यों का निर्धारण करना होता है। यह गन्तव्य क्या हों? इन गन्तव्यों का निर्धारण कौन और किस प्रकार करें? हर राजनीतिक समाज के सामने मौलिक प्रश्न यही होते हैं। इन्हीं गन्तव्यों के अन्तिम उद्देश्यों को समाज के आदर्शो का नाम दिया जाता है। हर समाज में इन आदर्शो की रक्षा व प्राप्ति के लिए संरचनात्मक व्यवस्थाएं रहती हैं। यह लोकतंत्रों में ही नहीं, तानाशाही व्यवस्था में भी रहती हैं। परन्तु इन संरचनात्मक व्यवस्थाओं से सम्बन्धित प्रक्रियाएं लोकतंत्र में और प्रकार की तथा तानाशाही व्यवस्था में और प्रकार की होती हैं। अगर सम्पूर्ण समाज के

लिए किए जाने वाले निर्णयों को लेने के सिद्धान्त और विधियां ऐसी हों जिसमें सम्पूर्ण समाज सहभागी रहें तो वह राजनीतिक व्यवस्था लोकतांत्रिक कही जाती है, परन्तु अगर एक ही व्यक्ति या व्यक्ति–समूह सम्पूर्ण समाज के लिए निर्णय लेता है तो वह व्यवस्था तानाशाही मानी जाती है। अतः लोकतंत्र का महत्वपूर्ण पक्ष निर्णय लेने का ढंग या तरीका है।

(क) निर्णय करने के ढंग के रूप में लोकतंत्र : यहां यह प्रश्न उठता है कि किस प्रकार और किसके द्वारा लिये गये निर्णयों को ही लोकतान्त्रिक विधि से लिये गये निर्णय माना जाए? इन्हीं प्रश्नों का उत्तर आज से करीब दो हजार वर्ष पूर्व अरस्तू ने भी दिया था जो बहुत कुछ आज भी वैध कहा जा सकता है। अरस्तू ने कहा था कि "निर्णय लेने के लोकतान्त्रिक ढंग में पदाधिकारियों का चुनाव सब में से सबके द्वारा तथा सबका हर एक पर और प्रत्येक का सब पर शासन होता है," अर्थात् लोकतान्त्रिक ढंग से किया गया निर्णय सम्पूर्ण समाज के द्वारा लिया गया निर्णय ही कहा जा सकता है। इससे तात्पर्य यह है कि लोकतंत्र प्रकृति में राजनीतिक समाज में निर्णय लेने का एक विशेष ढंग और उसकी विशेष पूर्व शर्ते होती हैं। इनका विवेचन करके ही यह समझा जा सकता है कि लोकतंत्र का निर्णय लेने के रूप में क्या अर्थ है? अर्थात् वही निर्णय लोकतान्त्रिक ढंग से लिये हुए कहे जाते हैं जिन में–

(i) विचार–विनिमय व अनुनयनता,

(ii) जन–सहभागिता,

(iii) बहुमतता,

(iv) संवैधानिकता और

(v) अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा होती है।

लोकतान्त्रिक ढंग से लिये गये निर्णयों का आधार खुला विचार–विनिमय होता है। सम्पूर्ण राजनीतिक समाज के लिए किये जाने वाले निर्णयों में अनुनयन की बहुत बड़ी भूमिका रहती है। लोकतंत्र में निर्णय चाहे किसी भी स्तर पर लिये जायें, उनमें जोर–जबरदस्ती के तत्व के बजाय विचार–विमर्श, वाद–विवाद और समझाने–बुझाने का अंश प्रधान रहता है। चुनाव भी एक तरह से विचार–विनिमय द्वारा निर्णय लेना ही है। अतः स्वतंत्र व उन्मुक्त प्रचार पर आधारित चुनाव लोकतान्त्रिक निर्णय प्रक्रिया का महत्वपूर्ण आधार माने जाते हैं। इस प्रकार निर्णय लेने के ढंग के रूप में लोकतंत्र का आशय विचार–विमर्श और सहमति से राजनीतिक समाज से सम्बन्धित सभी निर्णय लेना है।

विचार–विमर्श और सहमति की निर्णय प्रक्रिया में कुछ या अधिकांश लोगों का सम्मिलित होना किसी निर्णय ढंग को लोकतान्त्रिक नहीं बनाता है। इसके लिए निर्णय प्रक्रिया में सारे जन–समाज की सहभागिता का होना अनिवार्य है, अर्थात् निर्णय लेने में राजनीतिक व्यवस्था के सभी नागरिकों का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष सम्मिलन आवश्यक है। अगर किसी निर्णय विधि से अधिकांश व्यक्तियों को वंचित रखा गया हो तो वह निर्णय प्रक्रिया लोकतान्त्रिक नहीं कही जा सकती। यहां यह ध्यान रखना है कि जनता के निर्णय प्रक्रिया में सम्मिलित होने के अवसर होने पर भी अगर बहुत बड़ा जन–भाग उससे उदासीन रहकर विलग रहे तो इसे निर्णयों की लोकतान्त्रिका पर आंच नहीं माना जाता है। यहां महत्वपूर्ण बात यह नहीं है कि समाज के कितने लोग निर्णय प्रक्रिया में सहभागी होते हैं वरन यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि कितने लोगों को ऐसा करने के साधन व अवसर प्राप्त हैं। निर्णय प्रक्रिया में सम्पूर्ण समाज को सहभागी बनाने का दूसरा नाम ही लोकतंत्र है। नियतकालिक चुनाव तथा वयस्क मताधिकार, जन–सहभागिता के उपकरण हैं।

विचार–विमर्श तथा जन–सहभागिता के सबको समान अवसर निर्णय विधि को अवश्य ही लोकतान्त्रिक बनाते हैं परन्तु शायद ऐसा सम्भव नहीं कि समाज से सम्बन्धित हर निर्णय पर समस्त जनता

की सहमति होती हो। इस सहमति के अभाव में निर्णय लेने की कौन–सी विधि अपनाई जाए कि निर्णय प्रक्रिया की लोकतान्त्रिक प्रकृति बनी रहे और शीघ्रता से निर्णय लिये जा सकें। वैसे तो समस्त जनता की सहमति से लिया गया निर्णय आदर्श कहा जा सकता है, पर व्यवहार में सबके सब निर्णयों पर सहमति असम्भव नही ंतो दुष्कर अवश्य लगती है। इसलिए सबकी सहमति के अभाव में निर्णय बहुमत के आधार पर किये जाते हैं। इस प्रकार बहुमत के आधार पर किए गए निर्णय लोकतांत्रिक ही माने जाते हैं, क्योंकि इन निर्णयों में अधिकांश लोगों की सहमति सम्मिलित रहती है। यहां यह बात ध्यान देने की है कि बहुमत के आधार पर निर्णय लेना, सबकी सहमति के बाद, निर्णय लेने की श्रेष्ठतम विधि कहा जाता है। अगर बहुमत के आधार पर निर्णय नहीं लिये जाएं तो निर्णय की प्रक्रिया अलोकतान्त्रिक कहलाती है। साथ ही निर्णयों में बहुमत के आधार का परित्याग करना, लोकतान्त्रिक निर्णय प्रक्रिया का ही, परित्याग कहा जा सकता है। यही कारण है कि लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में चुनाव परिणामों से लेकर विधान मण्डलों व मंत्री परिषदों तक में निर्णय बहुमत के आधार पर किये जाते हैं। अभी तक मनुष्य निर्णय लेने का इससे श्रेष्ठतर विकल्प नहीं खोज पाया है। अतः लोकतांत्रिक निर्णय प्रक्रिया की यह आवश्यक शर्त है कि हर स्तर पर निर्णय बहुमत के आधार पर लिये जाएं। यहां यह भी ध्यान रखना है कि बहुमत के अर्थ पर गम्भीर विवाद है। हम इस विवाद में नहीं पड़कर इतना ही कहेंगे कि लोकतंत्र में विभिन्न विकल्पों में से जिसका सापेक्ष बहुमत होता है वही विकल्प निर्णय मान लिया जाता है।

उपरोक्त तथ्य निर्णय के प्रक्रियात्मक पहलुओं से सम्बद्ध है, पर निर्णय प्रक्रियाओं को व्यावहारिकता प्रदान करने के लिए संरचनात्मक आधार भी होना चाहिए। इसलिए ही हर लोकतान्त्रिक समाज में निर्णय लेने की प्रक्रियाओं के संरचनात्मक आधार संविधान द्वारा निर्धारित किये जाते हैं। उदाहरण के लिए, यह कहा जा सकता है कि जन–सहभागिता को सम्भव बनाने के लिए सभी लोकतान्त्रिक संविधानों में नियतकालिक चुनावों की व्यवस्था की जाती है। लोकतान्त्रिक ढंग से लिया गया निर्णय संविधान द्वारा व्यवस्थित साधनों की परिधि में ही किया जाता है। हड़ताल, हिंसात्मक तोड़–फोड़ व धरनों के द्वारा शासकों को निर्णय विशेष लेने के लिए बाध्य करना वास्तव में असंवैधानिक साधनों के प्रयोग के कारण निर्णय का अलोकतान्त्रिक ढंग माना जाता है। निर्णय प्रक्रिया को लोकतान्त्रिक बनाने के लिए यह आवश्यक है कि संविधान में निम्नलिखित व्यवस्थाएं हों–(1) जनता के सामने प्रतियोगी पसंदों के अनेक विकल्प, (2) मताधिकार की पूर्ण समानता, (3) निर्वाचन व निर्वाचित होने की पूर्ण स्वतंत्रता, और (4) प्रतिनिधित्व की अधिकतम समरूपता हो।

इस प्रकार किसी भी राजनीतिक व्यवस्था में निर्णय की विधि को लोकतान्त्रिक बनाने के लिए संवैधानिकता ही निर्णयों का एक मात्र आधार होती है। जब किसी राजनीतिक समाज में बहुमत के आधार पर निर्णय लिये जाते हैं तो यह सम्भावना तो रहती ही है कि कुछ लोग इन निर्णयों से सहमत नहीं हों। ऐसी अवस्था में बहुमत के निर्णय ऐसे नहीं होने चाहिए कि उनसे अल्पसंख्यकों का अहित हो। अनेक समाजों में अनेक वर्ग, धर्म, जातियां तथा संस्कृतियां एक साथ विद्यमान रहती हैं। बहुमत के आधार पर कुछ धर्मो, जातियों या भाषाओं के लोगों के हितों के प्रतिकूल भी निर्णय लिये जा सकते हैं। बहुमत के द्वारा लिये गये निर्णयों से अल्पसंख्यकों के अधिकारों व स्वतंत्रताओं का हनन भी किया जा सकता है। ऐसे बहुमत के निर्णय लोकतन्त्र की भावना के प्रतिकूल माने जाते हैं। अतः निर्णय प्रक्रिया की लोकतान्त्रिकता के लिए आवश्यक है, कि बहुमत के बलबूते पर ऐसे निर्णय नहीं लिये जाएं जिनमें कुछ लोगों के उचित हितों की अवहेलना हो। यह तभी सम्भव होता है जब बहुमत द्वारा लिए गए निर्णयों में अल्पसंख्यकों के हितों की भी सुरक्षा की व्यवस्था निहित हो।

लोकतान्त्रिक निर्णय प्रक्रिया के लिए यह आवश्यक है कि एक सीमा तक विचार–विमर्श, बहस व वाद–विवाद की छूट रहे और अन्त में बहुमत के आधार पर निर्णय ले लिए जाएं तथा बहुमत द्वारा लिए गए ऐसे निर्णय सब स्वीकार कर लें। अल्पसंख्यकों को भी बहुमत के ऐसे निर्णय स्वीकार होंगे, क्योंकि इनसे उनके हितों को नुकसान पहुंचने की सम्भावना नहीं होती। परन्तु बहुमत के आधार पर किए गए निर्णय कुछ लोगों का अहित करने वाले होने पर लोकतान्त्रिक निर्णय प्रक्रिया के प्रतिकूल माने जाने लगते हैं। इससे समाज में सहमति तथा आधारभूत मतैक्य समाप्त हो जाता है और समाज के टूटने का मार्ग खुल जाता है। इससे लोकतंत्र का आधार लुप्त हो जाता है। अतः गहराई से देखने पर पता चलता है कि लोकतान्त्रिक राजनीतिक प्रक्रिया वस्तुतः विचार–विमर्श, वाद–विवाद, सामंजस्य और लेन–देन की ही प्रक्रिया है। जिस राजनीतिक समाज में निर्णय लेने का ढंग उपरोक्त तथ्यों के अनुरूप रहता है तो वह राजनीतिक व्यवस्था लोकतान्त्रिक तथा उस समाज के लोगों द्वारा लिए गए निर्णय लोकतान्त्रिक ढंग से लिए गए निर्णय कहे जाएंगे। इन तथ्यों में से किसी एक की अवहेलना या अभाव सम्पूर्ण व्यवस्था की प्रकृति में ही मौलिक परिवर्तन ला देता है। अतः लोकतान्त्रिक व्यवस्था के लिए यह अनिवार्य है कि निर्णय, आपसी विचार–विमर्श, जन सहभागिता और बहुमत के आधार पर लिए जाएं अगर ऐसे निर्णय संवैधानिकतायुक्त व अल्पसंख्यकों के हितों के पोषक हों तो वह लोकतंत्र के सुदृढ़ आधार स्तम्भ हो जाते हैं। इस तरह, निर्णय लेने के ढंग के रूप में लोकतंत्र ऐसी व्यवस्था है जिसमें समाज के लिए व्यवहार के मानदंड स्थापित होते हैं और व्यक्ति की राजनीतिक गतिविधियों का सुनिश्चित प्रतिमान प्रकट होता है।

(ख) निर्णय लेने के सिद्धान्तों के रूप में लोकतंत्र : समाज में जो भी राजनीतिक निर्णय लिए जाएं उनका कुछ सिद्धान्तों पर आधारित होना आवश्यक है अन्यथा निर्णयों में न तो समरूपता रहेंगी और न ही निर्णय दिशात्मक एकता–युक्त बन पाएंगे। इसीलिए हर राजनीतिक समाज में कुछ निश्चित सिद्धान्तों की परिधि होती है जिसके दायरे में लिए गए निर्णय ही दिशात्मक एकता का लक्षण परिलक्षित कर सकते हैं। एक निश्चित सिद्धान्त लोकतंत्रों व निरंकुशतंत्रों में अनिवार्यतः पाये जाते हैं। दोनों प्रकार की प्रणालियों में इन सिद्धान्तों की मौलिक असमानताएं इन दोनों को भिन्न–भिन्न ही नहीं बनाती हैं, अपितु इन्हें एक दूसरे के प्रतिकूल प्रणालियां बना देती हैं। लोकतान्त्रिक प्रणाली उस राजनीतिक व्यवस्था में विद्यमान रह सकती हैं जहां समाज के सम्बन्ध में निर्णय लेने के आधार स्वरूप कुछ सिद्धान्त व्यवहार में प्रयुक्त होते हैं। इन सिद्धान्तों पर आधारित निर्णय ही लोकतान्त्रिक ढंग से लिए गए निर्णय कहे जा सकते हैं।

2.2.2. प्रजातंत्र के सिद्धान्त :

(1) प्रतिनिधि सरकार का सिद्धान्त।
(2) उत्तरदायी सरकार का सिद्धान्त।
(3) संवैधानिक सरकार का सिद्धान्त।
(4) प्रतियोगी राजनीति का सिद्धान्त।
(5) लोकप्रिय सम्प्रभुता का सिद्धान्त।

किसी भी शासक व्यवस्था को लोकतान्त्रिक तभी कहा जाता है जब राजनीतिक व्यवस्था में निर्णय लेने का कार्य जनता द्वारा निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा ही सम्पादित हो, अर्थात लोकतान्त्रिक व्यवस्था में सरकार का गठन प्रतिनिधित्व के सिद्धान्त पर आधारित होना चाहिए। आधुनिक लोकतंत्रों में नीति–निर्माताओं अथवा शासन प्रतिनिधियों को एक निश्चित अवधि के लिए जनता द्वारा चुना जाता है। इस निश्चित अवधि की समाप्ति पर शासन प्रतिनिधियों को फिर जनता के सामने पेश होना पड़ता है तथा

जनता उसके द्वारा किये गये कार्यो का लेखा–जोखा लेकर उन्हें पुनः निर्वाचित कर सकती है या उनके स्थान पर नेताओं का दूसरा सैट ला सकती है। अतः नियतकालिक चुनाव शासन कर्त्ताओं को सही अर्थो में जनप्रतिनिधि बनाए रखने की व्यवस्था करता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में अंतिम सत्ता जनता में निवास करती है। जनता की यह सत्ता निर्वाचन के माध्यम से प्रतिनिधियों को प्रदान कर दी जाती है। अतः प्रतिनिधि सरकार का होना लोकतंत्र की व्यवस्था करता है, क्योंकि राजनीतिक समाज में निर्णयकर्त्ता केवल जनप्रतिनिधि होते हैं।

शासन का प्रतिनिधि स्वरूप ही किसी राजनीतिक व्यवस्था को लोकतान्त्रिक कहने के लिए पर्याप्त नहीं है। इसके लिए यह भी आवश्यक है कि शासन–शक्ति के धारक अपने हर निर्णय व कार्य के लिए जनता की धरोहर के रूप में प्राप्त रहती है तथा इस सत्ता का उन्हें जनता के हित में, जनता की उन्नति व प्रगति के लिए ही प्रयोग करना होता है। अगर शासक ऐसा नहीं करते हैं तो वह न जनता के सही प्रतिनिधि रह पाते हैं और न ही उत्तरदायी कहे जा सकते हैं। केवल वही राजनीतिक समाज लोकतान्त्रिक माने जाते हैं। जहां शासक निरन्तर उत्तरदायित्व निभाते हैं। अगर शासक उत्तरदायित्व न निभाएं तो उनको हटाने की व्यवस्था रहती है। नियतकालिक चुनाव शासकों को प्रभावशाली ढंग से नियन्त्रित रखने का अवसर प्रदान करते हैं। यही कारण है कि स्वतंत्र व नियतकालिक चुनाव व्यवस्था को लोकतंत्र की जीवनरक्षक 'डोर' का नाम दिया जाता है। चुनाव दोहरे ढंग से किसी व्यवस्था को लोकतान्त्रिक बनाने की भूमिका अदा करते हैं। प्रथम, तो इससे लोकप्रिय नियन्त्रण की व्यवस्था होती है तथा दूसरे इससे जनता के प्रतिनिधि ही शासकों के रूप में रहते हैं।

लोकतंत्र में हर व्यक्ति को राजनीतिक स्वतंत्रता रहती है। वह अपने हितों की रक्षा के लिए किसी भी दल का सदस्य बन सकता है तथा किसी भी व्यक्ति को अपने प्रतिनिधि के रूप में निर्वाचित करने के लिए मत दे सकता है। राजनीतिक स्वतंत्रता की व्यावहारिकता ही प्रतियोगी राजनीति कही जाती है। राजनीतिक व्यवस्था में प्रतियोगी राजनीतिक के लिए यह आवश्यक है कि अनेक संगठन, दल व समूह, प्रतियोगी रूप में उस व्यवस्था में सक्रिय रहें। राजनीतिक स्वतंत्रता की अवस्था में ही राजनीतिक दल बनकर जनता के सामने भिन्न–भिन्न प्रकार के दृष्टिकोण एवं नीति सम्बन्धी विकल्प प्रस्तुत कर सकते हैं। इनके द्वारा चुनावों में जनता के सामने अनेक विकल्पों की व्यवस्था होती है तथा जनता इनमें में किसी एक को पसंद करके अपने मन की अभिव्यक्ति करती है। अगर किसी समाज में केवल एक ही विकल्प हो और इस विकल्प के कारण जनता को इसी का समर्थन करना पड़ता हो तो ऐसी राजनीति को प्रतियोगी राजनीति नहीं कहा जा सकता और इसके अभाव में लोकतंत्र नहीं हो सकता है। अतः लोकतंत्र की 'जीवनरेखा' ही प्रतियोगी राजनीति है। राजनीतिक समाज में प्रतियोगी राजनीति की व्यवस्था करने के लिए अनिवार्यताएं होती हैं–(1) राजनीतिक गतिविधियों की पूर्ण स्वतंत्रता, (2) दो या दो से अधिक प्रतियोगी दलों या समूहों के रूप में वैकल्पिक पसंदों की विद्यमानता, (3) मताधिकार की पूर्ण समानता अर्थात सर्वव्यापी वयस्क मताधिकार की व्यवस्था, (4) प्रतिनिधित्व की अधिकतम एकरूपता, और (5) नियतकालिक चुनाव।

उपरोक्त व्यवस्थाओं के अभाव में किसी भी देश की राजनीति प्रतियोगी नहीं बन सकती है। साम्यवादी राज्यों या अन्य एकदलीय व्यवस्थाओं वाले राज्यों में प्रतिनिधि सरकार, उत्तरदायी सरकार तथा संवैधानिक सरकार की संरचनात्मक व्यवस्थाएं रहती हैं परन्तु प्रतियोगी राजनीति का अभाव इनको लोकतान्त्रिक व्यवस्थाओं की श्रेणी में नहीं आने देता है। जैसे साम्यवादी राज्यों में नियतकालिक चुनाव होते हैं तथा मतदान प्रतिशत भी करीब–करीब शत–प्रतिशत रहता है। परन्तु मतदाता के सामने चुनाव उम्मीदवार के रूप में एक ही व्यक्ति के होने के कारण कोई विकल्प नहीं रहता हैं। इससे इसी प्रत्याशी

का, जो एकमात्र उम्मीदवार के रूप में खड़ा है, समर्थन करना उसकी पसंद का सही प्रकाशन नहीं है। इसके लिए कई प्रत्याशियों का होना आवश्यक है। इससे स्पष्ट है कि लोकतंत्र की 'संजीवनी' प्रतियोगी राजनीति ही होती है।

लोकतंत्र की परिभाषा में यह स्पष्ट किया गया है कि इस व्यवस्था में शक्ति का स्रोत जनता होती है। जब हम यह कहते हैं कि जनता अपने मत सम्बंधी अधिकार के प्रयोग द्वारा संविधान को अपनी इच्छा के अनुकूल बना सकती है अथवा वह उसके द्वारा अपने प्रतिनिधियों पर नियंत्रण रख सकती है तो इसका तात्पर्य यही होता है कि संप्रभुत्वशक्ति जनता के हाथों में रहती है। इसका यह अर्थ है कि राज्य में जनता सर्वोपरि एवं संप्रभु होती है। क्योंकि उसकी ही इच्छा के अनुसार राज्य शक्ति का प्रयोग करता है। मताधिकार के कारण शासन–सम्बन्धी अन्तिम शक्ति जनता में निहित रहती है। अतः हम जनता को संप्रभु कहते हैं और उसमे निहित शक्ति को जनता की सम्प्रभुता कहा जाता है। लोकतान्त्रिक समाज की पहचान ही जनता की सम्प्रभुता है। इसके माध्यम से ही जनता सरकार को प्रतिनिधि, उत्तरदायी रखने की प्रभावशाली व्यवस्था माना गया है। अतः लोकतान्त्रिक व्यवस्था में जनता की सम्प्रभुता का सिद्धान्त अत्यधिक महत्व का है।

2.2.3 आदर्शी मूल्यों के रूप में प्रजातंत्र :

लोकतान्त्रिक शासन प्रणाली की आधारभूत कसौटी इसकी मूल्य व्यवस्था में निहित है। इन्ही मूल्यों के आधार पर किसी व्यवस्था को लोकतांत्रिक या अलोकतांत्रिक कहा जा सकता है। कोरी तथा अब्राहम ने लोकतान्त्रिक समाज के निम्नलिखित मूल्यों को आधारभूत बताया है–(1) व्यक्तिगत व्यक्तित्व का सम्मान, (2) व्यक्तिगत स्वतंत्रता, (3) विवेक में विश्वास, (4) समानता, (5) न्याय और (6) विधि का शासन या संविधानवाद।

मानव समाजों में कुछ आदर्शो व मूल्यों की व्यवस्था से उनसे भी उच्चतर आदर्श उपलब्ध हो जाते हैं। हर समाज में कुछ ऐसे मूल्य होते हैं जिनकी व्यवस्था ही इसलिए की जाती है कि जिससे समाज उनसे भी श्रेष्ठतर मूल्यों को प्राप्त करने के मार्ग पर आगे बढ़ सकें। व्यक्ति का स्वतंत्रता व सामाजिक समानता में विश्वास ही इसलिए होता है कि इनके सहारे उसके व्यक्तित्व के विकास का सर्वश्रेष्ठ वातावरण प्रस्तुत होता है। व्यक्ति के व्यक्तित्व के विकास के लिए यह अनिवार्य है कि व्यक्तिगत व्यक्तित्व का सम्मान किया जाय जिससे हर व्यक्ति अपने ढंग से, बेरोकटोक अपनी पूर्णता के मार्ग पर आगे बढ़ सके। लोकतान्त्रिक समाज का यह आदर्श या मूल्य सर्वाधिक महत्व का माना जाता है। हर व्यक्ति के लिए स्व–अभिव्यक्ति का अवसर व साधन महत्व रखते हैं। मनुष्य के विकास में व्यक्तित्व के भौतिक व बाहरी पहलुओं से कहीं अधिक महत्व उसके आंतरिक पहलुओं का है। मनुष्य चाहता है कि वह परिपूर्ण बने। इसके लिए यह आवश्यक कि उसके व्यक्तिगत व्यक्तित्व का मान–सम्मान हो। इसके अभाव में व्यक्ति के पास सब कुछ होते हुए भी उसे रिक्तता या कुछ कमी महसूस होती है। अतः लोकतंत्र के दृष्टिकोण में, सर्वोच्च मूल्य व राजनीतियों का अन्तिम ध्येय, व्यक्ति की मुक्ति व व्यक्तित्व का सम्मान करना है। यहां यह ध्यान रखना होगा कि व्यक्तिगत व्यक्तित्व के सम्मान का मूल्य राजनीतियों में अन्य मूल्यों की विद्यमानता को अस्वीकार नहीं करता है। व्यक्तियों व समूहों के और भी श्रेष्ठतर आदर्श हो सकते हैं। ये मूल्य वास्तव में इनका विरोध नहीं है। यह तो वास्तव में अन्य आदर्शो व मूल्यों की प्राप्ति के लिए व्यक्ति को अनिवार्यतः उन्मुक्त बना देता है। अतः लोकतंत्र व्यवस्था का सबसे अधिक महत्वपूर्ण मूल्य, जिससे अन्य मूल्यों की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है, व्यक्तिगत व्यक्तित्व का सम्मान है। वास्तव में लोकतान्त्रिक व्यवस्था का यह ऐसा आधार स्तम्भ है जिसके सहारे अन्य मूल्य भी प्राप्त किये जा सकते हैं।

लोकतान्त्रिक समाज का दूसरा महत्वपूर्ण मूल्य स्वतंत्रता का है। लोकतंत्र के विचार के इतिहास में इस शब्द का कई अर्थो में प्रयोग हुआ है। एक राजनीतिक आदर्श के रूप में स्वतंत्रता के नकारात्मक और सकारात्मक दो पहलू माने जाते हैं। इसके नकारात्मक पहलू में स्वतंत्रता का अर्थ बन्धनों का अभाव है, तथा सकारात्मक रूप में इसका अर्थ जीवन की उन परिस्थितियों व स्थितियों के होने से लिया जाता है जिसमें व्यक्ति अपने सही स्वरूप को प्राप्त कर सकता है। इसके अर्थ के नकारात्मक व सकारात्मक पहलू आपस में बेमेल पड़ते हैं। इसलिए स्वतंत्रता यह अर्थ सभी प्रकार के प्रतिबन्धों का अभाव, अराजकता व अव्यवस्था का मार्ग तैयार करता है जो इसके दूसरे अर्थ को अव्यावहारिक बना देता है। अतः लोकतान्त्रिक मूल्य में स्वतंत्रता का सही अर्थ समझना आवश्यक है।

सीले के अनुसार 'स्वतंत्रता अति शासन का विलोम है।' लास्की की मान्यता है कि स्वतंत्रता वह स्थिति है जिसमें व्यक्ति बिना किसी बाहरी बाधा के अपने जीवन के विकास के तरीके को चुन सकता है। अतः स्वतंत्रता सब प्रकार के प्रतिबंधों का अभाव नहीं, अपितु अनुचित के स्थान पर उचित प्रतिबंधों की व्यवस्था है, अर्थात् स्वतंत्रता का तात्पर्य नियंत्रणों के अभाव, उच्छृंखलता से न होकर उस नियंत्रित स्वतन्त्रता से है जो उचित प्रतिबंधों द्वारा मर्यादित हो। लोकतंत्र में स्वतंत्रता का यही अर्थ लिया जाता है। इसी अर्थ में यह लोकतान्त्रिक समाजों में सर्वप्रिय मूल्य के रूप में अपनाया जाता है। अतः स्वतंत्रता का लोकतान्त्रिक मूल्य के रूप में तात्पर्य वैयक्तिक व्यवहार की नियमितता और मर्यादा से है। इसका सम्बन्ध आवश्यक रूप से समाज की इकाई के रूप में व्यक्ति के व्यक्तित्व के विकास से होता है जिससे व्यक्तिगत व्यक्तित्व का सम्मान हो सके।

अब्राहम का कहना है कि 'लोकतांन्त्रिक आदर्श में यह धारणा सन्निहित है कि मनुष्य एक विवेकशील प्राणी है जो कार्य करने के सिद्धान्तों का निर्णय करने और अपनी निजी इच्छाओं को उन सिद्धान्तों के अधीनस्थ बनाए रखने में समर्थ है। वास्तव में यह धारणा अपने आप में बड़ी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यदि व्यक्ति विवेक की पुकार नहीं सुनेंगे तो लोकतंत्र एक स्थायी शासन प्रणाली कभी नहीं बन सकेगी। व्यक्तियों के परस्पर विरोधी दावों, उद्देश्यों और हितों में विवाद और वार्त द्वारा तब तक कभी सामंजस्य स्थापित नहीं हो सकता जब तक कि ऐसे सामान्य स्वीकृत नियमों का अस्तित्व न हो, जिनके आधार पर वार्ता या विवाद में किस पक्ष की जीत मानी जाएगी इसका, निर्णय न किया जा सके। इन नियमों में सबसे साधारण और स्पष्ट नियम तो यही है कि बहुमत का निर्णय और विचार ही मान्य होना चाहिए। यहां यह ध्यान रखना होगा कि बहुमत का कोरा सिद्धान्त भी उसी प्रकार अविवेकपूर्ण है जिस प्रकार कि 'जिसकी लाठी उसकी भैंस' वाली धारणा। मनुष्य केवल विवेकी यंत्र ही नहीं है अपितु वह भावनाओं का पुतला भी है। अतः लोकतान्त्रिक आदर्श को यह मानकर चलना होगा कि प्रयत्नों से मनुष्य को भावनाओं के स्तर से विवेक के स्तर पर लाया जा सकता है जिससे वह अपने मतभेदों को बातचीत करके या कुछ सिद्धान्तों का सहारा लेकर तय कर सके। इस प्रकार लोकतान्त्रिक आदर्श में मनुष्य की विवकेशीलता की धारणा सन्निहित होनी चाहिए। अगर मनुष्य की विवेकशीलता की बात छोड़ दी जाय तो लोकतान्त्रिक समाज के स्थान पर अराजक समाज ही स्थापित होगा।

ऐसा कहा जाता है कि स्वतंत्रता समानता से अविच्छिन्न रूप से सम्बन्धित है। इसलिए ही शायद आशीर्वादम ने यह कहा है कि 'फ्रांस के क्रान्तिकारियों ने जब युद्ध घोषणा करते हुए स्वतंत्रता, समानता और भ्रातृत्व का नारा लगाया था तब वे न तो पागल थे और न मूर्ख। इसका संकेत इस बात की ओर है कि स्वतंत्रता के मूल्य की क्रियान्विति के लिए समानता के मूल्य का अस्तित्व आवश्यक है। समानता प्रजातंत्र की स्थापना का एक प्रधान तत्व है। इसका सामान्य अर्थ उन विषमताओं के अभाव से लिया जाता है जिसके कारण असमानता पनपती है। समाज में दो प्रकार की असमानता पाई जाती है। एक प्रकार

असमानता वह है जिसका मूल व्यक्तियों की प्राकृतिक असमानता है, परन्तु इस प्रकार की असमानता का कोई निराकरण सम्भव नहीं हो सकता। इसलिए इस समानता से किसी को शिकायत नहीं रहती है। दूसरे प्रकार असमानता वह है जिसका मूल समाज द्वारा उत्पन्न की हुई विषमता होती है। हम देखते है कि बुद्धि, बल और प्रतिभा की दृष्टि से अच्छे होने पर भी निर्धन व्यक्तियों के बच्चे अपने व्यक्तित्व का वैसा विकास नहीं कर पाते, जैसा विकास बुद्धि, बल और प्रतिभा की दृष्टि से निम्नतर स्तर के होते हुए भी, धनिकों के बच्चे कर लेते हैं। इस प्रकार की असमानता का कारण समाज द्वारा उत्पन्न परिस्थितियों का वह वैषम्य होता है जिसके कारण सब लोगों को व्यक्तित्व विकास का समान अवसर प्राप्त नहीं हो पाता है। अतः राजनीतिक समाज में समानता का तात्पर्य ऐसी परिस्थितियों के अस्तित्व से होता है, जिसके कारण सब व्यक्तियों को व्यक्तित्व विकास के समान अवसर प्राप्त हो सकें।

लोकतान्त्रिक दृष्टि से समानता का राजनीतिक पहलू महत्वपूर्ण है। समानता के राजनीतिक रूप का अर्थ यह है कि राजनीतिक व्यवस्था में सभी वयस्क नागरिकों को समान नागरिक और राजनीतिक अधिकार उपलब्ध हों। राजनीतिक समानता का यह आशय नहीं है कि राज्य में प्रत्येक व्यक्ति समान राजनीतिक अधिकारो का प्रयोग कर सके। समानता का यह पक्ष किसी समाज के नागरिकों को शासन–प्रक्रिया में सम्मिलित करने की व्यवस्था मानता है। इससे सभी व्यक्तियों को समान रूप से शासन में भाग लेने का अवसर मिल जाता है। इसमें वोट देना, निर्वाचित पद के लिए उम्मीदवार होना व सरकारी पद प्राप्त करना प्रमुख है। इन सब में सबको अवसरों की समानता देना ही राजनीतिक समानता कही जाती है। यह लोकतंत्र का आधार मानी जाती है। समानता का दूसरा पक्ष नागरिक समानता है। उसका तात्पर्य सभी को नागरिकता के समान अवसर प्राप्त होने से होता है। नागरिक समानता की अवस्था में व्यक्ति के मूल अधिकार सुरक्षित होने चाहिए तथा सभी को कानून का संरक्षण समान रूप से प्राप्त होना चाहिये।

2.2.4 प्रजातंत्रात्मक व्यवस्था के गुण :

लोकतंत्र शासन व्यवस्था की श्रेष्ठता को सभी स्वीकार करते हैं। शायद इसलिए ही आज दुनिया का हर राज्य लोकतान्त्रिक होने का दावा करने लगा है। इस प्रणाली के गुणों की विद्वानों ने लम्बी–लम्बी सूचियां प्रस्तुत की हैं। इसके पक्ष में व्यावहारिक तर्को से लेकर नैतिक तथा मनोवैज्ञानिक तर्क तक दिये गये हैं। प्रो0 डब्लू0 ई0 हाकिंग ने तो लोकतंत्र व्यवस्था के पक्ष को पुष्ट करते हुए यहां तक कहा है कि **'लोकतंत्र चेतन और उप–चेतन मन की एकता है।'** सी0डी0 बर्न्स ने लोकतंत्र का गुणगान करते हुए लिखा है कि लोकतंत्र आत्म शिक्षा का सर्वोत्तम साधन है। इससे स्पष्ट है कि लोकतंत्र प्रणाली की श्रेष्ठता तथा इससे होने वाले लाभों को सभी स्वीकार करते हैं। संक्षेप में, इस शासन व्यवस्था के गुण निम्नलिखित माने जा सकते हैं–

(1) शासक जन–कल्याण के प्रति सजग, अनुक्रियाशील तथा जागरूक रहते हैं।

(2) जन शिक्षण का श्रेष्ठतम माध्यम है।

(3) सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक सुधार के लिए समुचित वातावरण की व्यवस्था होती है।

(4) उच्च कोटि का राष्ट्रीय चरित्र विकसित करने में सहायक है।

(5) स्वावलम्बन व व्यक्तिगत उत्तरदायित्व की भावना का विकास करता है।

(6) देशभक्ति का स्रोत है।

(7) क्रान्ति से सुरक्षा प्रदान करता है।

(8) शासन कार्यो में जन–सहभागिता की व्यवस्था करता है।

(9) व्यक्ति की गरिमा का सम्मान तथा समानता का आदर्श प्रस्तुत करता है।

लोकतंत्र प्रणाली के उपरोक्त गुण यह स्पष्ट करते हैं कि इस व्यवस्था में कोई भी व्यक्ति यह शिकायत नहीं कर सकता कि उसे अपनी बात कहने का अवसर नहीं मिला है। क्योंकि लोकतान्त्रिक व्यवस्था का पहला काम यही है वह जनता को अपनी बात कहने के अधिकाधिक अवसर दे तथा जनता की जिज्ञासा का समाधान करें। हरमन फाइनर का कहना है कि 'प्रजातंत्र शासन प्रणाली में तो रहन–सहन के स्तर का विकास असामान्य रूप से अधिक होता है। ऐसा दो कारणों से है– प्रथम, जबरन लादी गई योजना की अपेक्षा लोकतंत्र के अन्तर्गत शासकीय नियंत्रण और क्रियाकलापों सहित नवीन साहसिक व्यापार करने की स्वतंत्रता होती है। द्वितीय, यह भी सत्य है कि कुछ राजनीतिक दल, सम्भवतः सभी आवश्यक रूप से निरन्तर ही रहन–सहन के उच्च–स्तर की उपयोगिता व महत्व की सीख देते रहते है। अतः यह कहना गलत नहीं होगा कि लोकतंत्र व्यवस्था सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक सुधारों के लिए समुचित वातावरण बनाने में बहुत सफल रहती है।

लोकतंत्र शासन व्यवस्थाओं के यह गुण अधिकांशतः सैद्धान्तिक ही रह जाते हैं। व्यवहार में इनकी उपलब्धि असम्भव नहीं तो कठिन अवश्य है। केवल अवसर या वातावरण ही काफी नहीं होता है। फिर यह प्रश्न उठता है कि क्या व्यवहार में समानता, न्याय तथा जन–सहभागिता की लोकतंत्र में व्यवस्था हो पाती है? इस सम्बन्ध में यही कहा जा सकता है कि इसमें लोकतंत्र व्यवस्था का कोई दोष नहीं है। अगर कोई सैद्धान्तिक व्यवस्था व्यावहारिक नहीं बन पाती है तो दोष उन व्यक्तियों का है जो उसे क्रियान्वित करते हैं न कि उस व्यवस्था का। लोकतंत्र के लाभ व्यवहार में प्राप्त हो सकें इसके लिए नागरिकों का ईमानदार, कर्त्तव्यपरायण व समझदार होना ही पर्याप्त नहीं होता है। इसके लिए आर्थिक विषमताओं का अभाव, सामाजिक समानता, राजनीतिक स्वतंत्रता तथा सहिष्णुता का होना भी अनिवार्य है।

2.2.5 प्रजातंत्रात्मक व्यवस्था के दोष :

लोकतंत्र प्रणाली को कार्यरूप देने में व्यावहारिक कठिनाइयों के कारण कुछ विचारक केवल इसके विपक्ष को ही सबल मानते हैं। इन व्यावहारिक कठिनाइयों के कारण लोकतंत्र की कड़ी आलोचना की जाती रही है। कुछ विद्वान तो यहां तक कहने लगे हैं कि लोकतंत्र का अब कोई उपयोग नही रहा है क्योंकि अब कहीं भी सच्चे अर्थ में लोकतान्त्रिक व्यवस्था नहीं पाई जाती है। यह सही है कि सैद्धान्तिक श्रेष्ठता के बावजूद लोकतंत्र का क्रियान्वयन कई दोषों का सृजन कर देता है। लॉर्ड ब्राइस ने इसके निम्नलिखित दोष बतलाए हैं–

(1) शासन–व्यवस्था या विधान को विकृत करने में धन–बल का प्रयोग।

(2) राजनीति को कमाई का पेशा बनाने की ओर झुकाव।

(3) शासन–व्यवस्था में अनावश्यक व्यय।

(4) समानता के सिद्धान्त का अपव्यय और प्रशासकीय पटुता या योग्यता के उचित मूल्य का न आंका जाना।

(5) दलबन्दी या दल संगठन पर अत्यधिक बल।

(6) विधान सभाओं के सदस्यों तथा राजनीतिक अधिकारियों द्वारा कानून पास कराते समय वोटों को दृष्टि में रखना और समुचित व्यवस्था के भंग को सहन करना।

लोकतंत्र की सैद्धान्तिक व्यवस्था को व्यावहारिक रूप देने में आने वाली कठिनाईयों के कारण ही प्लेटो और अरस्तू ने इस प्रणाली को शासन का विकृत रूप बतलाया था। कोई भी विचार सैद्धान्तिक श्रेष्ठता के कारण ही व्यवहार में श्रेष्ठतर नहीं रह जाता है। लोकतंत्र की अव्यावहारिकता के कारण ही आलोचक यह कहते हैं कि लोकतंत्र के सिद्धान्त अत्यधिक आदर्शवादी और कल्पनावादी हैं। व्यवहार में लोकतंत्र शासन कार्य का भार सम्पूर्ण जनता पर आधारित करके 'निर्धनतम, अनभिज्ञतम तथा अयोग्यतम लोगों का शासन' हो जाता है, क्योंकि आम जनता शासन की पेचीदगियों से अनभिज्ञ ही नहीं होती है वरन शासन करने के योग्य भी नहीं होती है। लोकतंत्र व्यवस्था की यही सबसे बड़ी विडम्बना है कि इसमें योग्यतम व्यक्ति–अभिजन वर्ग, जो शासन शक्ति के क्रियान्वयन में सक्रिय होते हैं, अयोग्यतम व्यक्ति–जनसाधारण, द्वारा नियंत्रित किये जाते हैं। अगर वह नियंत्रण व्यवहार में प्रभावी हो जाता है तो लोकतंत्र सही अर्थो में भीड़तंत्र बन जाता है। अतः दोष लोकतंत्र व्यवस्था में नहीं, इस व्यवस्था को क्रियान्वित करने में सम्मिलित शासनकर्ताओं और शासितों में होते हैं। वस्तुतः व्यवहार में लोकतंत्र में यह दोष इसलिए आ जाते हैं कि उसे व्यवहार में लाने वाले लोग अपने को उस स्तर का नहीं रख पाते हैं, जिस स्तर की लोकतंत्र की सफलता के लिए आवश्यकता होती है। परन्तु लोकतंत्र के आलोचकों को एक बात तो माननी ही होगी कि इस प्रणाली के इन दोषों के बावजूद यह प्रणाली अन्य सभी प्रणालियों से श्रेष्ठतर है। यही कारण है कि दुनिया के अनेक राज्यों में लोकतंत्र व्यवस्था को कुछ महत्त्वाकांक्षी राजनेताओं द्वारा उखाड़ फेंकने के बाद भी इसकी स्थापना के फिर प्रयत्न होते रहे हैं। अनेक समाजों में नागरिकता क्रान्ति तक का सहारा लेकर पुनः लोकतान्त्रिक शासन स्थापित करते रहे हैं। लोकतंत्र के आलोचक इस बात से भी इनकार नहीं कर सकते कि सभी दोषों के होने पर भी शायद लोकतान्त्रिक व्यवस्था ही मानव की गरिमा, उसके व्यक्तित्व के सम्मान और शासन कार्य में उसकी सहभागिता सम्भव बनाने का श्रेष्ठतम साधन है। यह केवल शासन का ही रूप नहीं, यह जीवन का ढंग है। इसमें व्यक्ति की सम्पूर्णता का आशय निहित है। यह व्यक्ति जीवन के विभिन्न पहलुओं को अलग–अलग करके नहीं, सम्मिलित रूप से विकसित होने का अवसर प्रदान करने वाली व्यवस्था है। लोकतंत्र की श्रेष्ठता का संकेत मिल के इस निष्कर्ष से मिलता है जिसमें उसने कहा है कि 'लोकतंत्र के विरोध में दी जाने वाली युक्तियों में जो कुछ सुधार प्रतीत हुआ, उसको पूरा महत्व देते हुए भी मैंने सहर्ष उसके पक्ष में ही निश्चय किया।'

2.3 समग्रवादी व्यवस्था :

समग्रवादी व्यवस्था लक्ष्यों, साधनों एवं नीतियों के दृष्टिकोण से प्रजातांत्रिक व्यवस्था के बिल्कुल विपरीत होता है। यह एक तानाशाह या शक्तिशाली समूह की इच्छाओं एवं संकल्पनाओं पर आधारित होता है। इसमें राजनैतिक शक्ति का केन्द्रीकरण होता है अर्थात् राजनैतिक शक्ति एक व्यक्ति, समूह या दल के हाथ में होती है। ये आर्थिक क्रियाओं का सम्पूर्ण नियंत्रण करता है। इसमें एक सर्वशक्तिशाली केन्द्र से सम्पूर्ण व्यवस्था को नियंत्रित किया जाता है। इसमें सांस्कृतिक विभिन्नता को समाप्त कर दिया जाता है और सम्पूर्ण समाज को सामान्य संस्कृति के अधीन करने का प्रयत्न किया जाता है ऐसा प्रयत्न वास्तव में दृष्टिकोणों की विभिन्नता की समाप्ति के लिये किया जाता है और ऐसा करके केन्द्र द्वारा दिये जाने वाले आदेशों और आज्ञाओं के पालन में पड़ने वाली रूकावटों को दूर करने का प्रयत्न किया जाता है। समग्रवादी व्यवस्था का सम्बन्ध एक सर्वशक्तिशाली राज्य से है। इसमें पूर्ण या समग्र को वास्तविक मानकर इसके हितों की पूर्ति के लिये आयोजन किया जाता है। किन वस्तुओं का उत्पादन किया जाएगा, कब, कहाँ, कैसे और किनके द्वारा किया जायेगा और कौन लोग इसमें लाभान्वित होगें, इसका निश्चय मात्र एक राजनैतिक दल, समूह या व्यक्ति द्वारा किया जाता है। इसमें व्यक्तिगत साहस व क्रिया के लिये स्थान

नहीं होता है। सम्पूर्ण सम्पत्ति व उत्पादन के समस्त साधनों पर राज्य का अधिकार होता है। इस व्यवस्था में दबाव का तत्व विशेष स्थान रखता है। इसके दो प्रमुख रूप रहे है जो निम्नलिखि है–

(1) अधिनायकतंत्र

(2) साम्यवादी तंत्र

2.3.1. अधिनायकतंत्र : अर्थ व परिभाषा :

आधुनिक युग को 'लोकतंत्र का युग' कहा जाता है। परन्तु शायद सत्य बात है कि यह युग अधिनायकतंत्र' का युग बनता जा रहा है। यद्यपि हमने लोकतंत्र का मूल्यांकन करते समय यह निष्कर्ष निकाला है कि सुदूर भविष्य में लोकतंत्र व्यवस्थाएं ही लोकप्रिय होंगी, फिर भी आज दुनिया के अनेक राज्य लोकतंत्र शासन प्रतिमान के प्रतिकूल तानाशाही व्यवस्था में जकड़े हुए दिखाई देते हैं। लेटिन अमरीका, अफ्रीका व एशिया के अनेक राज्यों में आजकल निरंकुश व्यवस्थाओं का ही बोलबाला है। इन महाद्वीपों में जहां–जहां लोकतंत्र व्यवस्थाएं दिखाई पड़ती हैं पर उनमें भी निरंकुशता के बीज जमते जा रहे लगते हैं। लोकतंत्र व्यवस्था के समान अधिनायकतंत्र के भी कई अर्थ व रूप पाए जाते हैं। संक्षेप में इसके अर्थ, उद्देश्य व लक्षणों का विवेचना की जा रही है।

अधिनायकतंत्र किसी न किसी रूप में हमेशा बना रहा है, परन्तु प्राचीन समय में इसका अर्थ आजकल के अर्थ से पूर्णतया भिन्न था। स्पष्टता के लिए हम अधिनायकतंत्र के प्राचीन व अर्वाचीन अर्थो का पृथक–पृथक विवेचन कर रहे हैं।

(क) <u>अधिनायकतंत्र का प्राचीन अर्थ</u> : प्राचीन समय में अधिनायकतंत्र व्यवस्था को दुर्भाव की दृष्टि से नहीं देखा जाता था। ऐसी व्यवस्था या तो विशेष संकटों का सफलता से मुकाबला करने के लिए या लोक कल्याण के लक्ष्यों को शीघ्रता से प्राप्त करने के लिए अपनाई जाती थी। रोमन साम्राजय में संकट के समय व कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए कभी–कभी विशेष अधिकारियों की नियुक्ति की जाती थी। संकट का सामना करने के लिए इन अधिकारियों को विशिष्ट शक्तियां दी जाती थीं और इन्हें 'अधिनायक' कहा जाता था। इन्हें अधिनायक के नाम से इसलिए पुकारा जाता था क्योंकि उन्हें आदेश देने की असीम शक्तियां प्राप्त रहती थीं। इस प्रकार, मूल रूप में अधिनायक शब्द का अर्थ आदेश देने वाला है। रोम में अधिनायक को संकट का सामना करने के लिए ही सर्वोच्च शक्तियां सौंपी जाती थीं। संकट समाप्त होने पर अधिनायक का पद भी समाप्त हो जाता था। अतः रोमन में अधिनायकतंत्र केवल एक अस्थाई प्रयोग हुआ करता था। अधिनायक का कानूनी विधि से चुनाव होता था तथा वह अत्याचारी न बन जाये इसके लिए उस पर कानूनी रोक व्यवस्थाएं लागू रहती थीं। उसके लिए यह आवश्यक था कि वह अपनी शक्ति के प्रयोग को 'स्थायी अधिकार शक्ति' की जांच के लिए प्रस्तुत करेगा।

अधिनायकतंत्र का इस अर्थ में प्रयोग पिछली शताब्दी के मध्य तक प्रचलित माना जा सकता है। एमिलिया के शासक फेरिनि ने 1859 में एवं सिसली के शासक गेरिबाल्डी ने 1860 में अपने को इसी प्रकार का अधिनायक घोषित किया था, परन्तु उनके अधिनायक बनने का उद्देश्य अपने देश में जन–कल्याण करना था। कार्ल मार्क्स ने भी सर्वहारा वर्ग के अधिनायकतंत्र का प्रतिपादन करते समय इसका यही अर्थ लिया था। इस प्रकार के अधिनायकतंत्र के कुछ लक्षणों का उल्लेख' इसे आजकल के नये अधिनायकतंत्र से भिन्न करने के लिए आवश्यक है। प्राचीन अधिनायकतंत्र में निम्नलिखित लक्षण प्रमुख माने जा सकते हैं–

(1) अधिनायक विधियों द्वारा सीमित रहता था।

(2) लोक कल्याण का लक्ष्य सर्वोपरि रहता था।

(3) अधिनायक को वैधता प्राप्त रहती थी।

(4) अधिनायक उत्तरदायी होता था।

(5) अधिनायक का पद अस्थायी भी हो सकता था।

(6) समस्त शक्तियां अधिनायक में निहित रहती थीं।

उपरोक्त लक्षणों के संबंध में यह बात ध्यान रखनी है कि अधिनायकतंत्र व्यवस्थाएं विधि द्वारा संचालित व्यवस्थाएं होती थीं तथा शासन शक्ति का प्रयोग जन–कल्याण के लिए किया जाता था। ऐसी व्यवस्थाओं में अधिनायकों का उत्तरदायित्व व वैधता इस रूप में रहती थी कि जनमत उनके अनुकूल रहता था। सामान्यतया जनता का अधिकांश भाग उनके अधिकारों के प्रयोग में सहायक व समर्थक होता था। शासन सही अर्थो में जनता के लिए ही होता था।

(ख) <u>अधिनायकतंत्र का अर्वाचीन अथ</u> : आधुनिक समय में 'अधिनायकतंत्र' का अर्थ पूरी तरह बदल गया है। आजकल इससे स्वेच्छाचारी व अत्याचारी शासन का बोध होता है। इसमें राजसत्ता एक व्यक्ति में निहित होती है और शासन सत्ताधारी व्यक्ति की इच्छानुसार ही चलता है। ऐसे अधिनायक पर किसी प्रकार का अंकुश या प्रतिबंध नहीं होता है। आधुनिक अधिनायकों को राष्ट्रीय संकट के समय नहीं चुना जाता है वरन वे तो प्रायः आकस्मिक राज्यक्रान्ति के फलस्वरूप शक्ति प्राप्त कर लेते है। उनके राजनीतिक अधिकार शक्ति का आधार, बल प्रयोग होता है। वे उसी समय तक शक्ति में बने रहते हैं, जब तक बल प्रयोग उन्हें अधिनायक बनाए रखने में सहायक रहता है। वे किसी के प्रति उत्तरदायी नहीं होते। अधिनायकतंत्र में राज्य की सम्पूर्ण शक्ति एक ही व्यक्ति में निहित होती है जो स्वयं को राज्य का मूर्त रूप समझता है।

आधुनिक अधिनायकतंत्र के दो मत माने जाते हैं। साम्यवादी शासन व्यवस्थाओं के उदय ने एकदलीय व्यवस्थाओं की स्थापना की है। इससे एक दल, जो वस्तुतः एक विचाराधारा से अनुप्राणित होता हे, सत्ता का एकाधिकार रखता है तथा दल का सर्वोच्च नेता, दल के समर्थन के द्वारा एक तरह से अधिनायक की तरह शक्ति प्रयोग करता है। इस प्रकार के अधिनायकतंत्र में शासक स्वेच्छाचारी व अत्याचारी नहीं होता है। जबकि वर्तमान में ऐसे शासक भी मिलते हैं जो सेवा के सहयोग से सत्ता में आते हैं और सत्ता में आने के बाद निरंकुश ढंग से शक्तियों का प्रयोग करते हैं। एलेन बाल ने आधुनिक अधिनायकतंत्र के दो रूप माने हैं। उसने एक को सर्वाधिकारी शासन तथा दूसरे को स्वेच्छाचारी शासन के नाम से सम्बोधित किया है। यहां इन दोनों के लक्षणों का विस्तार से विवेचन आवश्यक है–

(1) सर्वाधिकारी शासन मुख्य रूप से बीसवीं सदी में आधुनिक प्रौद्योगिकी तथा संचार में प्रगति होने के कारण अस्तित्व में आयें हैं। अधिकांश सर्वाधिकारी शासन आधुनिकीकरण तथा सुधार लाने के लिए कटिबद्ध क्रान्तिकारी शासन है। स्तालिन का रूस, हिटलर का जर्मनी व मुसोलिनी के समय में इटली इस प्रकार के शासन के उदाहरण हैं। इन तीनों उदाहरणों में एक लक्षण समान था। इस सब में एक व्यक्ति के नेतृत्व पर बल दिया गया था, पर 1945 से बाद की सर्वाधिकारी पद्धतियों में सामूहिक नेतृत्व ही पाया जाता है। यह व्यवस्था अब रूस व चीन के अलावा पूर्वी यूरोप के साम्यवादी राज्यों में पाई जाती है। सर्वाधिकारी शासन व्यवस्थाओं के लक्षणों का विवेचन एलेन बाल ने निम्न बिन्दुओं पर किया है–

(क) सिद्धान्ततः व्यक्तिगत तथा सामाजिक गतिविधि के सभी पहलुओं से सरकार राजनीतिक रूप से सम्बद्ध होती है।

(ख) एक ही दल राजनीतिक तथा कानूनी रूप से प्रभावी होता है। सारी राजनीतिक सक्रियता इसी के माध्यम से गुजरती है और प्रतियोगिता, नियुक्तियों तथा विरोध के लिए दल ही एक मात्र संस्थागत आधार प्रस्तुत करता है।

(ग) सैद्धान्तिक रूप से एक ही सुस्पष्ट विचाराधारा होती है जो उस व्यवस्था के अन्तर्गत सम्पूर्ण राजनीतिक सक्रियता का विनिमय करती है। वह शासन तथा जोड़–तोड़ करने का उपकरण होती है।

(घ) न्यायपालिका और जन–सम्पर्क के माध्यमों पर सरकार का कठोर नियंत्रण होता है और उदारवादी प्रजातंत्रों में परिभाषित नागरिक स्वतंत्रताएं कठोरतापूर्वक काट–छांट दी जाती है।

(ङ) यह शासन प्रजातंत्रीय आधार उपलब्ध करने के उद्देश्य से और शासन के लिए व्यापक जन–समर्थन प्राप्त करने के लिए जन–सक्रियता पर जोर देते हैं। जनता के भाग लेने तथा जनता की स्वीकृति से शासन का वैधीकरण हो जाता है।

उपरोक्त लक्षणों से यह स्पष्ट है कि सर्वाधिकारी शासन व्यवस्थाओं में विचारधारा का सर्वाधिक महत्व होता है तथा विचारधारा के क्रियान्वयन के लिए एकाधिकार युक्त एक राजनीतिक दल होता है। समस्त गतिविधियों का नियंत्रण व निर्देशन यही दल करता है। अतः सर्वाधिकारी शासन व्यवस्थाओं में एक विचारधारा का राजनीतिक दल, प्रतियोगिता का अभाव तथा पूर्णतया नियन्त्रित जीवन इसकी मुख्य विशेषताएं होती है।

(2) स्वेच्छाचारी शासन की सुस्पष्ट परिभाषा करना बहुत कठिन है, क्योंकि सामान्यतया ऐसे शासन अस्थायी होते हैं। यहां यह ध्यान देने की बात है कि उदारवादी व सर्वाधिकारी शासन व्यवस्थाओं में वर्गीकृत न होने वाले शासन स्वतः ही स्वेच्छाचारी शासनों की श्रेणी में सम्मिलित नहीं किए जा सकते हैं। इसी तरह, स्वेच्छाचारी शासन पद्धतियों को 'तीसरी दुनिया' या 'विकासशील राज्यों' का पर्याय नहीं मान लेना चाहिए। वैसे इन शासन व्यवस्थाओं में बचे हुए अधिकांश राज्य–उदारवादी व सर्वाधिकारी राज्यों को छोड़कर, सम्मिलित किये जा सकते हैं, क्योंकि इनमें लक्षणों की भिन्नता प्रकारात्मक न होकर केवल मात्रात्मक ही होती है। स्वेच्छाचारी शासन व्यवस्थाओं के निम्नलिखित लक्षण उल्लेखनीय हैं। एलेन बाल ने इनके निम्नलिखित लक्षण गिनाए हैं–

(क) मुख्य राजनीतिक प्रतियोगिता (यानी राजनीतिक दल और चुनाव) पर महत्वपूर्ण पाबन्दियां।

(ख) साम्यवाद या फासीवाद जैसी प्रभावी राजनीतिक विचारधारा का अभाव।

(ग) 'राजनीतिक' शब्द से सम्बोधित की जाने वाली बातों का सीमित क्षेत्र होता है क्योंकि इन शासन व्यवस्थाओं में सरकार आधुनिक प्रशासकीय तथा औद्योगिक विधियों के अभाव में सभी बातों को राजनीतिक रंग नहीं दे पाती।

(घ) राजनीतिक अनुरूपता तथा आज्ञाकारिता प्राप्त करने के लिए राजनीतिक सत्ताधारी बहुधा जोर जबर्दस्ती तथा बल प्रयोग पर अधिक बल देता है।

(च) नागरिक स्वतंत्रताओं की अनुमति बहुत कम दी जाती है और जन–सम्पर्क के माध्यमों तथा न्यायपालिका पर सरकार का सीधा नियंत्रण होता है।

(छ) शासक या तो परम्परागत दृष्टि से राजनीतिक श्रेष्ठजन हों या आधुनिक दृष्टिकोण वाले नये श्रेष्ठजन होते हैं। अक्सर सेना ही आकस्मिक राज–परिवर्तन या स्वतंत्रता के औपनिवेशिक युद्ध के फलस्वरूप सत्ता हथिया लेती है।

(ज) एक गुट का राजनीति पर एकाधिकारी नियंत्रण रहता है।

लक्षणों की उपरोक्त सूची पूर्ण नहीं कही जा सकती है। इस श्रेणी में सम्मिलित शासनों में इतनी विविधतायें हैं कि सभी लक्षणों को सूचीबद्ध करना अत्यधिक कठिन है। इस श्रेणी में परम्परागत शासक वर्गो वाले राज्य, जैसे– सउदी अरब, इथोपिया और नेपाल तथा सैनिक सरकारों वाले आधुनिकीकृत राज्य जैसे नाइजीरिया और असैनिक सरकारों वाले आधुनिकीकृत राज्य जैसे अलजीयिा या मिस्त्र–शामिल कर सकते हैं।

सर्वाधिकारी व स्वेच्छाचारी शासन व्यवस्थाओं में बहुत अंतर हैं। उपरोक्त विवेचन से यह अंतर स्पष्ट हो जाते हैं। इस तरह, अधिनायकतंत्र का अर्वाचीन रूप इसके प्राचीन रूप से बहुत कुछ भिन्न हो गया है। आधुनिक अधिनायकतंत्र व्यवस्थाओं में व्यक्ति की स्वतंत्रताओं पर प्रतिबंध व मनुष्य के जीवन का हर पहलू नियन्त्रित करने के कारण, इन व्यवस्थाओं के लक्षणों का विवेचन करना सरल हो जाता है। संक्षेप में यह इस प्रकार हैं।

2.3.2 अधिनायकतंत्र के लक्षण :

अधिनायकतंत्र के सर्वाधिकारी व स्वेच्छाचारी रूपों का विवेचन पहले किया गया है। इनके लक्षणों के अध्ययन से संकेत मिलता है कि दोनों व्यवस्थाओं में अंतरों के बावजूद मोटी समानताएं हैं। कुछ ऐसी विशेषताएं हैं जो अधिनायकतंत्र के दोनों प्रकारों में पाई जाती है। पीटर मर्कल ने अपनी पुस्तक **पोलिटिकल कन्टीन्यूविटी चेन्ज** में अधिनायकतंत्र की निम्नलिखित विशेषताओं की ओर ध्यान दिलाया है–(1) असाधारण सत्तायुक्त, अर्द्ध–देवतुल्य एक नेता। (2) सरकारी प्रशासन व समाज के समस्त संगठनों के नियन्त्रक के रूप में विशिष्ट ढंग से संगठित व भावात्मक समर्पणता वाला एक जनपंजी दल। (3) शिक्षा व्यवस्था तथा जन–सम्पर्क के सभी साधनों पर प्रचार का एकाधिकार। (4) आतंक तथा भयभीत करने की सुपरिष्कृत व्यवस्था।

सर्वाधिकारी व स्वेच्छाचारी शासन व्यवस्थाओं में गन्तव्यों, विचारधाराओं तथा आधुनिकीकरण में उनकी भूमिकाओं को लेकर बहुत कुछ असमानताएं होते हुए भी उनमें उपरोक्त विशेषताएं समान रूप से पाई जाती हैं। इनका संक्षेप में विवेचन करने से इन दोनों व्यवस्थाओं के समान लक्षणों को अच्छी तरह समझा जा सकता है।

(1) सामान्यतया निरंकुश व्यवस्थाओं से एक ऐसे अधिनायक का अर्थ लिया जाता है जो सर्वशक्तिमान हो। परन्तु इतिहास में एक भी ऐसा उदाहरण नहीं मिलता है जब किसी तानाशाह ने अकेले समस्त राज्य शक्तियों का प्रयोग किया हो। हिटलर, मुसोलिनी तथा स्तालिन के भी सलाहकार, समर्थक व सहयोगी रहे हैं। क्योंकि अधिनायकतंत्री व्यवस्था में नेता की सर्वोच्चता व असाधारण सत्ता का आधार दल का नेतृत्व होता है। इन व्यवस्थाओं में नेता या तो विचारधारा का प्रवर्तक होता है, या किसी प्रचलित विचारधारा का प्रमुख संशोधक होता है। वह विचारधारा का एक मात्र व्याख्याकार, रक्षक तथा क्रियान्वयन माना जाता है। अतः दल के सदस्यों के लिए जो दल की विचारधारा को पूर्णतया समर्पित होते हैं, वह नेता, देवतुल्य व श्रद्धा का पात्र बन जाता है तथा वही शक्ति परम व सर्वोच्च हो जाती है। यह नेता किसी के प्रति उत्तरदायी नहीं होता, किसी से भी आदेश प्राप्त नहीं करता तथा परिस्थितियों के बन्धनों से भी मुक्त रह सकता है। नेता की सत्ता को कोई चुनौती न दे पाए इसके लिए हर अधिनायक तीन साधनों का सहारा लेता है– (1) वह समय–समय पर दल में से सभी सम्भावित दुश्मनों व विरोधियों का बर्बरतम तरीकों का उपयोग करके सफाया करता रहता है। (2) अपने सभी सहयोगियों व अनुयायियों के दिलों में भय और आतंक फैलाये रखता है। (3) सत्ता संरचना को स्थिर नहीं होने देता है।

इस तरह, अधिनायकतंत्र में नेता की सर्वोच्चता तथा सत्ता बनाई रखी जा सके इसके लिए नेता उपरोक्त तीन विधियों में से दो विधियों का तो प्रयोग करते ही हैं परन्तु तीसरी विधि के माध्यम से वह उनको चुनौती देने की संस्थागत व्यवस्था को भी नहीं पनपने देते हैं। अधिनायकतंत्र में नेता को सबसे बड़ा खतरा ऐसी संस्थाओं की स्थापना या विकास है जो स्वयं निर्णय लेने लगें। ऐसी अवस्था नेता की सत्ता की क्षीणता का संकेत होती है जो अनिवार्यतः नेतृत्व में परिवर्तन करके रहती है। रूस में खुश्चेव तथा पाकिस्तान में अय्यूबखां के बाद क्रमशः ब्रेजनेव तथा याह्याखान का सत्ता में आना इसी आधार पर समझा जा सकता है।

(2) तानाशाही व्यवस्थाओं में चाहे उसका कोई रूप हो, एक एकाधिकारी राजनीतिक दल का दिखावा अवश्य पाया जाता है। यह राजनीतिक दल सम्पूर्ण जीवन का नियंत्रक होता है। सरकारी, सामाजिक तथा व्यक्तिगत जीवन ऐसे दल के नियंत्रण में रहता है। साम्यवादी व्यवस्थाओं में दल सही अर्थो में जनपुंजी होते हैं, पर स्वेच्छाचारी सैनिक या असैनिक तथा परम्परागत शासक वर्गो वाले राज्यों में भी सत्ता की वैधता के लिए दल का गठन किया जाता है। पाकिस्तान में राष्ट्रपति अय्यूबखां ने, बर्मा में जनरल नेविन (आजकल बर्मा के राष्ट्रपति) व नेपाल में सम्राट महेन्द्र ने इसी उद्देश्य की प्राप्ति के लिए दल का सहारा लिया था। ऐसे शासनों में अधिनायक, दल के नेता के रूप में पूजनीय बन जाता है।

(3) निरंकुश शासक अपनी सत्ता को स्थायी आधार उपलब्ध कराने के लिए शिक्षण व्यवस्थाओं के माध्यम से नेता के प्रति अगाध आस्था उत्पन्न कराने का प्रयास करता है। सम्पर्क के सभी साधनों का प्रयोग नेता की श्रेष्ठता के गुणगान करने में किया जाता है। जन–सम्पर्क के सभी साधनों पर कड़ी निगरानी रहती है तथा जनता को बार–बार आंतरिक एवं बाहरी दुश्मनों में संघर्ष करने के लिए सचेत रखा जाता है। सारा प्रचार केवल नेता के द्वारा बताये गये तथ्य को ही सही मानने के लिए होता है। अन्य किसी भी प्रकार का प्रचार यहां तक कि बाहर का रेडियो प्रसारण सुनना तक अपराध माना जाता है। दूसरे विश्वयुद्ध के समय तो जर्मनी में विदेशी रेडियो प्रसारण सुनने वालों को मौत की सजा देने का कानून तक लागू था। प्रसारणों के माध्यम से बार–बार विचारधाराओं से संबन्धित सिद्धान्तों को दोहराया जाता है जिससे लोगों के मस्तिष्कों पर इसकी अमिट छाप अंकित हो जाए तथा इससे आगे सोचने के लिए जनता के मस्तिष्कों पर ताले पड़ जाएं। इस तरह जन–सम्पर्क साधनों का एकाधिकार नेता की सत्ता को स्थायित्व प्रदान करने में प्रयुक्त किया जाता है।

(4) अधिनायकतंत्री व्यवस्थाओं को बनाए रखने के लिए नेताओं द्वारा आतंक तथा डर का साम्राज्य फैला दिया जाता है। इससे व्यक्ति इतना भयभीत बना दिया जाता है कि उसको हर वक्त अपना अस्तित्व खतरे में लगता है। इसके लिए बेबुनियादी प्रचार तक का सहारा लिया जाता है। निरंकुश व्यवस्थाओं में सरकार एक निरंतर चलने वाली क्रान्ति का प्रतीक होती है। इन व्यवस्थाओं में एक अत्यधिक महत्वाकांक्षी व सुनहरे भविष्य की प्राप्ति के लिए संघर्ष में कोई रूकावट नहीं आये इसके लिए सारा शासनतंत्र एक सूत्र में बांधकर रखा जाता है। इस प्रयत्न के विरोध में किसी भी प्रकार का प्रयत्न नहीं हो इसके लिए पहले ही आतंक फैलाये रखा जाता है। इसके लिए गुप्तचर विभागों को पूर्ण अधिकार तथा अप्रत्याशित शक्तियों से युक्त किया जाता है। ऐसी व्यवस्थाओं में **"रास्ते से हटने वालो"** को अनुनयन से समझाने के बजाय समाप्त किया जाता है।

अन्त मेंयह कहा जा सकता है कि आधुनिक अधिनायकतंत्र प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सैनिकवाद की उपज है। इसमें एक दल या नेता या सेना के झंडे के चारों ओर राष्ट्रीय आत्म–सम्मान, आशाओं और आकांक्षाओं की शक्ति इकट्ठी होती है। अधिनायकतंत्र आन्तरिक विरोध व संघर्ष को कठोरता से दबा देता है। वह इस तरह कार्य करता है जैसे कि वह राष्ट्रीय एकता की मूर्ति हो। अधिनायकतंत्र लोगों को एक

स्वर में गूंथने का प्रयत्न करता है। इसमें जनता के किसी विरोध का सहन नहीं किया जाता है। यह इसी बात में विश्वास करता है कि सम्पूर्ण राष्ट्र एक ही ढंग से सोचे, बोले व कार्य करें। अधिनायकतंत्र के अर्थ व विशेषताओं के विवेचन से यह स्पष्ट होता है कि इस शासन व्यवस्था में कुछ गुण हैं तो कुछ दोष भी है। इनका संक्षेप में विवेचन देना मूल्यांकन के लिए आवश्यक है। अतः इनका संक्षिप्त विवेचन किया जा रहा है।

2.3.3 अधिनायकतंत्र के गुण :

अधिनायकतंत्र व्यवस्था के व्यवहार में इतने लाभ हैं कि अनेक लोकतांत्रिक राज्यों में जनता लोकतंत्र में कुछ लोगों की मनमानी करने की स्वतंत्रता से ऊबकर अधिनायकतंत्र व्यवस्था की कामना करने लगती है। अगर अधिनायकतंत्र के उत्कर्ष के कारणों की खोज की जाए तो विदित होगा कि जिस–जिस देश में निराशा, अव्यवस्था, असंतोष तथा अभाव था वहीं अधिनायकतंत्र का उदय हुआ है। जिन देशों में लोकतंत्र व्यवस्था लोगों में निराशा तथा अभाव उत्पन्न करने वाली बनी, वहीं इस व्यवस्था की स्थापना हो गई। आज भी अनेक राज्यों में जनता अधिनायकतंत्र को अच्छा मानकर निरंकुश शासकों का पूर्ण समर्थन करती हुई दिखाई देती है। इससे यह स्पष्ट है कि अधिनायकतंत्र में कुछ ऐसे गुण हैं जो अन्य व्यवस्थाओं की सैद्धान्तिक श्रेष्ठता के बावजूद इस व्यवस्था को अपनाने के लिए प्रेरणा के जिम्मेदार हैं। संक्षेप में ऐसे शासन के निम्नलिखित लाभ हैं–

(1) अधिनायकतंत्र में शासन कुशलता होती है। सारी शासन शक्ति एक व्यक्ति में निहित होने के कारण, न केवल निर्णय शीघ्रता से लिए जा सकते है, वरन निर्णयों के क्रियान्वयन की भी सुव्यवस्था हो जाती है। अधिनायकतंत्री व्यवस्था में शासक से सभी भयभीत रहते हैं इस कारण वे कार्य में देरी या शिथिलता नहीं कर सकते हैं। निरंकुश शासक के प्रति सम्पूर्ण प्रशासन न केवल उत्तरदायी रहता है अपितु हर समय सतर्क, सचेत व सक्रिय भी रहता है। इससे शासन में कार्य–दक्षता आ जाती हैं।

(2) इस व्यवस्था का दूसरा गुण देश का तेजी से विकास है। देश में एक ही नेता, एक ही योजना तथा एक ही विकास लक्ष्य रहने से देश की सम्पूर्ण शक्ति इसी लक्ष्य के मार्ग को प्रशस्त करने में प्रयुक्त होती है। आर्थिक साधनों का समुचित विकास व उपयोग सम्भव होता है। देश के विकास के लिए एकता, शान्ति व व्यवस्था की आवश्यकता होती है। अधिनायकतंत्र में इनकी ठोस व्यवस्था रहने के कारण देश के सारे साधन विकास में लगाए जा सकते हैं।

(3) देश में एकता की स्थापना में अधिनायकतंत्र बहुत सहायक रहता है। विभिन्न दलों तथा विरोधियों का दमन करके देश में एक दल व एक नेता का शासन स्थापित होने के कारण सारी जनता इसके प्रति वफादार हो जाती है। नेता के चारों तरफ, सारी व्यवस्थाएं गुंथ जाती हैं तथा देश एक ठोस एकता के सूत्र में बंध जाता है। दल या नेता एकता में बांधने का साधन हो जाता है और उसी में सबको अपनत्व का आभास होने लगता है। हिटलर व मुसोलिनी इसी तरह जर्मनी व इटली को एक करने में सफल रहे थे।

(4) राष्ट्रीयता की भावना जाग्रत करने में सहायक है। देश के नागरिकों को पारस्परिकता में बांधने के लिए एक विचारधारा, एक दल व एक नेता का होना पर्याप्त होता हैं। सभी नागरिक बन्धुत्व की भावना से अनुप्राणित रहते हैं। एक राष्ट्र का नारा, एक ही झंडे के नीचे सबको खड़ा कर देता है। देश भक्ति का इतना प्राबल्य होता है कि नागरिक अपने देश तथा नेता के लिए बलिदान तक करने के लिए तैयार हो जाते हैं।

(5) संकट काल में तानाशाही व्यवस्था सर्वोत्तम रहती है। इसमें संकट का सामना करने के लिए सभी निर्णय व आदर्श एक व्यक्ति द्वारा दिये जाने के कारण, आदेशों की एकता रहती है। इससे समय पर उचित कार्यवाही करना सरल हो जाता है। युद्धकालीन संकट में तो यही व्यवस्था विजय दिलाती है।

(6) अधिनायकतंत्र व्यवस्था में देश का बहुमुखी विकास होता है। आर्थिक क्षेत्र में भी तेजी से विकास की व्यवस्था होती है। एकता, अनुशासन व कर्तव्य–परायणता के कारण विकास की श्रेष्ठ व्यवस्था हो जाती है। रूस, जर्मनी, चीन, इटली, टर्की और स्पेन का अभी तक इतिहास इस बात का साक्षी है। जेक्सन ने अपनी पुस्तक 'यूरोप सिन्स दी वॉर' में ठीक ही लिखा है– "स्पेनवासियों के इतिहास में यह पहला अवसर है जबकि रेलें समय पर चली हैं। अधिनायक के अधीन व्यापार और उद्योग समृद्ध हुए हैं। कृषि फलीफूली है। श्रम संकट दूर हो गए हैं।" भारत में कुछ अंशों में अधिनायकवादी कदमों ने देश का हाल ही में काया–पलट कर दिया है।

(7) कुछ विद्वान अधिनायकतंत्र को मानव–स्वभाव के अनुकूल भी मानते हैं। इसके पक्ष में उनका कहना है कि मनुष्य में स्वभावतः अपने हितों की रक्षा की इच्छा अवश्य होती है। वह अपनी रक्षा चाहता है चाहे यह किसी के द्वारा की जाय। अपनी समस्याओं का समाधान चाहता है। आम जनता को इससे कोई मतलब नहीं होता है कि उसकी रक्षा व्यवस्था कौर करता है? वह तो सुरक्षा चाहती है, अपने हितों की पूर्ति चाहती है। अधिनायकतंत्र में ऐसा सम्भव होने के कारण यह मानव स्वभाव के अनुकूल व्यवस्था भी मानी जाती है।

(8) विकासशील राज्यों के लिए राजनीतिक और आर्थिक विकास की संक्रमणकालीन परिस्थितियों में भी अधिनायकतंत्र उपयोगी माना गया है। विकासशील राज्यों में जनइच्छा की अनुशासित अभिव्यक्ति की समस्या अत्यन्त प्रबल रही है। विकास के विभिन्न चरणों को पार करने के प्रयास में नवोदित राष्ट्र जन आकांक्षाओं को जागृत तो कर देते हैं, परन्तु जन आकांक्षाएं जितनी तेजी से जागृत होती हैं, उतनी तेजी से वे उनकी पूर्ति नहीं कर पाते हैं। इसके कारण राज्य व्यवस्था पर तनाव बढ़ते हैं एवं उसके टूटने का डर रहता है। ऐसी स्थिति में राजनीतिक अनुशासन बनाए रखने के लिए अधिनायकतंत्र अधिक उपयोगी हो सकता है। हण्टिंगटन ने ठीक ही कहा है कि 'नवोदित राष्ट्रों में प्रथम कार्य राजनीतिक सहभाग, शिक्षा आदि की वृद्धि के स्थान पर मूलभूत, संस्थात्मक ढांचे का निर्माण होना चाहिए तथा इसके लिए एकदलीय शासन या सैनिक अधिनायकतंत्र भी उपयुक्त हो सकता है।'

2.3.4. अधिनायकतंत्र के दोष :

अधिनायकतंत्र में गुणों के होते हुए भी इस प्रणाली का किसी भी देश में लम्बी अवधि तक प्रचलन नहीं रह पाता है। इतिहास ऐसे प्रमाणों से भरा पड़ा हैं। जहां कहीं भी अधिनायकतंत्र स्थापित होता है वहीं पर एक स्थिति ऐसी आती है जब जनता सत्ता सम्पन्न सर्वोच्च शासक को उखाड़ फेंकने के लिए हिंसात्मक क्रान्ति तक का सहारा लेने में नहीं हिचकिचाती है। इससे स्पष्ट है कि इस व्यवस्था में कुछ कमियां अवश्य पाई जाती हैं। संक्षेप में इस प्रणाली के दोष इस प्रकार हैं–

(1) इस व्यवस्था में व्यक्ति के व्यक्तित्व का सम्मान नहीं होने के कारण व्यक्ति को सब कुछ सुविधाएं होते हुए भी उसे अपने व्यक्तित्व को अपनी इच्छानुसार विकसित करने का वातावरण नहीं मिल पाता है तथा वह अपने जीवन को अपूर्ण ही रखने पर मजबूर हो जाता है। व्यक्ति को किसी भी प्रकार स्वतंत्रता नहीं रहती है। इससे उसका व्यक्तित्व दबकर रह जाता है। तानाशाही व्यवस्था में मौलिक अधिकारों एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता को कोई महत्व नहीं दिया जाता है। अतः तानाशाही व्यवस्था का सबसे बड़ा दुर्गुण व्यक्ति के व्यक्तित्व के दमन का वातावरण बनाना है।

(2) अधिनायकतंत्र शासन व्यवस्था में अत्याचार और अनाचार का बोलबाला रहता है। अधिनायक अपनी सत्ता को बना रखने के लि आतंक फैला रखता है। विरोधियों का बर्बर तरीकों से सफाया कर दिया जाता है। इससे मानव भयग्रस्त होकर जेल के सीखचों में बन्द सा हो जाता है। देश हित में कही गई बात भी अगर तानाशाह की इच्छा के प्रतिकूल है तो उसको ठुकरा दिया जाता है तथा उसके विरूद्ध बात कहने वाले को देशविद्रोही कहकर मौत के घाट उतार दिया जाता है।

(3) तानाशाही व्यवस्था देश के लि अहितकर होती है। इस व्यवस्था में निर्णय एक व्यक्ति लेता है जो किसी भी प्रकार का विरोध या सुझाव स्वीकार नहीं करता है। इससे तानाशाह द्वारा लिये गये गलत निर्णयों का अहितकर प्रभाव सारी प्रजा को भुगतना पड़ता है। अधिनायक का हर निर्देश लोगों को मानना पड़ता है, चाहे वह निर्देश राष्ट्रीय हित में हो अथवा नहीं हो। इस प्रकार तानाशाही व्यवस्था में राष्ट्रीय हितों का समुचित संरक्षण नहीं रहता है।

(4) अधिनायकतंत्र में साधारण व्यक्तियों में आत्म–निर्भरता, क्रियाशीलता तथा स्वतंत्रता की भावना का पूर्णतः लोप हो जाता है, क्योंकि उन्हें बोलने अथवा विचारने आदि की किसी प्रकार की स्वतंत्रता नहीं रहती है। इस व्यवस्था में व्यक्ति का तन, धन और यहां तक कि मन भी अधिनायक के लिए हो जाता है और उसे अधिनायक जिधर हांके उधर ही चलने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

अधिनायकतंत्र के गुण और दोष के विवेचन से स्पष्ट है कि यह व्यवस्था मनुष्य को मनुष्य नहीं बनाती तथा उसे मनुष्य के रूप में रहने भी नहीं देती है। इसमें मानव का व्यक्तित्व दबकर रह जाता है। उसकी सारी भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति के उपरान्त भी उसको कुछ कमी सी महसूस होती है। उसका जीवन कैदी का सा हो जाता है। इसलिए ही अधिनायकतंत्र के अनेक लाभों के होते हुए भी कोई व्यक्ति इस व्यवस्था के अन्तर्गत रहना पसंद नहीं करता है। इस शासन में व्यक्ति के लिए सब कुछ रहता है परन्तु फिर भी उसको ऐसी व्यवस्था में घुटन होने लगती है, क्योंकि व्यक्ति केवल रोटी के लिये ही जीवित नही रहता है। वह इसके अलावा भी बहुत कुछ पाना व करना चाहता है जो केवल सोचने–विचारने तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के वातावरण में ही सम्भव होता है। अतः अधिनायकतंत्र सभी आकर्षणों के बावजूद भी तनाव मस्तिष्क की भूख मिटाने के साधनों पर रोक लगाने वाला होने के कारण जन साधारण द्वारा अमान्य ही रहता है। इस शासन के गुण–दोषों के विवेचन के बाद इसके भविष्य के बारे में संकेत देना सरल हो जाता है। अतः हम इसके भविष्य की संक्षिप्त चर्चा करना प्रासंगिक मान सकते हैं।

2.3.5. साम्यवादी दृष्टिकोण का अर्थ :

लोकतंत्र का साम्यवादी दृष्टिकोण वर्तमान शताब्दी में ही महत्वपूर्ण बना है। साम्यवादियों ने लोकतंत्र को नये अर्थो में ग्रहण किया है। सोवियत रूस तथा चीन के शासनों को जनवादी लोकतंत्र कहा जाता है। इन शासनों का मुख्य आधार मार्क्स के विचारों पर आधारित साम्यवाद है, जिसके अनुसार उदार लोकतंत्रों की शासन व्यवस्था लोकतंत्र का केवल दिखावा है। साम्यवादी दृष्टिकोण के समर्थकों का कहना है कि पश्चिमी लोकतंत्रों में शासन पर केवल साधन सम्पन्न वर्ग का नियंत्रण होने के कारण शासनतंत्र का प्रयोग इसी वर्ग के हितों के पोषण के लिए किया जाता है। अतः उनकी मान्यता है कि साधन सम्पन्न वर्ग के साधन के रूप में शासन व्यवस्था का प्रयोग जिस राज्य में होता है उसको लोकतान्त्रिक नहीं कहा जा सकता। साम्यवादी मानते हैं कि लोकतान्त्रिक व्यवस्था तो केवल उस शासनतंत्र को कहा जाना चाहिए जहां इसका प्रयोग एक ऐसे समाज के हित साधन के लिए हो वर्ग रहित हो। इसके लिए, उनके द्वारा प्रतिपादित लोकतंत्रीय शासन की स्थापना आवश्यक है तथा वही उनके मतानुसार सच्चा लोकतंत्र है,

क्योंकि ऐसी दशा में सर्वहारा वर्ग के नेतृत्व में जब यह शासक वर्ग समाप्त कर दिया जाता है, तो शोषण के साधन के रूप में राज्य का अन्त हो जाता है और सच्चे जनतंत्र का उदय होता है।

साम्यवादी 'सरकार व शक्ति' का भिन्न अर्थ करते हैं। यहां शक्ति से तात्पर्य राजनीतिक शक्ति से है। उनके अनुसार सरकार पूंजीपतियों के हाथ की कठपुतली है, जो 'धनिक वर्ग' की 'गरीब वर्गो' से रक्षा का ही कार्य करती है। उनके अनुसार राजनीतिक शक्ति का आधार आर्थिक शक्ति है। जिनके हाथ में आर्थिक शक्ति होती है उसी के हाथ में राजनीतिक शक्ति भी आ जाती है। इसलिए उदार लोकतान्त्रिक व्यवस्थाओं में पूंजीपति ही राजनीतिक शक्ति के धारक व संचालक होते हैं। उत्पादन के प्रमुख साधन व आर्थिक शक्ति, पूंजीवादी व्यवस्था में केवल कुछ लोगों के हाथ में रहती है, जो इसका प्रयोग अपने ही हितों की रक्षा और धन की वृद्धि में करते हैं। अतः साम्यवादी यह मानते हैं कि पश्चिमी लोकतान्त्रिक व्यवस्थाओं में राजनीतिक शक्तियों का प्रयोग तथा मौलिक अधिकारों के रूप में उपलब्ध सुविधाओं का उपयोग, जनसाधारण नहीं, केवल धनिक वर्ग ही करता है। यह लोकतंत्र की मात्र औपचारिकता है, क्योंकि आर्थिक शक्ति युक्त वर्ग, सम्पूर्ण राजनीतिक तंत्र का संचालक व नियंत्रक होता है। अतः उदारवादी लोकतंत्र कुछ के लिए ही अर्थ रखता है। जनसाधारण राजनीतिक प्रक्रिया में सहभागी होने के सैद्धान्तिक अवसरों से बढ़कर व्यवहार में कुछ नहीं रखते हैं। साम्यवादियों के अनुसार सच्चा लोकतंत्र तभी स्थापित हो सकता है जब आर्थिक शक्ति भी सम्पूर्ण समाज में निहित हो जिससे राजनीतिक शक्ति भी सम्पूर्ण समाज में निहित हो जाय तथा शासनतंत्र सबका, सबके लिए तथा सबके द्वारा संचालित हो सके। इसके लिए साम्यवादी इन संस्थागत व्यवस्थाओं को लोकतंत्र की पूर्व शर्तो के रूप में स्थापित करने को महत्वपूर्ण मानते हैं– (1) उत्पादन तथा वितरण के साधनों पर सार्वजनिक स्वामित्व; (2) सम्पत्ति का समान वितरण; (3) साम्यवादी दल का एकाधिकार।

(1) साम्यवादी विचारधारा की आधारभूत मान्यता है कि उत्पादन व वितरण के साधनों पर व्यक्तिगत स्वामित्व, आर्थिक शक्तियों को अन्ततः कुछ व्यक्तियों में केन्द्रित कर देता है। आर्थिक शक्ति के इस प्रकार के केन्द्रण से वर्ग–संघर्ष उत्पन्न होता है। इससे आर्थिक शक्ति युक्त वर्ग, इस शक्ति से रहित वर्ग का दमन व शोषण करने लगता है। राजनीतिक शक्ति भी इन्हीं के हाथों में केन्द्रित होने के कारण, समाज के बहुसंख्यक नागरिक अपनी राजनीतिक मान्यताओं, आदर्शो व मूल्यों के स्थान पर पूंजीपतियों द्वारा आरोपित आदर्शो व मूल्यों को मानने व अपनाने के लि मजबूर हो जाते हैं। ऐसी व्यवस्था को साम्यवादी लोकतान्त्रिक नहीं मानते हैं। इसलिये उनका कहना है कि लोकतंत्र को वास्तव में व्यावहारिक बनाने के लिए, लोकतंत्र की मान्यताओं के प्रकाशन के रास्ते में आने वाली रूकावटें दूर की जानी चाहिये। उनकी धारणा है कि यह रूकावटें उत्पादन व वितरण के साधनों पर सार्वजनिक स्वामित्व की व्यवस्था करने पर ही दूर हो सकती हैं। अतः साम्यवाद की मान्यता में लोकतंत्र तब तक व्यावहारिक नहीं बन सकता है जब तक उत्पादन व वितरण के साधनों का स्वामित्व सम्पूर्ण समाज में निहित नहीं होता है।

(2) उत्पादन व वितरण के साधनों का सामाजिक स्वामित्व सम्पत्ति के समान वितरण की व्यवस्था अनिवार्य बना देता है। सम्पत्ति का बराबर वितरण होने से, सम्पत्ति संघर्ष का कारण नहीं बनता है, और समाज में असमानता को जन्म नहीं दे पाती है। आर्थिक साधनों का सम्पूर्ण समाज में निहित होना, समाज को उन बन्धनों से मुक्त करता है, जो लोकतंत्र की मान्यताओं की उपलब्धि में रूकावटें डालते हैं। आर्थिक दृष्टि से ऐसे समानता वाले समाज में ही लोकतंत्र व्यावहारिक बनता है।

(3) साम्यवादी यह मानते हैं कि आर्थिक समानता वाले समाज में कोई वर्ग या अलग–अलग हित नहीं होते हैं। इसलिए वर्गो के विशिष्ट हितों का प्रतिनिधित्व व सुरक्षा करने के लिए अनेक राजनीतिक दल बनने की परिस्थितियां नहीं होती हैं। उनका कहना है कि वर्ग–विहीन समाज में राजनीतिक दलों की

आवश्यकता ही नहीं रह जाती है। यही कारण है कि साम्यवाद, राजनीतिक दलों की अनेकता स्वीकार नहीं करता। परन्तु जन लोकतान्त्रिक व्यवस्था के मूल्यों की प्राप्ति के लिए समाज का नेतृत्व व निर्देशन होना आवश्यक है। जिससे समाज के सम्पूर्ण साधनों व शक्तियों में समन्वय रखा जा सके और साध्यों की पूर्ति की सुव्यवस्था की जा सके। इसके लिए सम्पूर्ण जनता के दल (साम्यवादी) की आवश्यकता होती है जिसे समाज के लिए राजनीतिक शक्तियों के प्रयोग, निर्देशन व नियंत्रण का एकाधिकार प्राप्त हो। यह साम्यवादी दल सबका सच्चा प्रतिनिधित्व करता है और सबके हित में राजनीतिक शक्तियों का प्रयोग सम्भव बनाता है। ऐसा दल शोषण व दमन का प्रतीक नहीं होता है, वरन सार्वजनिक हित की साधना का साधन रहता है। ऐसी व्यवस्था वाला समाज ही लोकतान्त्रिक कहा जा सकता है।

साम्यवादी जगत में उन सभी 'औपचारिक संस्थाओं' को, जो उदार लोकतान्त्रिक व्यवस्था वाले राज्यों में पाई जाती हैं, संविधान में अपनाया जाता है। जैसे संविधान को लिखित, अचल व 'सर्वोच्च' बनाया जाता है। राजनीतिक शक्तियों का विभाजन व पृथक्करण पाया जाता है। नागरिकों को मौलिक अधिकार संविधान द्वारा प्रदान किये जाते हैं और सरकार का निरंतर उत्तरदायित्व रहे इसके लिए संस्थागत व्यवस्था की जाती है। इतना ही नहीं, 'विधि के शासन' का दिखावा भी कानूनी दृष्टि से सुस्थापित किया जाता है। यह संवैधानिक व्यवस्थाएं, राजनीतिक शक्ति पर प्रभावशाली नियंत्रण लगाकर उसके दुरूपयोग पर अंकुश का काम करने वाली हैं। इसलिए यह कहा जाता है कि साम्यवादी राज्यों में ही वास्तविक लोकतंत्र है। विलियम जी0 ऐन्ड्रज ने ठीक ही लिखा है कि, "प्रक्रियात्मक लोकतंत्र की दृष्टि से रूस का संविधान उन सभी संसदीय संस्थाओं की, जो पश्चिमी देशों में प्रचलित हैं, स्थापना करता है और उनके आपसी सम्बंध्नों को भी ठीक उसी तरह मर्यादित करता है। रूस के संविधान में कई ऐसी व्यवस्थाएं हैं जो पश्चिमी परम्परा के अनुरूप ही शक्ति नियंत्रण के मानक व प्रक्रियात्मक नियमिताएं स्थापित करती हैं। रूस के संविधान में नागरिकों के मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रताओं की सुव्यस्थित रक्षा व्यवस्था है, विभिन्न शासन सत्ताओं के पारस्परिक सम्बंधों की स्पष्ट व्याख्या है तथा सार्वजनिक नीति के निर्धारण व क्रियान्वयन का प्रक्रियात्मक अनुबन्ध है। इन सब बातों में यह पाश्चात्य लोकतान्त्रिक संविधानों से बिलकुल भी भिन्न नहीं है।"

रूस तथा अन्य साम्यवादी संविधानों में पाई जाने वाली सभी संस्थागत व्यवस्थाएं लोकतंत्र की स्थापना करती हुई दिखाई देंती हैं, परन्तु वास्तव में साम्यवादी समाजों में लोकतंत्र का अनुसरण नहीं होता है। साम्यवादी राज्यों में राजनीतिक शक्ति के धारकों पर संवैधानिक नियंत्रणों की सभी संस्थागत व्यवस्थाएं केवल 'औपचारिकता' मात्र हैं। निष्कर्ष रूप में ऐलफ्रेड मेयर के शब्दों में यह कहा जा सकता है कि "रूस का सम्पूर्ण संविधान एक धोखा है, यह क्रियान्वित नहीं होता है, और इससे राजनीतिक व्यवस्था की प्रकृति का सही चित्रण भी नहीं होता है।" साम्यवादी राज्यों में न व्यक्ति को स्वतंत्रता होती है और न अपने व्यक्तित्व के विकास का मार्ग चुनने का उसे विकल्प प्राप्त रहता है। अतः साम्यवादी लोकतंत्र का विचार बहुत नया तथा अनोखा ही कहा जा सकता है।

एलेन बाल ने साम्यवादी व्यवस्थाओं के लक्षण बताते हुए, इनके आधार पर इनको उदार लोकतंत्रों से अलग पाया है। यह लक्षण हैं–

(1) व्यक्तिगत तथा सामाजिक गतिविधि के सभी पहलुओं से सरकार राजनीतिक रूप से सम्बद्ध होती है।

(2) एक ही दल राजनीतिक तथा विधिक रूप से प्रभावी होता है। सारी राजनीतिक सक्रियता इसी के माध्यम से गुजरती है और प्रतियोगिता, नियुक्तियों तथा विरोध के लिए दल ही एक मात्र संस्थागत आधार प्रस्तुत करता है।

(3) सैद्धान्तिक रूप से एक ही सुस्पष्ट विचारधारा होती है जो उस व्यवस्था के अन्तर्गत सम्पूर्ण राजनीतिक सक्रियता का विनियमन करती है। यह विचारधारा सिद्धान्त के अतिरिक्त भी बहुत कुछ होती है। वह शासन तथा जोड़–तोड़ करने का उपकरण होती है।

(4) न्यायपालिका और जन–सम्पर्क के माध्यमों पर सरकार का कठोर नियंत्रण होता है और उदारवादी लोकतंत्रों में परिभाषित नागरिक स्वतंत्रताएं कठोरतापूर्वक काट–छांट दी जाती हैं।

(5) सर्वाधिकारी शासन प्रजातंत्रीय आधार उपलब्ध करने के उद्देश्य से और शासन के लिए व्यापक जन–समर्थन प्राप्त करने के लिए जन–सक्रियता पर जोर देते हैं। जनता के भाग लेने तथा जनता की स्वीकृति से शासन का वैधीकरण हो जाता है।"

इन लक्षणों से एक बात स्पष्ट होती है कि लोकतंत्र के उदारवादी दृष्टिकोण व साम्यवादी दृष्टिकोण में मूल्यों, सिद्धान्तों तथा प्रक्रियाओं में मौलिक अंतर हैं। इस कारण अगर प्रजातंत्र की सैद्धान्तिक व्याख्या, जो बहुत कुछ उदारवादी धारणा से प्रेरित है, का आधार लेकर देखें तो साम्यवादी व्यवस्था को लोकतांत्रिक नहीं कहा जा सकता, पर इस निष्कर्ष पर यह दोषारोपण किया जा सकता है कि हम उदारवादी लोकतान्त्रिक व्यवस्थाओं को मापदंड के रू॰ में इस्तेमाल कर रहे हैं और उससे थोड़ा बहुत भी इधर–उधर हटने को अलोकतान्त्रिक मान लेते हैं। यहां तर्कसम्मत आधार का अभाव लगता है।

2.3.6. समाजवादी दृष्टिकोण : अर्थ :

लोकतंत्र के उदारवादी व साम्यवादी प्रकारों की चर्चा ऊपर की गई है। इन दोनों प्रकारों के बीच की स्थिति के भी लोकतंत्र के अनेक नाम व रूप बन गये हैं। लोकतंत्र के ऐसे रूपों में ही वे नाम व रूप आते हैं जिन्हें बुनियादी लोकतंत्र, निर्देशित लोकतंत्र या नियंत्रित लोकतंत्र की संज्ञाएं दी जातीं है। इन प्रकारों के लोकतंत्रों के रूप में हम उन नवोदित राष्ट्रों की शासन व्यवस्थाओं को ले सकते हैं जिनकी सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक स्थिति तथा जिनकी जनता के बौद्धिक स्तर के कारण इन देशों में पश्चिमी व साम्यवादी दोनों ही प्रकार के लोकतंत्र उपयुक्त सिद्ध नहीं होते हैं तथा जिनमें लोकतंत्र का क्रियान्वयन, जनमत की सीमित, निर्देशित अथवा नियंत्रित अभिव्यक्ति के आधार पर होता है। वैसे सच तो यह है कि विकासशील देशों में लोकतंत्र अभी तक अस्थायित्व के दौर से गुजर रहा है। इन देशों में राजनीतिक प्रक्रियायें संक्रमण की अवस्था में होने के कारण, संविधानों में लोकतंत्र के आधार सुनिश्चित नहीं हो पाए हैं। संविधानों में बार–बार मौलिक संशोधन किये जाते हैं तथा एक मूल्य के स्थान पर दूसरा मूल्य अपनाया जाता रहा है। इन राज्यों की परिस्थितियां ही ऐसी हैं कि इनमें कभी–कभी विरोधी लक्ष्यों को सामंजस्य की परिस्थिति में लाना आवश्यक हो जाता है। इन देशों में आर्थिक विकास की गति को तेज करने की आवश्यकता के साथ ही साथ राजनीतिक स्थायित्व व राजनीतिक शक्ति की वैधता के साधन भी अपनाने आवश्यक हैं। एक तरफ, राजनीतिक सत्ता की वैधता, प्रतियोगी राजनीतिक दलों के संदर्भ में स्वतंत्र, निष्पक्ष व नियतकालिक चुनावों द्वारा होती है तो दूसरी तरफ, आर्थिक विकास की द्रुत गति के लिए सभी साधनों में समन्वय स्थापित तभी किया जा सकता है जब प्रतियोगी राजनीति पर कुछ अंकुश लगाये जाएं। इन्हीं कारणों से अनेक नवोदित राज्यों में लोकतंत्र का एक नया रूप विकसित होता हुआ दिखाई देता है।

परन्तु सभी विकासशील राज्यों में लोकतंत्र का यह नया रूप एक समान नहीं दिखाई पड़ता है। अनेक राज्यों में लोकतंत्र की संस्थागत व्यवस्थायें व राजनीतिक समाज के आदर्श एक ही दिशा में जाने वाले होते जा रहे हैं। इन्हीं राज्यों का लोकतंत्र समाजवादी लोकतंत्र के नाम से पुकारा जाने लगा है। इन लोकतंत्रों में राजनीतिक समाजों के मूल्य तो उदारवादी लोकतंत्रों की अवधारणा के समान, स्वतंत्रता,

राजनीतिक समानता, सामाजिक व आर्थिक न्याय तथा लोक कल्याण की साधना के ही हैं, परन्तु साधनों की दृष्टि से समाजवादी लोकतंत्र साम्यवादी विचारधारा के समीप लगते हैं। क्योंकि इन राज्यों में साम्यवादी संरचनाओं व संस्थागत व्यवस्थाओं के प्रति आस्था बलवती बनती जा रही है। इन राज्यों में समानता के राजनीतिक पहलू के साथ ही साथ समानता का आर्थिक पहलू भी महत्वपूर्ण माना जाता है। प्रतियोगी राजनीति की छूट तब तक रहती है जब तक यह आर्थिक विकास के प्रयत्नों व आर्थिक न्याय की व्यवस्था में बाधक नहीं बने।

विकासशील राज्यों में आर्थिक न्याय के लिए आर्थिक विषमताओं में कमी के प्रयत्न तथा आर्थिक विकास के मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए राजनीतिक स्वतंत्रताओं व प्रतियोगी राजनीति पर प्रतिबन्ध लगाना लोकतंत्र का प्रमुख लक्षण है। वास्तव में ऐसा करना लोकतंत्र को, लाखों–करोड़ों नंगे, भूखे व बीमार लोगों के लिए अर्थपूर्ण बनाना है। उदाहरण के लिए, भारत में लोकतंत्र का वही रूप स्थापित होता जा रहा है। 26 जून 1975 में भारत में संकटकाल की घोषणा करके कुछ लोगों की बेरोकटोक चल रही स्वतंत्रताओं को सीमित करना वास्तव में लोकतंत्र का लोप नहीं है। यह लोकतंत्र को सही रूप प्रदान करता है। अतः हम नोर्मन डी0 पांमर के 'एशियन सर्वे' के फरवरी 1976 के अंक में छपे एक लेख को उपयुक्त नहीं मान सकते हैं। पश्चिमी देशों में भारतीय राजनीति के विशेषज्ञों में से अनेक ने ऐसे ही शीर्षकों का प्रयोग करके अपने लेखों में यह बताने का प्रयास किया है कि भारत में 'लोकतंत्र का युग' समाप्त हो गया है। इन लेखकों ने लोकतंत्र के अन्त का केवल एक ही कारण प्रमुख माना है और यह है सरकार द्वारा कुछ लोगों की मनमानी करने की स्वतंत्रता को प्रतिबन्धित करना। क्या राजनीतिक स्वतंत्रता को, अगर यह कुछ लोगों को ही अर्थो में प्राप्त हो तो समाज के आधारभूत मूल्यों को समाप्त करने के लिए बेरोकटोक प्रयुक्त होने देना, जिससे वे असंख्य लोगों को शोषण कर सकें, अपने हितों की पूर्ति में उनका प्रयोग कर सकें, लोकतंत्र कहेंगे? लोकतंत्र में जन–सहभागिता अत्यन्त महत्वपूर्ण मानी जाती है। श्रीमती इन्दिरा गांधी ने 15 नवम्बर 1975 में इण्डियन नेशनल ट्रेड यूनियन कान्फ्रेंस के 56वें सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए शायद ठीक ही कहा था कि "स्वतंत्रता तभी वास्तविक बनती है जब यह उन बहुसंख्यक लोगों के लिए, जो अत्यधिक पीड़ित व उपेक्षित रहे हैं, कुछ राहत ला सके तथा सुविधाएं देश के गरीब से गरीब व्यक्ति तक पहुंचा सके।" भारत में पिछले 25 वर्षो तक तथाकथित उदारवादी लोकतंत्र के नाम में कलंक न लगने देने के लिए संवैधानिक साधनों का, कुछ वर्गो व लोगों द्वारा खुलकर जन शोषण में प्रयोग होता रहा है और विदेशी व भारतीय विद्वान राजनीतिक व्यवस्था की लोकतान्त्रिकता की दुन्दुभी बजाते रहे, स्वतंत्रताएं बनी रहीं तथा शोषण, अन्याय व अव्यवस्था बढ़ती गई पर इन विद्वानों का कहना था कि यह सब लोकतंत्र की जड़ों का गहरा जमना है। वास्तव में, यह पश्चिमी विशेषज्ञ जिनमें माइरन वीनर भी एक हैं, भारत आकर गगनचुम्बी होटलों के वातानुकूलित कमरों से ही भारतीय लोकतंत्र का जायजा लेते रहे और निष्कर्ष निकालते रहे कि भारत का लोकतंत्र, एशिया में लोकतंत्र का चिराग जलाये हुए है। जबकि वास्तविकताएं कुछ और ही दृश्य उपस्थित करती हैं। स्वतंत्रता, राजनीतिक समानता, सामाजिक व आर्थिक न्याय तथा जन–कल्याण केवल कुछ वर्गो के कुछ लोगों के लिए, समस्त लोगों के हितों की कीमत पर सार्थक रह गया था। ऐसी अवस्था में लोकतंत्र को 'पटरी पर' नहीं 'पटरी से उतरा' हुआ ही कहा जा सकता है। अतः लोकतंत्र को सामाजवादी दृष्टिकोण समस्त जनता के लिए स्वतंत्रता की व्यवस्था करने के लक्ष्य से प्रेरित, आर्थिक, सामाजिक व राजनीतिक समानता की ऐसी व्यवस्था है जिसमें सम्पूर्ण जनता के साथ न्याय हो और सबकी हित साधना हो सके।

लोकतंत्र का समाजवादी दृष्टिकोण, उदारवादी लोकतंत्र व साम्यवादी लोकतंत्र के बीच का मार्ग नहीं है। यह अपने आप में एक विशिष्ट विचार है। जिसमें लोकतंत्र की सैद्धान्तिक व्यवस्था को व्यावहारिक

रूप में प्राप्त करने का प्रयास निहित है। समाजवादी लोकतंत्र में राजनीतिक समानता व स्वतंत्रता पर भी बल दिया गया है तो साथ ही इसके सामाजिक व आर्थिक पक्षों के महत्व को भी आधारभूत माना गया है। यह इन दोनों का माध्यम वर्ग इसलिए नहीं है क्योंकि इसमें दोनों प्रकार के लोकतंत्रों के समन्वय के स्थान पर दोनों से अलग मूल्य, सिद्धान्त व साधन अपनाए गए हैं। उदारवादी व साम्यवादी लोकतंत्र बेमेल है। इनका सम्मिश्रण सम्भव ही नहीं है। अतः लोकतंत्र के समाजवादी लोकतंत्र को इन दोनों की 'खिचड़ी' कहना गलत होगा। समाजवादी लोकतंत्र में स्वतंत्रता व समानता के विशेष अर्थ किए गए हैं तथा यह अर्थ लोकतंत्र की भावना के अधिक अनुरूप है, क्योंकि इन्हीं अर्थों में स्वतंत्रता व समानता तथा न्याय व्यक्ति की व्यक्तिगत गरिमा का अन्तिम उद्देश्य प्राप्त करा सकता है। यही राजनीति में जन–सहभागिता को अर्थपूर्ण और प्रतियोगी राजनीति की परिस्थितियां उत्पन्न करता है। अन्यथा 150 रुपये मासिक आमदनी वाले व्यक्ति की, डेढ़ लाख रुपये की मासिक आमदनी वाले व्यक्ति से, सभी स्वतंत्रताओं तथा उनके भोग की छूट के बावजूद क्या प्रतियोगिता हो सकती? समाजवादी लोकतंत्र इन दोनों में प्रतियोगिता को यथार्थवाद बनाने के लिए बराबर करने के स्थान पर दोनों के बीच की आर्थिक विषमता को कम से कम करने का लक्ष्य रखता है। अतः समाजवादी लोकतंत्र को सही अर्थ में समझने के लिए यह आवश्यक है कि समाजों की वास्तविकताओं की अनदेखी नहीं की जाए।

लोकतंत्र के इस दृष्टिकोण के विवेचन से यह स्पष्ट है कि दुनिया के अधिकांश राज्य लोकतंत्र के समाजवादी ढांचे में सम्मिलित नहीं किए जा सकते हैं। वास्तव में लोकतन्त्र का यह प्रतिमान अत्यन्त जटिल है। सामान्य संरचनात्मक हेर–फेर से राजनीतिक व्यवस्थाएं इस विचार की मौलिक मान्यताओं से हट जाती हैं। इसलिए डाक्टर इकबाल नारायण का यह निष्कर्ष कि "जो राज्य उदारवादी या साम्यवादी लोकतन्त्रों के अन्तर्गत नहीं आते वे समाजवादी लोकतन्त्र के नाम से जाने जाते हैं," मान्य नहीं हो सकता है। वास्तव में दुनिया के अधिकांश राज्य या तो उदारवादी लोकतंत्र या साम्यवादी लोकतन्त्र की श्रेणी में रखे जा सकते हैं तथा शायद भारत जैसे कुछ राज्य ही समाजवादी लोकतन्त्र के मानदण्ड के कुछ अनुरूप कहे जा सकते हैं। बाकी अनेक विकासशील राज्य न सैद्धान्तिक दृष्टि से यथा न व्यवहार में समाजवादी लोकतन्त्र की भावना के अनुसार प्रशासित होते हैं।

लोकतंन्त्र के विभिन्न दृष्टिकोणों के विवेचन से यह स्पष्ट है कि लोकतन्त्र की अवधारणा परिवर्तित होती गई है। क्योंकि अभी भी मानव भौतिक स्तर पर ही जीवित रहने की कोशिश में पूर्णतया सफल नहीं हो पाया है। जब सम्पूर्ण मानवता एक निश्चित जीवन स्तर प्राप्त कर लेगी तब शायद लोकतंत्र के मूल्यों का पुनः निर्धारण होने लगेगा।

2.4. सारांश :

इस इकाई के अन्तर्गत हमने प्रजातंत्रात्मक व्यवस्था की अवधारणा, सिद्धान्त, गुण व दोषों का विस्तारपूर्वक अध्ययन किया है। तत्क्रम में समग्रवादी व्यवस्था के अन्तर्गत अधिनायकतंत्र, साम्यवादी व्यवस्था व समाजवादी व्यवस्था का ज्ञान प्राप्त किया है। इसके गुण व दोषों का भी सुव्यवस्थित रूप में अध्ययन किया है।

2.5. बोध प्रश्न :

2.5.1 बहुविकल्पीय प्रश्न :

प्र0 1. किताब 'पोलिटिकल कन्टीन्यूइटी एण्ड चेन्ज' के लेखक है–

(अ) मर्कल (ब) ए.आर. बाल (स) बविस्कर (द) इनमें से कोई नहीं।

प्र0 2. 'पोलिटिकल सोशियोलॉजी' किसी कृति है–

(अ) बविस्कर (ब) मर्कल (स) जी.डी. मिचेल (द) इनमें से कोई नहीं।

प्र0 3. 'लोकतंत्र शासन जनता का, जनता के लिये और जनता द्वारा होता है।" कथन है–

(अ) अब्राहम लिंकन (ब) डायसी (स) मैक्सी (द) प्लेटो

प्र0 4. तानाशाह हिटलर सम्बन्धित है–

(अ) प्रजातंत्र से (ब) साम्यवादी तंत्र से

(स) अधिनायकतंत्र से (द) इनमें से कोई नहीं।

प्र0 5. इटली के अधिनायकवादी शासक के नाम से जाना जाता है–

(अ) स्टालिन (ब) हिटलर (स) मुसोलिनी (द) मार्क्स

2.5.2. बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर :

उ0 1. (अ) मर्कल

उ0 2. (स) जी.डी. मिचेल

उ0 3. (अ) अब्राहम लिंकन

उ0 4. (स) अधिनायकवादी तंत्र से

उ0 5. (स) मुसोलिनी

2.6. अभ्यास प्रश्न :

2.6.1. दीर्घउत्तरीय प्रश्न :

प्र0 1. प्रजातंत्रात्मक व्यवस्था की अवधाराणा व इसके महत्व पर प्रकाश डालियें?

प्र0 2. समग्रवादी व्यवस्था का समाजशास्त्रीय विवेचन कीजिये?

2.6.2. लघुउत्तरीय प्रश्न :

प्र0 1. अधिनायकतंत्र से क्या आशय है?

प्र0 2. साम्यवादी व्यवस्था पर प्रकाश डालिये?

प्र0 3. प्रजातंत्र की परिभाषा बताइये?

2.7. संदर्भ सूची :

1. मिचेल, जी.डी. (1978), पॉलिटिकल सोशियोलॉजी,
2. बविस्कर, बी.एस. (1974), सोशियोलॉजी ऑफ पॉलिटिकल इन ए सर्वे ऑफ रिसर्च इन सोशियोलॉजी एण्ड एन्थ्रोपोलॉजी, खण्ड–2, बम्बई, पापुलर प्रकाशन,
3. आलटन आर. बाल (1971), मॉडर्न पॉलिटिक्स एण्ड गर्वनमेन्ट, लंदन, मेकमिल्लन,
4. पीटर एच. मर्कल (1967), पॉलिटिकल कन्टीन्यूटी एण्ड चैन्ज न्यूयार्क,

इकाई – 3 समाज में शक्ति वितरण के अभिजन सिद्धान्त

इकाई की रूपरेखा

3.0 उद्देश्य

3.1 प्रस्तावना

3.2 समाज में शक्ति वितरण के अभिजन सिद्धान्त

3.2.1 मोस्का

3.2.2 पैरेटो

3.2.3 राबर्ट मिशेल

3.2.4 सी0 राइट मिल्स

3.3 बुद्धिजीवियों की राजनीतिक भूमिका

3.4 दबाव समूह और हित समूहः प्रकृति तथा आधार

3.4.1 राजनीतिक महत्व

3.5 नौकरशाही

3.5.1 विशेषतायें

3.5.2 नौकरशाही का राजनैतिक विकास में महत्व (भारत के विशेष सन्दर्भ में)

3.6 बोध प्रश्न

3.7 सारांश

3.8 उपयोगी पुस्तकें

3.9 बोध प्रश्नों के उत्तर

3.10 स्वपरख प्रश्न/अभ्यास

समाज में शक्ति वितरण के अभिजन सिद्धान्त

3.0 उद्देश्य

इस इकाई का अध्ययन करने के पश्चात् आप इस योग्य हो सकेंगे कि

- शक्ति का समाजशास्त्रीय अर्थ समझ सकें।
- समाज में शक्ति वितरण को समझ सकें।
- समाज में शक्ति के वितरण के सामाजिक परिणामों के बारे जान सकें।
- समाज में शक्ति वितरण के प्रमुख सिद्धान्तों को समझ सकें।
- दबाव समूह और हित समूह की प्रकृति और आधार में भेद कर सकें।
- नौकरशाही का आधुनिक राजनीतिक व्यवस्था में महत्व समझ सकें।

3.1 प्रस्तावना –

'शक्ति' एवं 'सत्ता' की अवधारणा समाजशास्त्र, राजनीतिक समाजशास्त्र और राजनीति–शास्त्र की मूल अवधारणा है। मानव के सार्वजनिक और राजनीतिक व्यवहार को समझने में इस अवधारणा का अतुलनीय महत्व है। यद्यपि इन दोनों का प्रयोग पर्यायवाची की तरह किया जाता है पर राजनीतिक समाजशास्त्र में इनका विशिष्ट अर्थ है। प्रत्येक राजनीतिक व्यवस्था में शक्ति केवल कुछ लोगों अथवा अल्पसंख्यक समूह में ही केन्द्रित होती है। यह किस प्रकार होता है? राजनीतिक समाजशास्त्र में इन प्रश्न का उत्तर ढूँढने के प्रयासों के परिणाम–स्वरूप ही अभिजन (संभ्रांतजन या श्रेष्ठजन) सम्बन्धी सिद्धान्तों का विकास हुआ है। अभिजन सिद्धान्त इस तथ्य पर आधारित हैं कि प्रत्येक समाज में मोटे तौर पर दो भिन्न वर्ग पाये जाते हैं : एक, थोड़े या अल्पसंख्यक लोगों का वर्ग जो अपनी क्षमता के आधार पर समाज को सर्वोच्च नेतृत्व प्रदान करता है तथा शासन करता है, तथा दो, जन–समूह या असंख्य साधारणजनों का वर्ग, जिसके भाग्य में शासित होना लिखा है। प्रथम वर्ग को अभिजन वर्ग और दूसरे को जनसमूह कहा जाता है। अभिजन की अवधारणा को पहले केवल राजनीतिक दृष्टि से ही देखा जाता था तथा केवल शासक वर्ग एवं शक्तिशाली अभिजनों की ओर ध्यान दिया जाता था, परन्तु आज ऐसा नही हैं। आज अभिजनों में शक्तिशाली अभिजन वर्ग, पूँजीपति वर्ग, सैनिक अभिजन, शासक–वर्ग, बुद्धिजीवी वर्ग,

नौकरशाहों तथा प्रबन्धकों को भी सम्मिलित किया जाता है। शक्ति के असमान वितरण के अतिरिक्त सामाजिक स्तरीकरण के अध्ययनों ने भी अभिजन सिद्धान्तों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आज अभिजन का संप्रत्यय राजनीति शास्त्र, समाजशास्त्र एवं राजनीतिक समाजशास्त्र में एक मौलिक संप्रत्यय माना जाता है। यह संप्रत्यय सामाजिक–राजनीतिक यथार्थ को समझने में काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि प्रत्येक समाज में किसी न किसी प्रकार का सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक संस्तरण पाया जाता है।

3.2 समाज में शक्ति वितरण के अभिजन सिद्धान्त

अभिजन (Elite) शब्द का प्रयोग सत्रहवीं शताब्दी में विशेष एवं सबसे उत्तम वस्तुओं अथवा गुणों के लिए किया जाता था इस अर्थ में यह शब्द वज्र क्रैक सैनिक दस्तों अथवा अभिजात वर्ग जैसे उच्च स्तर के व्यक्तियों के लिए प्रयुक्त्त होता था। उन्नीसवीं शताब्दी के अन्त तक इस शब्द का प्रयोग सामाजिक एवं राजनीतिक लेखों में व्यापक रूप से नहीं हुआ था। बीसवीं शताब्दी में द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात् पश्चिमी देशों एवं अमरीका में अभिजन की अवधारणा एवं इसके सिद्धान्त काफी लोकप्रिय हुए तथा तभी से अभिजन की अवधारणा व्यापक रूप से सामाजिक विज्ञान में प्रयुक्त की जाने लगी।

विलफ्रेडो पैरेटो ने अभिजन को परिभाषित करते हुए कहा है कि प्रत्येक विशिष्ट मानवीय क्रिया (यथा न्यायालय, व्यापार, कला, राजनीति आदि) में अगर हम व्यक्तियों की गतिविधियों (धन्धे) के क्षेत्र के सूचकों को अंक दे दें तो जो व्यक्ति सर्वोच्च अंक प्राप्त करते हैं, उन्हें अभिजन कहा जाता है। दूसरे शब्दों में, अभिजनों में उन सभी सफल व्यक्तियों को सम्मिलित किया जाता है जो प्रत्येक गतिविधि में और समाज के प्रत्येक स्तर पर सर्वोच्च होते हैं। इनके शब्दों में जिन व्यक्तियों को किसी विशिष्ट मानवीय गतिविधि के क्षेत्र में सर्वोच्च अंक मिलें यदि उनका एक वर्ग बनाया जाय तो उस वर्ग को अभिजन वर्ग का नाम दे सकते हैं।

गिटानो मोस्का प्रथम विद्वान हैं जिन्होंने 'अभिजन' तथा 'जनसमूह' शब्दों का प्रयोग विशिष्ट अर्थो में किया है। इनके शब्दों में, सभी समाजों में उन समाजों से लेकर जिनका अभी बहुत कम विकास हुआ है और जो अभी तक सभ्यता की पहली किरणों का संस्पर्श भी ठीक से नहीं कर पाये हैं, उन समाजों तक जो सबसे अधिक विकसित एवं शक्तिशाली है, सभी समाजों में केवल दो प्रकार के वर्गों के लोग पाये जाते हैं। एक, उस वर्ग के लोग जो शासन करते हैं और दूसरे, जिन पर

शासन किया जाता है पहले वर्ग के लोग अल्पसंख्यक होते हुए भी सभी प्रकार के राजनीतिक कार्यों का नियन्त्रण अपने हाथों में रखते हैं, सारी सत्ता उनके हाथों में केन्द्रित होती है तथा सत्ता के लाभों का रस भी उन्हें ही मिलता है, जबकि दूसरा वर्ग बहुसंख्यक होते हुए भी प्रथम वर्ग द्वारा कभी वैध तरीकों से और कभी अधिक या कम मात्रा में स्वेच्छाचारी एवं हिंसक तरीकों से निर्देशित व नियन्त्रित रहता है। मोस्का के अनुसार सभी प्रकार के शासन में नियन्त्रण सदैव से सम्भ्रांत वर्ग के हाथ में होता है। साथ ही शासक वर्ग में कोई न कोई ऐसा गुण होता है जिसके कारण वह समाज में सम्मानित एवं प्रभावशाली माना जाता है, भले ही वे गुण यथार्थ हों अथवा महज दिखावे मात्र के रूप में ही बचे हों।

हेरॉल्ड डी0 लैसवेल ने राजनीतिक अभिजनों पर विशेष ध्यान दिया है। इनके शब्दों में राजनीतिक अभिजनों में राजनीतिक निकाय के सत्ताधारियों का समावेश होता है। सत्ताधारियों में वह नेतृत्व तथा सामाजिक रचना भी सम्मिलित है जिसमें नेताओं का उद्‌भव होता है तथा जिसके प्रति किसी निश्चित अवधि तक वे उत्तरदायी होते हैं। लैसवेल के समान रेमण्ड एस ने भी अभिजन वर्ग को मुख्यतः शासक वर्ग ही माना है जो अल्प–संख्या में होता है। इन्होंने अभिजन वर्ग एवं अन्य समाजिक वर्गो के बीच सम्बन्ध स्थापित करने का प्रयास किया है तथा बुद्धिजीवी अभिजनों के सामाजिक प्रभाव का विवेचन किया है जो कि राजनीतिक सत्ता की व्यवस्था का अंग नहीं होते।

टी0बी0 बॉटोमोर ने उपर्युक्त विद्वानों के विचारों से इस आधार पर असहमति प्रकट की है कि उन्होंने अभिजन के सिद्धान्त में निहित विचारधारा की ओर कोई ध्यान नहीं दिया है। बॉटोमोर के अनुसार अभिजन की अवधारणा प्रजातंत्र के महत्व के विरोध में विकसित हुई है। इनके अनुसार 'आज अभिजन शब्द का प्रयोग आमतौर पर वस्तुतः उन प्रकार्यात्मक, मुख्यतः व्यावसायिक समूहों के लिए किया जाने लगा है जिनको समाज में (किसी भी कारण वश) उच्च स्थान प्राप्त है। इनके विचारों में अधिक नवीन काल के समाजशास्त्रियों ने अभिजन शब्द का प्रयोग अधिक छोटे व अधिक संगठित समूहों के लिए किया है जो कम अथवा अधिक रूप से पारस्परिक रूप से सयुंक्त सामाजिक वर्गों से सम्बन्धित हो सकते हैं। बाटोमोर के विचार में रेमण्ड एरन ही एक मात्र विद्वान हैं जिन्होंने अभिजन वर्ग में सम्बन्ध का अध्ययन किया है तथा यह बताने की चेष्टा की है कि वर्गो के उन्मूलन (उत्पादन के साधनों के निजी स्वामित्व को समाप्त करने के अर्थ में) से सामाजिक स्तरीकरण, अभिजनों का निर्माण एवं राजनैतिक सत्ता की विषमताओं की समस्या का समाधान नहीं

होगा। दूसरे शब्दों में अभिजनों का अस्तित्व प्रत्येक प्रकार के समाज एवं राजनीतिक व्यवस्था में बना रहेगा।

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट होता है कि अभिजन की कोई एक सर्वमान्य परिभाषा नही हैं तथा सामान्यतः संभ्रातजनों में उन व्यक्तियों को सम्मिलित किया जाता है जो सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक दृष्टि से अन्य व्यक्तियों अर्थात जन साधारण की अपेक्षा उच्च स्थिति रखते हैं इस विवेचन से हमें पता चलता है कि संभ्रातजन विविध प्रकार के हैं जैसे कि शासक वर्ग, शक्तिशाली संभ्रांतजन, बुद्धिजीवी वर्ग, प्रबन्धक, नौकरशाह तथा सैनिक अधिकारी इत्यादि।

अभिजन सिद्धान्तों के साथ पैरेटो, मोस्का, सी0 राइट मिल्स, एडवर्ड शिल्स, शुम्पीटर, रॉबर्टा मिचेल्स, जेम्स बर्नहम, रेमण्ड एरन, कार्ल मैनहाइम, हेरॉल्ड लैसवेल इत्यादि विद्वानो के नाम जुड़े हुए हैं। यहाँ पर कतिपय प्रमुख विद्वानों के विचारों का संक्षिप्त विवेचन ही समुचित होगा।

3.2.1 गिटानो मोस्का

मोस्का ने परेटो के अभिजन सिद्वान्त (जो मुख्यतः सामाजिक मनोवैज्ञानिक है) को एक राजनीतिक शास्त्री की दृष्टि से और अधिक विकसित करने का प्रयास किया तथा शासक वर्ग को और अधिक स्पष्ट रूप से परिभाषित किया है इन्होंने अभिजन और आमजन में विधिवत् भेद करके राजनीति के एक नवीन विज्ञान की रचना करने का प्रयास किया है।

मोस्का के अनुसार सभी प्रकार के राजनीतिक संगठनों अथवा शासन में एक तत्व ऐसा है जिसे हम विहंगम दृष्टि डालने पर भी देख सकते हैं। यह तत्व है प्रत्येक समाज का दो वर्गो में विभाजन–प्रथम, शासक वर्ग, अर्थात जो शासन करता है तथा द्वितीय, शासित वर्ग अर्थात जिस पर शासन किया जाता है।

मोस्का के अनुसार, अभिजन (जिसे वह शासक वर्ग कहते है) तथा आम–जन में निम्नांकित तीन प्रमुख भेद पाये जाते हैं –

1. शासक वर्ग के लोगों की संख्या कम होती है अर्थात वह अल्पसख्यक हैं, जबकि शासित वर्ग बहुसंख्यक हैं।
2. सभी राजनीतिक कार्यों का निष्पादन शासक वर्ग द्वारा होता है न कि शासित वर्ग द्वारा, तथा
3. शासक वर्ग के हाथों में ही सारी सत्ता केन्द्रित होती है एवं यही वर्ग सत्ता के लाभों का रस लेता है, जबकि इसके विपरीत शासित वर्ग शासक वर्ग द्वारा निर्देशित और नियन्त्रित होता है।

मोस्का ने शासक वर्ग तथा आम जन में भेद करने के अतिरिक्त यह बताने का भी प्रयास किया है कि शासक वर्ग के पास शक्ति कहाँ से आती है अर्थात् यह वर्ग जन समूह पर शासन कैसे करता है। शासक वर्ग की शक्ति का प्रमुख स्रोत इसका संगठित होना तथा सामर्थ्य की दृष्टि से अन्य लोगों से श्रेष्ठ होना है। शासक वर्ग इसलिए संगठित है क्योंकि वह अल्पसंख्यक है और साथ ही श्रेष्ठ भी है। मोस्का के शब्दों में अल्पसंख्यक शासक वर्ग के सदस्यों में कोई न कोई गुण ऐसा अवश्य होता है जो उनके समाज में बहुत प्रतिष्ठित अथवा बहुत प्रभावशाली होता है, भले ही वह गुण यथार्थ हो अथवा केवल दिखावा मात्र।

उपर्युक्त विवेचन के आधार पर हम कह सकते हैं कि मोस्का ने शासक वर्ग के निम्नांकित लक्षणों को महत्वपूर्ण बताया है।

1. शासक वर्ग में उन व्यक्तियों को सम्मिलित किया जाता है जो शासन करते हैं।
2. शासक वर्ग अल्पसंख्यक होता है।
3. शासक वर्ग संगठित होता है।
4. शासक वर्ग सभी राजनीतिक कार्यों का निष्पादन करता है।
5. शासक वर्ग शक्ति से प्राप्त होने वाले लाभों का आनन्द लेता है और शासित वर्ग को इससे वंचित रखता है।
6. शासक वर्ग समाज के महत्वपूर्ण एवं प्रभावशाली समूहों के हितों का प्रतिनिधित्व करता है।
7. शासक वर्ग नवीन मध्य वर्ग द्वारा समाज से घनिष्ठता पूर्वक जुड़ा होता है।

मोस्का के अभिजन सिद्धान्त में एक नवीन बात यह है कि इन्होंने प्रबन्धकों, सफेदपोश कर्मचारियों, वैज्ञानिकों एवं इंजीनियरों, विद्वानों एवं बुद्धिजीवियों को नवीन मध्य वर्ग में रखा है तथा उनके अनुसार इस वर्ग के द्वारा ही अभिजन वर्ग आम जन समूह से जुड़ा होता है। किसी राजनीतिक संगठन का स्थायित्व इसी वर्ग के नैतिक बौद्धिक या क्रियात्मक स्तर पर निर्भर करता है।

मोस्का ने भी पैरेटो के समान संभ्रांतजनों के परिचालन की व्याख्या प्रस्तुत की है जिसका आधार मनोवैज्ञानिक न होकर सामाजिक है। इनके शब्दों में, यदि समाज में सम्पत्ति का नवीन स्रोत उभर आता है अथवा ज्ञान का व्यावहारिक महत्व बढ़ जाता है, किसी पुराने धर्म का विनाश हो जाता है और नये धर्म का विकास होता है अथवा यदि समाज में कोई नवीन विचारधारा फैल जाती है, तब उसके साथ ही शासक वर्ग में दूरगामी असामंजस्य पैदा हो जाता है निम्न स्तर के अन्तर्गत

एक निर्देशक अल्पसंख्यक वर्ग विकसित हो जाता है जो शासक वर्ग के साथ वैध शासन की सत्ता संभालने के लिए संघर्ष करता है। अतः मोस्का ने भी पैरेटो के समान संभ्रातजनों के परिचालन की व्याख्या निम्नतम स्तर से आये अभिजनों तथा स्वंय अभिजनों में परस्पर संघर्ष द्वारा की है। मोस्का द्वारा मनोवैज्ञानिक लक्षणों को महत्व न देने का कारण उनकी यही मान्यता थी कि व्यक्ति–परक गुणों की उत्पत्ति सामाजिक गुणों के आधार पर होती है।

मोस्का के विचार यद्यपि कार्ल मार्क्स के विचारों से काफी सीमा तक मिलते–जुलते हैं, फिर भी इन्होंने मार्क्स की भाँति इतिहास की व्याख्या केवल आर्थिक आधार पर न देकर सामाजिक परिवर्तन में नैतिक तथा धार्मिक प्रभावों पर भी बल दिया है। बॉटोमोर ने मोस्का के सम्भ्रांतजन के सिद्धान्त को पैरेटो के सिद्धान्त की अपेक्षा अधिक तार्किक बताया है यद्यपि इससे भी समूहों के संचार और सम्भ्रातंजनों के उत्थान एवं पतन में पाये जाने वाले सम्बन्धों का कोई पता नहीं चलता है।

3.2.2. विल्फ्रेडो परेटो

पैरेटो प्रथम विद्वान हैं जिन्होंने अभिजन एंव आमजन में भेद करने का प्रयास किया है। इनके अनुसार अभिजन वर्ग में उन सभी सफल व्यक्तियों की गणना की जा सकती है जो प्रत्येक मानवीय गतिविधि और समाज के प्रत्येक स्तर पर उच्चतम शिखरों तक पहुँच जाते हैं। वकीलों, वैज्ञानिकों तथा यहाँ तक कि चोरों व वैश्याओं के भी अपने–अपने अभिजन होते हैं। परेटो के अनुसार, प्रत्येक समाज को दो वर्गो में विभाजित किया जा सकता है –

1. निम्नतम स्तर, जिसमें असम्भ्रांतजन अथवा जन समूह सम्मिलित है, तथा
2. उच्चतर स्तर, जिसमें सम्भ्रातंजन को सम्मिलित किया जाता है।

संभ्रांतजन भी दो प्रकार के होते हैं (अ) शासक सम्भ्रांतजन, तथा (ब) गैर शासक सम्भ्रांतजन। शासक सम्भ्रतजनों में वे व्यक्ति आते हैं जो शासन के भीतर प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जबकि गैर शासक संभ्रातजन में वे व्यक्ति सम्मिलित किये जाते हैं जो सेना, व्यापारिक क्षेत्रों, धार्मिक संगठनों अथवा अन्य मानवीय क्रियाओं (सत्ता संरचना के अतिरिक्त) में सर्वोच्च स्थान रखते हैं।

समाज में अभिजन एवं आमजन की संरचना स्थायी नहीं होती है। तथा इनमें परिवर्तन होते रहते हैं आमजन के कुछ सदस्य अपनी बुद्धि एवं उच्च गुणों में सम्पन्न तत्व उभरने के कारण अभिजन में आ जाते हैं जबकि सम्भ्रांत वर्ग (शासक वर्ग) के कुछ लोग उत्तम गुणों के अभाव के कारण आमजन में वापस चले जाते हैं अतः आमजन और अभिजन के सदस्यों में अनवरत रूप से परिचालन होता रहता है। परेटो ने अभिजनों के परिचालन को यहीं तक सीमित न रखकर, इसमें उस प्रक्रिया को भी सम्मिलित किया है जिसमें एक अभिजन वर्ग का स्थान दूसरा अभिजन वर्ग ले लेता है। अन्य शब्दों में, परिचालन की यह प्रक्रिया कभी संभ्रांत वर्ग और जन समूह में तथा कमी एक सम्भ्रातवर्ग से दूसरे सम्भ्रात वर्ग में परिवर्तनों प्रत्यावर्तनों के रूप में देखी जा सकती है।

पैरेटो के अनुसार, अभिजन वर्ग में सदैव परिवर्तन होते रहते हैं। आज जो शासक वर्ग किसी देश पर शासन कर रहा है, समयानुसार उसके उच्च गुणों के अभाव और अधोगामी तत्वों की संख्या में वृद्धि हो जाने के कारण उसका स्थान गैर–शासक वर्ग के गुणों में सम्पन्न व्यक्तियों द्वारा ले लिया जाता है। निम्नतर स्तर से आने वाले व्यक्ति संख्यात्मक दृष्टि से नही, अपितु गुणात्मक दृष्टि से पुनः शासक वर्ग की स्थापना कर देते हैं। कई बार ऐसा भी होता है कि शासक वर्ग का स्थान अन्य गैर शासक सम्भ्रात वर्ग द्वारा ले लिया जाता है। यह प्रक्रिया निरन्तर चलती रहती है और इसी को अभिजनों के परिचालन का संप्रत्यय कहा जाता है। इस प्रक्रिया के माध्यम से समाज का प्रत्येक सम्भ्रात वर्ग अन्ततः नष्ट हो जाता है। इसी सन्दर्भ में पैरेटो ने इतिहास को कुलीन वर्गों का शमशान कहा है।

पैरेटो के अनुसार विभिन्न प्रकार के अभिजन वर्गों की मानसिक स्थिति में समय–समय पर परिवर्तन होता रहता है। अभिजनों में परिचालन की व्याख्या के सन्दर्भ में पैरेटो ने मनोवैज्ञानिक लक्षणों अथवा अवशेषों (Residuss) के संप्रत्यय को विकसित किया है। अवशेषों से अभिप्राय उन वास्तविक गुणों से है जिनके द्वारा मनुष्य जीवन में ऊँचा उठ सकता है तथा जिससे तर्क–शून्य (अविवेकी) कार्य, तार्किक कार्य दिखायी देते हैं। वह इन तत्वों (जिनसे तर्क–शून्य कार्य, तार्किक दिखायी देते हैं) को छः अवशेषों में ढूँढ़ता है। इनमें से प्रथम दो अवशेष अधिक महत्वपूर्ण हैं क्योंकि इन्हीं की सहायता से शासक वर्ग अपने को सत्ता में बनाये रखने में सफल होता है। मिश्रित तत्वों से अभिप्राय चालाकी और समुच्चय–सातत्य से अभिप्राय बल प्रयोग है। पैरेटो ने अभिजनों के इन दो वर्गो की तुलना सटोरियों (Speculators) किराय जीवियों (Rentiers) से की है जो क्रमशः चालाकी और बल प्रयोग को काम में लाते हैं। इन अवशेषों द्वारा निर्धारित कार्य जिन रीतियों द्वारा तार्किक

कार्यो का रूप ग्रहण करते हैं उन्हें पैरेटो भ्रांत तर्क (Derivation) कहता है। पैरेटो का कहना है कि कुलीन तन्त्रीय व्यवस्थाओं का पतन संख्या की दृष्टि से ही नहीं होता, अपितु इस दृष्टि से भी होता है कि उनकी शक्ति घट जाती है अर्थात् वे जिन अवशेषों के कारण शक्ति प्राप्त करते हैं तथा उसे अपने हाथों में बनाये रखते हैं, उनके अनुपात में ह्रास आ जाता है। निम्नतर वर्गों से ऊपर उठने वाले परिवार शासक वर्ग को पुनः सशक्त बना देती हैं। कई बार क्रांन्तियाँ भी शासक वर्ग को पुनः सशक्त बना देते है। कई बार क्रान्तियाँ भी शासक वर्ग की ह्रासमान शक्ति को पुनः संचित करने में सहायता देती है।

3.2.3 रॉबर्ट मिशेल्स

रॉबर्ट मिशेल्स ने अपनी पुस्तक 'पॉलिटिकल पार्टीज : सोसियोलॉजिकल स्टडी ऑफ द ओलिगार्किकल ऑफ मॉर्डन डेमोक्रेसी' (1915) में अपना सिद्धान्त प्रस्तुत किया है। मिशेल्स का अधिकांश विश्लेषण अब भी मान्य है उनका कार्य अभी भी अल्पतंत्र के शोध के क्षेत्र में संदर्भ बिन्दु है। मिशेल्स ने अल्पतंत्र का लौह नियम प्रतिपादित किया अर्थात प्रत्येक दीर्घ समूह एक अल्पतन्त्र द्वारा संचालित होता है।

लम्बे समय से समाजशास्त्री इस तथ्य से परिचित हैं कि अधिकांश वृहत ऐच्छिक संगठनों में, चाहे कैसा भी उनका औपचारिक ढाँचा अथवा विचारधारा हो, बहुत थोड़े से व्यक्ति (अल्पतंत्र) अपने को सत्ता में जमा लेते हैं और लम्बे समय तक वहीं बने रहते हैं। अधिक सामान्य रूप से, यह अल्पतन्त्रीय शासन की प्रवृत्ति उन सभी वृहत् संगठनों में पायी जाती है जिनमें कि अधिकांश सहयोगियों के लिए अपेक्षाकृत निष्क्रिय रहना सम्भव हो। इस प्रकार अल्पतंत्र 'सेवा' संगठनों जैस रोटरी, अमरीकन लीजियॉन व रेडक्रॉस में ही नहीं पाया जाता वरन् यह श्रमिक संघों में भी एक प्रकार से सर्वव्यापी है, जो कि सदैव ऐच्छिक संगठन नहीं होते।

'अल्पतंत्र' मोटे अर्थो में यह हो सकता है कि शीर्ष नेता सदैव ही संगठन की कुल सदस्यता की अपेक्षाकृत एक छोटी सी श्रेणी में से आती है। अल्पतंत्र में कठिन निर्णयों वाली संश्लिष्ट समस्याओं वाले वृहत संगठनों में प्रशिक्षित तथा अनुभवी सदस्यों को ही सत्ता सौंपने की प्रवृत्ति पाई जाती है। अल्पतंत्र का यह भी अर्थ हो सकता है कि कुछ व्यक्तियों का एक छोटा सा समूह ही सत्ता में सदैव बना रहता है। यद्यपि नेतृत्व में जो व्यक्ति है वह बदल जाते हैं फिर भी वह छोटी मण्डली नये नेताओं को उन नियमों के आधार पर चुनती है जो कुछ अंशों तक संगठन के उद्देश्यों

की अवहेलना करते हैं और उन योग्य व्यक्तियों की आकांक्षाओं को कुंठित कर देते हैं जो कि उन उद्देश्यों के प्रति अधिक निष्ठावान हो सकते थे। अल्प तन्त्र के विश्लेषक अंतिम दो अर्थो में ही रूचि रखते हैं।

जिन संगठनों की स्वीकृत विचार धारा ही खुले रूप में प्रजातंत्र विरोधी हो, जैसे कि फाासिस्ट दल या जिन संगठनों जैसे कि सम्यवादी दल, में 'केन्द्रीयता' प्रजातांत्रिक ढांचे का एक अपूर्ण स्परूप हो, उनमें अल्पतंत्र को समझने में कोई दिक्कत नहीं होती। किन्तु अल्पतंत्र समाजवादी दलों में भी पाया जाता है, जो कि औपचारिक दृष्टि से और यथार्थ में, अन्य दलों की अपेक्षा, जिनके विषय में हम जानते हैं, अधिक प्रजातांत्रिक है। समाजवादी दलों में चोटी के नेताओं का अधिक समय तक बने रहना ध्यान देने योग्य बात है।

3.2.4 सी0 राइट मिल्स

सी0 राइट मिल्स ने शासक वर्ग सम्बन्धी अनेक कठिनाइयों का समाधान अपनी पुस्तक 'द पॉवर एलीट (1939)' में किया है। मिल्स जहाँ एक तरफ पैरेटो तथा मोस्का से प्रभावित थे वहीं दूसरी तरफ मार्क्स का भी उन पर प्रभाव कुछ कम न था। मिल्स ने 'शासक वर्ग' की अवधारणा जो कि एक बोझिल शब्द है, का प्रयोग न करके 'शाक्तिशाली अभिजन वर्ग' संप्रत्यय का प्रयोग किया है। वर्ग एक आर्थिक रूप से परिभाषित शब्द है। शासक वर्ग के संप्रत्यय से यह आभास होता है कि एक आर्थिक वर्ग राजनीतिक दृष्टि से शासन कर रहा है जो सदैव ठीक नहीं उतरता है। साथ ही शासक वर्ग सैनिक अधिकारियों को सम्मिलित नहीं करता जबकि अगर अमरीका की स्थिति को देखा जाये तो आर्थिक निर्णायकवाद की व्याख्या राजनीतिक निर्णायकवाद तथा सैनिक निर्णायकवाद के आधार पर की जा सकती है।

मिल्स ने शाक्तिशाली अभिजन की परिभाषा शक्ति साधनों, अर्थात आदेश देने वाले पदों पर आसीन व्यक्तियों के रूप में की है इनके शब्दों में, शाक्तिशाली अभिजन की रचना उन व्यक्तियों के द्वारा होती है जो अपने पदों के कारण सामान्य पुरूषों एवं स्त्रियों के सामान्य पर्यावरण से ऊपर उठ जाते है तथा ऐसे पदों पर आसीन हैं जो प्रमुख परिणामों से सम्बन्धित निर्णय ले सकते हैं। शाक्तिशाली अभिजन वास्तव में निर्णय लेते हैं या नहीं, यह इतना महत्वपूर्ण प्रश्न नहीं जितना कि यह तथ्य कि वे महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त हैं। वे आधुनिक समाज में बड़े संगठनों को भी नियंत्रित

करते हैं तथा सैनिक प्रस्थान के लिए दिशा प्रदान करते हैं। सामाजिक संरचना में भी शाक्तिशाली सम्भ्रांतजनों का काफी महत्वपूर्ण तथा प्रभावशाली स्थान होता है।

मिल्स ने भी मोस्का के समान शक्तिशाली अभिजनों को पृथक शासकों के रूप में स्वीकार नहीं किया है अपितु इन्हें मध्य स्तर के राजनीतिज्ञों द्वारा जन समूह से सम्बन्धित बताया है। इनके शब्दों में 'शक्तिशाली' अभिजन पूर्णतः पृथक शासक नहीं हैं। सलाहकार, प्रवक्ता तथा नीति निर्माण कर्ता उनके उच्च विचारों तथा निर्णयों के आधार हैं। अभिजनों के नीचे मध्य स्तर के व्यवसायिक राजनीतिज्ञ हैं। जिनमें कांग्रेस प्रभाव समूहों, कस्बों, नगर अथवा क्षेत्र के उच्च वर्ग के व्यक्तियों को सम्मिलित किया जा सकता है।

मिल्स ने अमरीकी समाज में पाये जाने वाले तीन प्रकार के शक्तिशाली अभिजनों का उल्लेख किया है :

1. कंपनी अध्यक्ष
2. राजनीतिक नेता
3. सेनापति

इन तीनों को एक श्रेणी में रखने का प्रमुख कारण यह है कि तीनो ही उच्च वर्गों का प्रतिनिधित्व करते हैं और शासक वर्ग का निर्माण करते हैं। इनमें एकीकरण का आधार एक समान सामाजिक पृष्ठभूमि, व्यक्तिगत एवं पारिवारिक सम्बन्ध तथा तीनों में सामान्य परिचालन हैं मिल्स ने अमरीकी समाज को जन समाज की संज्ञा दी है क्योंकि इसमें शक्तिशाली संभ्रांतजन जन समूह को खुशामद, धोखा धड़ी और मनोरंजन के द्वारा खामोश रखता है। यद्यपि राजनीतिक निर्णय लेने के लिए अनेक छोटे एवं स्वायत्त समूह पाये जाते हैं, फिर भी समस्त महत्वपूर्ण मुद्दों पर अन्तिम रूप से निर्णय लेने का अधिकार शक्तिशाली अभिजनों के पास ही है। मिल्स के अनुसार शक्तिशाली अभिजन अपने निर्णयों के लिए जनता के समक्ष उत्तरदायी न होने के कारण तथा सम्पत्ति संग्रहण को प्रमुख मूल्य मान लेने के कारण भ्रष्ट हो जाते हैं। इनके अनुसार शक्तिशाली अभिजन का सिद्धान्त इतिहास का सिद्धान्त नहीं है क्योंकि राष्ट्रीय महत्व एवं दूरगामी परिणामों वाले मामलों के बारे में निर्णय लेने के बावजूद शक्तिशाली अभिजन इतिहास के निर्माता नहीं कहे जा सकते।

3.3 बुद्धिजीवियों की राजनैतिक भूमिका

किसी भी समाज की राजनीति में बौद्धिकों और विचारधाराओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बौद्धिक राजनीतिक व्यवस्थाओं का मूल्यांकन करते हैं, नवीन विचारधाराओं को जन्म देते हैं, कानून तथा समाज में असमानता, राजा की स्वेच्छाचारिता एवं दैवी अधिकारों पर विचार व्यक्त करते हैं और तर्क की कसौटी पर परम्परागत संस्थाओं का अनौचित्य सिद्ध करते हैं। बौद्धिक नवीन आन्दोलनों को जन्म देते हैं, क्रान्तियों एवं राजनैतिक परिवर्तन की पृष्ठभूमि तैयार करते हैं। बौद्धिकों की राजनैतिक भूमिका 'फ्रांस की क्रांन्ति (1789ई0)' में आदर्श उदाहरण के रूप में उभर कर सामने आयी। क्रांति के सन्दर्भ में नेपोलियन बोनापार्ट का कथन है कि यदि रूसो न हुआ होता तो फ्रांस की क्रांति न हुई होती। लुई सोलहवां अपने को बचा सकता था यदि उसने लेखन को नियंत्रित किया होता। इस कथन से रूसो और उसके समकालीन बौद्धिकों वॉल्टेयर, मॉन्टेसक्यू दिदरो, कांडोर्सेट तथा क्वेटलेट आदि का क्रान्ति पर स्पष्ट प्रभाव परिलक्षित होता है।

विचारकों ने न केवल प्राचीन व्यवस्था को तोड़फोड़ कर नष्ट करने का संकेत दिया, वरन् उस पुरातन व्यवस्था के स्थान पर नवयुग के निर्माण का संदेश दिया। ये विचारक सामाजिक जीवन की दुर्बलताओं पर प्रकाश डालकर तथा उनकी कड़ी आलोचना करके जनता के रोष तथा उनकी आकांक्षाओं को व्यक्त कर रहे थे। क्रान्ति के समय इन विचारकों की प्रमुख विचारधाराओं के अनुरूप ही फ्रांस को निर्मित करने का प्रयास किया गया तथा क्रान्ति के प्रमुख नेतागण इन विचारकों की विचारधाराओं के ऋणी थे। इन लेखकों के साहित्य की विशेषताएं कटु आलोचनाएं और निन्दा थी और उसमें भविष्य को अधिक सुन्दर और सुखी बनाने के लिए विलक्षण सुझाव भरे पड़े थे वास्तव में, वे महान् क्रान्तियाँ थी जिनका प्रभाव पहले फ्रांस में और फिर समस्त यूरोप में फैल गया। विचारों के इस व्यापक आन्दोलन में प्रचलित दोषों तथा उनके निवारण से सम्बन्धित इस निरन्तर और गम्भीर वाद–विवाद ने आने वाली उन महान घटनाओं का मार्ग प्रशस्त किया जो फ्रांस तथा समस्त यूरोप के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण सिद्ध हुईं।

विचारकों में सर्वप्रथम मॉन्टेस्क्यू का नाम उल्लेखनीय है। मॉन्टेस्क्यू ने राजा के दैवी सिद्धान्त को गलत बताया तथा उसकी स्वेच्छा–चारिता का विरोध किया। उसने सांविधानिक राजतंत्र स्थापित करने का सुझाव रखा। उसने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'द स्प्रिट ऑफ लॉ' में बताया कि राज्य द्वारा सम्पादित तीनों शक्तियों कार्यपालिका, व्यवस्थापिका और न्याय–पालिका एक ही व्यक्ति द्वारा

संचालित होने से शासक परम स्वेच्छाचारी हो जाता है। अतः व्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए इन तीनों शक्तियों का पृथक–पृथक रहना आवश्यक है। वॉल्टेयर ने धार्मिक व्यवस्था और चर्च को अपने प्रहार का शिकार बनाया। उसने जनता को बताया कि उन्हें वही बातें ठीक माननी चाहिए जो उनके विवाद और विवेचना की कसौटी पर खरी उतरें। विचार के द्वारा ही किसी संस्था के गुण दोषों को माना जा सकता है तथा अन्धविश्वासों को दूर किया जा सकता है। रूसो एक नवीन कार्यक्रम लेकर जनता के समक्ष उपस्थिती हुआ। उसने अपनी पुस्तक 'सोशल कॉन्ट्रैक्ट' के माध्यम से उसने बताया कि राजा का पद कोई दैवी वस्तु नहीं था। रूसो ने मानव के अधिकारों की घोषणा की और स्वतंत्रता तथा समानता को मनुष्य का जन्म सिद्ध अधिकार बताया जिनकी प्राप्ति एक प्रजा–तान्त्रिक व्यवस्था में हो सकती है। अतः राजतंत्र के स्थान पर प्रजातंत्र की स्थापना होनी चाहिए। उसके सुप्रसिद्ध नारे 'प्राकृतिक दशा में लौटो' ने फ्रांस की जनता को विशेष रूप से आकर्षित किया।

संक्षेप में कहा जा सकता है कि बौद्धिक परिवर्तन क्रान्ति और सुधारों के लिए आधार तैयार करते हैं। विचारकों का प्रभाव क्रान्ति और परिवर्तन के प्रवाह पर पड़ता है। क्रान्ति और परिवर्तन के नेता अपने कृत्यों को उचित बताने के लिए बौद्धिकों का हवाला देते हैं। उनकी यही राजनैतिक भूमिका उल्लेखनीय है।

3.4 दबाव समूह और हित समूह : प्रकृति तथा आधार

लोकतांत्रिक राज्यों की कार्य प्रणाली और राजनीतिक व्यवहार के निर्धारण में 'दबाव समूह' अथवा 'हित समूह' की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ये दोनों अवधारणाएं एक नहीं हैं हित समूह जहाँ अपने सदस्यों के आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक हितों की रक्षा करते हैं, वहीं पर दबाव समूह दूसरे समूहों और अधिकरणों के निर्णयों को अपने राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक दबाव के कारण प्रभावित करने की चेष्टा करते हैं।

दबाव समूह का ध्यान मुख्य रूप से प्रतिकार और प्रतिरोध की दिशा में निर्देशित होता है। दबाव समूह समान आर्थिक हित वाले व्यक्तियों का समूह है, जो सरकार के विभिन्न अंगों–व्यवस्थापिका, प्रशासन और न्यायपालिका के निर्णयों तथा क्रियाओं को प्रभावित करने की चेष्टा करता है। भारत में इस दृष्टि से अनेक दबाव समूह कार्यरत हैं। इनमें मुख्य उद्योगपतियों, व्यापारियों, श्रमिकों, किसानों, युवकों और महिलाओं के विभिन्न संगठन हैं जो सरकार की कार्य प्रणाली को प्रभावित करने की चेष्टा करते हैं। पिछले कुछ वर्षों से पर्यावरण तथा पारिस्थितिकी से

सम्बन्धित अनेक दबाव समूह कार्यरत हैं जो पर्यावरण की स्वच्छता पर जोर दे रहे हैं और सरकारी नीतियों को इस दिशा में प्रभावित करने की चेष्टा कर रहे हैं।

आर्थिक हितों और लक्ष्यों की भिन्नता के उपरांत भी विभिन्न दबाव समूहों की कार्य प्रणाली में काफी समानता दिखायी पड़ती है। प्रायः सभी दबाव समूह सम्बन्धित मंत्रालयों, संसद सदस्यों आदि से भेंटवार्ता, विचार विमर्श, पत्र लेखन, स्मरण पत्र, समाचार पत्रों के संपादक के नाम पत्र आदि के माध्यम से अपने दृष्टि कोण को सरकार, संसद, विधान सभा तथा जनता के समक्ष प्रस्तुत करते हैं। चुनावों में दबाव समूहों की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है जो दल, पदाधिकारी, सांसद उनके दृष्टिकोण का समर्थन करते हैं, ये दबाव समूह भी उनके विजय की भरपूर चेष्टा करते हैं।

भारतीय परिस्थितियों में दबाव समूह केवल आर्थिक हितों के रक्षक के रूप में ही कार्य नहीं करते हैं। इन समूहों के अभ्युदय में भाषा, संस्कृति, क्षेत्रीयता, जाति, धर्म आदि की भूमि का भी काफी महत्वपूर्ण है।

दबाव समूहों को वर्तमान राजनीतिक प्रक्रियाओं में लॉबीज़ के प्रचलित नाम से जाना जाता है। इनकी मुख्यतः दो आधारों पर आलोचना की जाती है प्रथम, इससे सदैव ऐसा आभास होता है कि यह समूह निर्णयकारी प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए दबाव अथवा अन्य ऐसे तरीके अपनाता है जो कि अनिवार्य रूप में उचित नहीं हैं तथा द्वितीय, इसका प्रयोग अधिकतर हेयता सूचक शब्द के रूप में किया गया है क्योंकि इससे यह भी आभास होता है कि यह समूह सदैव लुकी–छिपी साजिशों द्वारा सरकार की प्रक्रियाओं को प्रभावित करने का प्रयास करता है। जो कि उचित नहीं है।

3.4.1 राजनीतिक महत्व

दबाव समूह सरकारी संस्थाओं की प्रधानता वाले पर्यावरण में क्रियाशील होते हैं, अतः इनके द्वारा अपनाये जाने वाले दाँव–पेंच एंव युक्तियाँ काफी सीमा तक इसी पर्यावरण द्वारा प्रभावित होती हैं। प्रथम, कुछ समूहों के उद्देश्य प्रभावक समूहों के अनुकूल हो सकते हैं, परन्तु कुछ इनके प्रतिकूल भी होते हैं। द्वितीय, निर्णय कर्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाली संस्थाएं दबाव–समूहों की सक्रियता एवं उद्देश्यों के प्रति सहानुभूतिपरक हो सकती हैं। अथवा इनके प्रति विरोधी अभिवृत्तियों के कारण इनके विकास को प्रभावित कर सकती हैं। तृतीय, राजनीतिक दल भी दबाव समूहों का महत्वपूर्ण पर्यावरण है। दुर्बल राजनीतिक दल एवं दलीय अनुशासन का अभाव दबाव समूहों को विकसित करने का अवसर प्रदान करते हैं। जबकि सक्षम एवं मजबूत राजनीतिक दल इनके विकास में बाधक हैं तथा इन्हें अपने नियंत्रण एवं निर्देशन में लाने का प्रयास करते हैं। दलीय व्यवस्था के

स्वरूप एवं दलों की संरचना का भी दबाव समूहों की युक्तियों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। चतुर्थ, दबाव समूहों का प्रचालन व्यक्तियों तथा उनकी राजनीतिक संस्कृति द्वारा भी प्रभावित होता है। उदाहरणार्थ, भारत में राजनीतिक संस्कृति प्रभावक समूहों को प्रादेशिकता के प्रति घृणित बना देती है। फ्रांस के लोग दबाव समूहों द्वारा शांन्तिमय सौदेबाजी की अपेक्षा प्रत्यक्ष सक्रियता एवं हिंसात्मक उपद्रवों में अधिक विश्वास रखते हैं जबकि अमरीका में दबाव समूहों की सक्रियता के प्रति सहिष्णुता की भावनाएं रखते हैं पर्यावरण की वस्तुओं के सन्दर्भ में दबाव समूहों के सामने दो सम्भावनाएं होती हैं :

1. पर्यावरण के अनुकूल अपने उद्देश्यों को परिवर्तित कर लेना।
2. पर्यावरण को अपने उद्देश्यों के अनुकूल परवर्तित करने का प्रयास करना।

अन्य शब्दों में दबाव समूहों की युक्तियाँ समायोजन अथवा संघर्ष की हो सकती हैं तथा सक्रियता की शैली भी इन्हीं युक्तियों पर निर्भर करती है।

दबाव समूहों का प्राथमिक लक्ष्य अपने हितों के अनुकूल सरकारी निर्णयों को प्रभावित करना होता है। अतः केवल निर्णायकों तक अपनी माँगें पहुँचाना ही पर्याप्त नहीं है अपितु उन्हें प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना अधिक महत्वपूर्ण है। इसके लिए कई बार दबाव समूह जन–अभियोग द्वारा अनुकूल जनमत का निर्माण करने का भी प्रयास करते हैं। जन–अभियान की युक्ति केवल उन्हीं दबाव समूहों द्वारा अपनायी जाती है जिनकी आर्थिक स्थिति काफी अच्छी होती है। क्योंकि जन अभियान के लिए काफी धन की आवश्यकता पड़ती है। इसके लिए दबाव समूह समाचार पत्र में विज्ञापन देते हैं, इश्तिहार एवं पैम्फलेट जारी करने, विचार–गोष्ठियों एवं परिसंवादों का आयोजन करने अथवा फिल्मों आदि के प्रदर्शनों का आयोजन करने जैसे विविध साधनों का प्रयोग करते हैं। कई बार दबाव समूह भौतिक प्रदर्शन एवं हिंसा की विधियों को भी अपनाते हैं। ये विधियां मुख्यतः अप्रतिमानित दबाव समूहों द्वारा अपनायी जाती है, परन्तु कुछ परिस्थितियों में सभी प्रकार के समूह इन्हें अपनाते हैं।

देश के ऐतिहासिक विकास एंव राजनीतिक संस्कृति का भी दबाव समूहों के दांव–पेंचों एवं युक्तियों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। कई बार इनके परिणामस्वरूप दबाव–समूह भौति प्रदर्शनों एवं हिंसक उपद्रवों को अपना साधन बना लेते हैं। पीरू इस प्रकार के देशों का प्रमुख उदाहरण है। ट्रेड यूनियनों को इनकी हिसंक संस्कृति के कारण ही शक की निगाहों से देखा जाता है। फ्रांस में भी कृषकों ने कई बार अपनी मागों के समर्थन में हिंसक युक्तियों को अपनाया है। उत्तर आयरलैंड में धार्मिक विभाजनों के कारण दबाव समूहों के लिए किसी एक धार्मिक समूह से कटकर कार्य

करना कठिन हो जाता है अतः किसी देश की राजनीतिक संस्कृति दबाव समूहों के दाँव–पेंचों एवं युक्तियों के स्वरूप, वेग एवं दिशा को प्रभावित करती है।

कई बार दबाव समूहों एवं निर्णायकों के बीच व्यक्तिगत सम्पर्क भी दबाव समूहों के हितों के अनुकूल नीति का निर्माण करवाने अथवा इसमें परिवर्तन करवाने में सहायक है। इसके लिए दबाव समूह परिवार, स्कूल, स्थानीय एवं सामाजिक सम्बन्धों का सहारा लेते हैं।

दबाव समूहों द्वारा अपने हितों की प्राप्ति की लिए अपनाई जाने वाली एक अन्य युक्ति शक्ति धारकों में घुसपैठ करना है ताकि केवल बाहर से ही नहीं अपितु अन्दर से भी निर्णयन प्रक्रिया को प्रभावित किया जा सके। इस युक्ति में प्रमुख लक्ष्य विधान मण्डल अथवा सरकार में अपने सदस्यों को पहुँचाना होता है। विधान मण्डलों में घुसपैठ राजनीतिक दलों के माध्यम से ही सम्भव है। कई बार दबाव समूह चुनाव के समय अपने प्रत्याशी खड़े करते हैं जो कि जीत जाने पर अपने प्रभावक समूह के हितों का ध्यान रखते हैं। सरकार में घुसपैठ विधान मण्डलों में घुसपैठ से कहीं अधिक प्रभावी है। इसके लिए दबाव समूह अपने सदस्यों को कुछ सरकारी पद प्राप्त करने में सहायता देते हैं। अमरीका में कुछ महत्वपूर्ण सरकारी पदों पर व्यापारियों के व्यवस्थापकों की नियुक्ति सामान्य सी बात है।

3.5 नौकरशाही

नौकरशाही का सम्बन्ध सत्ता के प्रथम प्रकार (तार्किक वैधानिक सत्ता) से है। यह कोई नवीन व्यवस्था नहीं है। वास्तव मे, इसका उद्‌भव एवं विकास उसी समय हो गया था जब प्राचीनकाल में विशाल साम्राज्यों की स्थापना हुई थी। विशाल साम्राज्यों को बनाये रखने के लिए तथा प्रशासन के सभी क्षेत्रों पर पकड़ कर रखने के लिए अधिकारियों की नियुक्तियों, उनके पदों, दायित्वों और अधिकारों के स्पष्ट विभाजन व निर्धारण की संगठन पद्वति का विकास हुआ। जगत् प्रसिद्ध कौटिल्य के अर्थशास्त्र में नौकरशाही का स्पष्ट विवरण है। परन्तु जिस रूप में नौकरशाही को आज हम देखते हैं, उसका विकास औद्योगीकरण के साथ–साथ हुआ है। प्राचीन मिश्र तथा रोम में नौकरशाही की विद्यमानता के प्रमाण मिले हैं, परन्तु यह प्राचीन नौकरशाही पैतृक प्रशासन, जहाँ प्रशासक के व्यक्तिगत विचारों भावनाओं के आधार पर शासक होता था? आधुनिक नौकरशाही पूर्णतः अवैयक्तिक व्यवस्था है तथा पूँजीवाद एवं प्रजातंत्र के विचारों ने नौकरशाही को संगठन का अपरिहार्य रूप बना दिया है आधुनिक युग में इसका विकास सामान्यतः व्यक्तिगत स्वतंत्रता में कभी

से जोड़ा जाता है। इसके परिणामस्वरूप कुछ विद्वानों (यथा गुन्नार मिर्डल) ने इसके विपुल विकास की आलोचना की है और इसे सार्वजनिक धन का कुछ गिने– चुने व्यक्तियों के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए दुरूपयोग बताया है। दूसरी ओर, कुछ विद्वानों (यथा, राइनहार्ड बैन्डिक्स) ने इस बात पर बल दिया है कि नौकरशाही के विकास से मानवीय स्वतंत्रता में वृद्धि हुई है। इसके विकास का परिणाम चाहे कुछ भी क्यों न रहा हो, आज यह वास्तविकता है कि नौकरशाही आधुनिक समाज की प्रमुख विशेषता है। यह सत्ता संचालन का एक प्रमुख साधन है।

'नौकरशाही' शब्द अंग्रेजी भाषा के शब्द 'ब्यूरोक्रेसी' का हिन्दी रूपान्तर है जिसका शाब्दिक अर्थ अधिकारी वर्ग की एक व्यवस्था अथवा बौद्विक रूप से परस्पर सम्बन्धित व्यक्तियों का संयोग है। अन्य शब्दों में, यह एक ऐसा औपचारिक संगठन है जिसमें व्यक्ति पदों के आधार पर विभिन्न स्थितियाँ रखते हैं और बौद्धिक रूप से एक–दूसरे से आबद्ध होते हैं। 19 वीं शताब्दी में यूरोप के देशों में विशेषतः जर्मनी में, ब्यूरोक्रेसी शब्द का प्रयोग अधिकारियों द्वारा शासित सरकार के लिए किया जाता था। कोज़र तथा रोजेनबर्ग के शब्दों में 'कर्मचारी तंत्र को एक सोपानिक संगठन के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जिसे बड़े पैमाने पर प्रशासनिक कार्यो के अनुसरण में लगे अनेक व्यक्तियों के काम को समन्वित करने के लिए तर्कसंगत ढंग से रूपांकित किया जाता है। मैक्स वेबर के अनुसार नौकरशाही आधुनिक समाजों के बड़े प्रशासनिक संगठनों में बौद्विक एवं कुशल अभिकरण के रूप में कार्य करता है। यह एक ऐसी प्रशासनिक व्यवस्था है जिसमें सत्ता के सोपान पाये जाते हैं तथा जिसमें प्रशिक्षित वेतन भोगी विशेषज्ञों को असामान्य मूर्त तथा स्पष्ट रूप से परिभाषित नियमों के अनुसार कार्य करना पड़ता है। वेबर ने अधिकारी तंत्र को दो रूपों में परिभाषित किया है :

(अ) वैधानिक सत्ता के रूप में – इस रूप में अधिकारी तंत्र विधि द्वारा स्थापित अवैयक्तिक व्यवस्था है जिसमें व्यक्ति पद की सत्ता का प्रयोग इस आधार पर करते हैं कि उन्हें पद की सत्ता के दायरे में आदेश देने की औपचारिक वैधता प्राप्त है।

(ब) एक संगठन के रूप में – संगठन के रूप में अधिकारीतंत्र एक संस्तरण बद्ध संगठन है जिसकी रचना बौद्धिक ढंग से ऐसे व्यक्तियों के कार्यो के समीकरण के लिए की गई है जो वृहद स्तर के प्रशासनिक दायित्वों व संगठनात्मक लक्ष्यों में लगे है।

इस भाँति वेबर के लिए नौकरशाही विधि द्वारा स्थापित औपचारिक व संस्तरित पदों की एक अवैयक्तिक व्यवस्था है जो प्रशासनिक दायित्वों की पूर्ति और संगठनात्मक लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए

स्थापित की जाती है। अतः नौकरशाही संगठन अथवा प्रशासन का एक विशेष रूप अथवा प्रणाली है। वेबर ने स्पष्ट लिखा है कि नौकरशाही प्रशासन का मौलिक अर्थ ज्ञान के आधार पर नियंत्रण करना है। इसकी यह विशेषता इसे विशिष्ट रूप से बौद्विक बनाती है।

समाजशास्त्र में नौकरशाही की अवधारणा के प्रयोग का श्रेय मुख्य रूप से मैक्स वेबर को दिया जाता है जिसने नौकरशाही को एक आदर्श प्रारूप के रूप में समझाने का प्रयास किया है। इसके अतिरिक्त मोस्का, रॉबर्ट के0 मर्टन, पीटर एम0 ब्लाउ तथा एटज़ियोनी आदि विद्वानों ने भी नौकरशही की अवधारणा व सिद्वान्त के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किये हैं।

3.5.1 विशेषतायें

नौकरशाही की अवधारणा को इसकी निम्नलिखित विशेषताओं द्वारा और अधिक अच्छी प्रकार से समझा जा सकता है :

1. **नियमों का महत्व** – नौकरशाही में पदाधिकारियों के कार्य अवैयक्तिक नियमों के अन्तर्गत होते हैं तथा इन नियमों में स्थायित्व व निरन्तरता पाई जाती है। नौकरशाही को एक ऐसा संगठन कहा जा सकता हैं जिस में व्यक्तियों की अपेक्षा पदों से जुड़ें नियमों को अधिक महत्व दिया जाता है। समान रूप से सभी पदाधिकारियों द्वारा इन नियमों के पालन के कारण नौकरशाही संगठन में स्थायित्व बना रहता है।
2. **स्पष्ट एंव निश्चित कार्य–क्षेत्र** – नौकरशाही में प्रत्येक अधिकारी की सत्ता तथा दायित्वों का क्षेत्र सीमित होता है। वास्तव में, नौकरशाही में कार्य कुशलता तथा दक्षता के आधार पर श्रम–विभाजन पाया जाता है। जिसमें प्रत्येक सदस्य का कार्य–क्षेत्र पूर्णतः स्पष्ट रूप से परिभाषित होता है।
3. **पदों का संस्तरण** – अधिकारी तंत्र को कार्यों का संस्तरण–बद्ध संगठन कहा जा सकता है अर्थात इसमें विभिन्न पद उच्चता से निम्नता के क्रम में संगठित रहते हैं, परन्तु निम्नता से उच्चता की ओर अपील करने की छूट होती है अगर किसी अधिकारी की किसी प्रकार की शिकायत है तो वह अपने से उच्च अधिकारी से ऐसा कर सकता है। पदों में संस्तरण होने के बावजूद ये पद एक–दूसरे से घनिष्ठ रूप से जुड़े होते हैं तथा इनमें केन्द्रीयकरण की प्रवृत्ति पाई जाती है।
4. **तकनीकी नियमों अथवा आदर्श प्रतिमानों के आधार पर अधिकारियों के व्यवहार पर नियंत्रण** – नौकरशाही में सभी पदाधिकारियों के कार्य तकनीकी नियमों द्वारा नियंत्रित होते है अर्थात् कोई अधिकारी मनमाने ढंग से व्यवहार नहीं कर सकता, अपितु उसे नियमों के अनुसार

ही कार्य करना पड़ता है। नौकरशाही में उच्च पदों पर नियुक्ति अधिकारियों को अपने से निम्न पदाधिकारियों के कार्यों की देख –रेख का अधिकार होता है। तथा अगर अनिवार्य हो तो वे ऐसा अनुशासन समिति द्वारा कर सकते हैं।

5. **प्रशासनिक पदाधिकारियों का उत्पादन के साधनों के स्वामित्व से पूर्ण पृथक्करण** – नौकरशाही में पदाधिकारी ही उत्पादन के साधनों अथवा प्रशासनिक साधनों पर एकाधिकार नहीं रखते अपितु इनमें अन्तर होता है। अगर ऐसा नहीं है तो अधिकारी तंत्र में बौद्धिकता तथा निष्पक्षता पूर्णरूप से प्राप्त नहीं की जा सकती।
6. **बाहरी अंकुश की कमी** – नौकरशाही संगठन बाहरी दबावों तथा अंकुश से मुक्त होना चाहिए ताकि सभी पदाधिकारी अपनी सीमाओं के अन्दर नियमानुसार कार्य कर सकें। अगर बाहरी अंकुश होगा तो सही निर्णय लेने की प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है तथा लक्ष्य प्राप्ति में बाधाएं पैदा हो सकती हैं।
7. **पदों के एकाधिकार का अभाव** – नौकरशाही के पदों पर किसी एक व्यक्ति का एकाधिकार नहीं होना चाहिए तथा संगठन को आवश्यकतानुसार अधिकारियों को स्थानान्तरित करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए। नियमों का पालन न करने पर पद की अवनति तथा क्षमतापूर्वक कार्य करने पर पदोन्नति की व्यवस्था एकाधिकार की समाप्ति के लिए ही नौकरशाही में पाई जाती है।
8. **नियमों, आदेशों तथा निर्णयों का लिखित रूप** – नौकरशाही के सभी नियम आदेश तथा निर्णय लिखित होते हैं तथा किसी भी प्रकार के मौखिक आदेशों इत्यादि की व्यवस्था नहीं होती। हर निर्णय तथा आदेश लिखित रूप में होता है तथा इनका रिकॉर्ड रखा जाता है। यह व्यवस्था नौकरशाही को सुचारू रूप से चलाने तथा पक्षपातरहित बनाने के लिए होती है। इसी विशेषता के आधार पर कुछ लोगों के नौकरशाही संगठन को लालफीताशाही की प्रवृति को जन्म देने वाला संगठन भी कहा है।

उपर्युक्त विशेषताओं के अतिरिक्त नौकरशाही में पदों पर नियुक्ति या तो प्रतियोगी परीक्षा के आधार पर होती है या विशेष योग्यता वाले डिप्लोमा, डिग्री या प्रमाण पत्र के आधार पर की जाती है। प्रत्येक पदाधिकारी अपने काम के एवज में निश्चित वेतन पाता है। पदों में संस्तरण की भाँति वेतन–क्रम में भी एक संस्तरण होता है। इसके साथ ही पदाधिकारियों का अपने कार्य पालन की स्थिति में उत्पन्न कठिनाइयों में उचित रूप से संरक्षण तथा पद–समाप्ति के पश्चात् पेन्शन इत्यादि की सुविधाएं आदि विशेषताएं नौकरशाही में देखी जा सकती हैं।

मैक्सवेबर के अनुसार नौकरशाही अपने उपर्युक्त लक्षणों के कारण आधुनिक समाज में एक वृहत् प्रशासनिक संगठन के बौद्धिक एवं कुशल अभिकरण के रूप में कार्य करता है। परन्तु

रॉबर्ट के0 मर्टन के अनुसार नौकरशाही की यही विशेषतायें इसकी अकुशलता एवं अपर्याप्तता का कारण है क्योंकि इनके आधार पर इस संगठन में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। अधिकारी केवल नियमों के दास बनकर रह जाते हैं, क्योंकि नियमों का पालन करने पर ही उनकी पदोन्नति सम्भव है। यह लक्षण पदाधिकारियों को आत्म–केन्द्रित और घमण्डी बना देते हैं तथा वे अपने हितों की रक्षा के लिए अपने से उच्च अथवा निम्न अधिकारियों के हितों को नुकसान पहुँचाने से नहीं चूकते।

3.5.2 नौकरशाही का राजनीतिक विकास में महत्व

मैक्स वेबर ने नौकरशाही का विश्लेषण इसके सामाजिक परिणामों की दृष्टि से किया है साथ ही नौकरशाही के राजनीतिक विकास में महत्व को भी रेखांकित किया है। यह निम्नलिखित रूप में समाज के विकास में योगदान देता है।

1. यह प्रशासन को प्राविधिक श्रेष्ठता प्रदान करता है। अवैयक्तिक नियमों द्वारा निर्दिष्ट होने के कारण नौकरशाही कार्यवाही की सामान्य विश्वसनीयता एवं गण्यता को बढ़ा देता है। इसके अन्तर्गत कार्य अधिक सूक्ष्मता से, तेजी से, मितव्यपिता से तथा बिना अनावश्यक विवाद के सम्पन्न होते हैं।
2. यह प्रजातंत्र के लिए अनिवार्य होता है। वेबर के अनुसार ज्यों–ज्यों प्रजातंत्र का विस्तार होता है, अधिकारी तंत्र पर आधारित प्रशासनिक व्यवस्था की अपरिहार्यता भी बढ़ती जाती है।
3. यह प्रशासन एंव राजनीतिक नियन्त्रण की पृथकता को सम्भव बनाता है। वास्तव में नौकरशाही ही प्रशासनिक संगठन की एक ऐसी मशीन है जो स्वचालित होती है। इसके द्वारा यह सम्भव हो जाता है कि राजनीतिक नेतृत्व व्यवस्थापिका एवं नीति–निर्माण के कार्यो पर ही अपना ध्यान केन्द्रित कर सके। साथ ही, राजनीतिक नेतृत्व अधिकारी तंत्र पर भी अपना नियन्त्रण रख सकता है ताकि पदाधिकारी मनमानी पर न उतर आयें।
4. यह शिक्षा के महत्व एवं विभेदीकरण को प्रोत्साहन देता है क्योंकि अधिकारी तंत्र की आवश्यकताओं ने शिक्षा के स्वरूप को भी प्रभावित किया है। कर्मचारियों के चयन के लिए विश्वविद्यालयों के डिप्लोमा, सर्टिफिकेट्स तथा डिग्री आदि का महत्व बढ़ जाता है।
5. यह नवीन बौद्धिक, वैज्ञानिक व अवैयक्तिक संस्कृति के उदय में सहायक है। वास्तव में, प्रतियोगी परीक्षाओं पर आधारित, औपचारिक नियमों द्वारा निर्दिष्ट मानवीय भावनाओं में तटस्थ, दफ्तरी कार्य–प्रणाली एक नवीन संस्कृतियों को विकसित कर रही है। इससे नवीन व्यवसायियों

का वर्ग विकसित होता है। तथा समय सारिणी में आबद्ध औपचारिक एवं लिखित नियमों की प्रतिष्ठा से विभूषित, योजनाबद्ध जीवन शैली का विकास होता है प्रत्येक कदम लागत तथा लाभ को विश्लेषण के आधार पर उठाया जाने लगा है।

6. नौकरशाही प्रशासन के साधनों के एकत्रीकरण के प्रोत्साहन देता है। ज्यों–ज्यों नौकरशाही संगठनों का आकार बढ़ता जाता है। त्यों–त्यों इनको चलाने के साधनों को स्वतंत्र व्यक्तियों और समूहों से ले लिया जाता है और अल्पसंख्यक शासक समूह के अधिकार में दे दिया जाता है।
7. नौकरशाही एक ऐसी शासन प्रणाली है जो आर्थिक और सामाजिक मंदों को दूर करके सामाजिक समतलीकरण एवं पाटने का काम करती है। वस्तुनिष्ठ शैक्षिक प्रमाण पत्रों व औपचारिक परीक्षाओं के आधार पर भिन्न पदों पर नियुक्तियों की जा सकती है। परिवार, वंश या आर्थिक सम्पन्नता ऐसी नियुक्तियों को प्रभावित नही करती।

मैक्स वेबर के अनुसार ज्यों–ज्यों समाज में औद्योगिकरण का विकास हो रहा है तथा राज्य की सार्वजनिक क्रियाओं का क्षेत्र बढ़ता जा रहा है, त्यों–त्यों नौकरशाही संगठन की आवश्यकता भी बढ़ती जा रही हैं वेबर के अनुसार यह बात चर्च , राज्य, सेना, राजनीतिक दल, आर्थिक संगठन यहाँ तक कि ऐच्छिक समितियों एवं क्लबों के लिए भी उतनी ही सत्य है। चाहे लोग अधिकारी तंत्र के अभिशापों के सम्बन्ध में कितनी भी शिकायत क्यों न करें, क्षण भर के लिए भी यह सोचना केवल भ्रम मात्र होगा कि दफ्तरों में कार्यरत अधिकारियों को माध्यम बनाये बिना किसी भी क्षेत्र में प्रशासनात्मक कार्य किया जा सकता है।

3.6 बोध प्रश्न

1. 'रूलिंग क्लास' का प्रयोग मुख्य रूप से किसने किया।

   (क) मोस्का (ख) पारेटो

   (ग) सी0 राइट मिल्स (ध) वेबर

2. 'शेर' और 'लोमड़ी' की अवधारणा का सर्वप्रथम प्रयोग किसने किया।

   (क) राबर्ट मिशेल (ख) पारेटो

   (ग) मेकियावेली (ध) वेबर

3. 'दि पावर एलीट' पुस्तक के लेखक है।

(क) मैकाइवर एण्ड पेज (ख) बाटोमोर

(ग) राबर्ट दाहल (ध) सी0 राइट मिल्स

4. रूसों की बौद्धिक भूमिका किस क्रान्ति के लिए मुख्य रूप से उत्तर दायी मानी जाती है।

(क) औद्योगिक क्रान्ति (ख) फ्रांस की क्रान्ति

(ग) अमरीकी क्रान्ति (ध) बोल्शेनिक क्रान्ति

5. राजनीतिक समाजशास्त्र को प्रारम्भ करने का श्रेय किस समाजशास्त्री को जाता है।

(क) मैक्स वेबर (ख) कार्ल मार्क्स

(ग) पारेटो (ध) राबर्ट के0 मर्टन

3.7 सारांश

राजनीतिक समाजशास्त्र की इकाई 3 में शक्ति और उससे सम्बन्धित सिद्वान्तों का विश्लेषण किया गया है। शक्ति और उसका वितरण राजनीतिक उपव्यवस्था का आधार है। शक्ति वितरण केक अभिजन सिद्धान्तों ने राजनीतिक प्रक्रियाओं को विश्लेषित किया है। मोस्का ने शासनवर्ग की अवधारणा के माध्यम से तथा पारेटो ने शासक तथा अशासक अभिजन के परिभ्रमण के माध्यम से शक्ति वितरण को समझाया है। पारेटो स्पष्ट करते है कि अभिजन के परिभ्रमण के द्वारा समाज में परिवर्तन घटित होता है। राबर्ट मिशेल अल्पतंत्र का लौह नियम प्रतिपादित करते है और बताते है कि हर संगठन में शक्ति का प्रयोग एक अल्पतंत्र के द्वारा ही किया जाता है। सी0 राइट मिल्स अमेरिका के सन्दर्भ 'शक्ति अभिजन' की अवधारणा गढ़ते है। वे स्पष्ट करते है कि अमरीकी समाज में राजनेता, उद्योगपति (पूँजीपति) और सैनिक नेतृत्व के मध्य एक गठबन्धन विकसित हो जाता है, जो शक्ति अभिजन कहलाता है, और यही शक्ति अभिजन राजनीतिक सामाजिक रूप से अधिकांश निर्णय लेना है। इस यूनिट के अगरे चरण में राजनीतिक परिवर्तनों में बौद्धिकों की भूमिका को स्पष्ट किया गया है। फ्रांस की क्रान्ति में बौद्धिकों की भूमिका आदर्श उदाहरण के रूप में उभर कर सामने आई थी। राजनीतिक प्रक्रियाओं में दबाव समूह और हित समूह की महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। दबाव समूह राजनीतिक निर्णय निर्धारण को प्रभावित करने के अनेक प्रयास करते है। राजनीतिक स्वरूपों और विशेष रूप से जनतांत्रिक राजनीति का कार्य कलाप नौकरशाही से संचालित होता है।

नौकरशाही एक तर्क संगत संगठन है जिसके द्वारा लोकतांत्रिक समाज अपना कार्य कलाप सम्पन्न करते है।

3.8 उपयोगी पुस्तकें

- डॉ0 धर्मवीर, राजनीतिक समाजशास्त्र, (राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, 1996)
- डॉ0 एम0एम0 लबानिया, राजनीतिक समाजशास्त्र, (रिसर्च पब्लिकेशन, नई दिल्ली, 1997)
- राइन हार्ड बेन्डिक्स, मैक्स वेबर : एक बौद्धिक व्यक्तित्व (अनु0, कैलाश नाथ शर्मा), हिन्दी संस्थान, लखनऊ, 1969।
- टी0वी0 बॉटोमोर, अभिजन और समाज, (अनुवादकः नेमिशरण मित्तल), दि मैकमिलन कम्पनी ऑफ इण्डिया लिमिटेड, नई दिल्ली, 1977।
- हैरी एम0 जानसनः समाजशास्त्र (एक विधिवत विवेचन), अनु0, योगेश अटल, कल्याणी पब्लिशर्स, नई दिल्ली, 1999।

3.9 बोध प्रश्नों के उत्तर

प्रश्न –

1. (क) 2. (ग)

3. (ध) 4. (ख) 5. (क)

3.10 स्वपरख प्रश्न/अभ्यास

प्रश्न 1. 'अभिजन' को परिभाषित कीजिए। अभिजन के परिभ्रमण के सिद्धान्त की आलोचनात्मक व्याख्या कीजिए।

प्रश्न 2. किस प्रकार 'शक्ति अभिजन' समाज को प्रभावित करते है, विश्लेषण कीजिए।

प्रश्न 3. दबाव समूह और हित समूह में अन्तर स्पष्ट करते हुए राजनीतिक प्रक्रिया में इनकी भूमिका का विश्लेषण कीजिए।

प्रश्न 4. नौकरशाही क्या है। क्या नौकरशाही जनतंत्र के विकास के लिए अनिवार्य है।

इकाई – 4 राजनैतिक दल

इकाई की रूपरेखा

4.0 उद्देश्य

4.1 प्रस्तावना

4.2 राजनैतिक दल

4.3 विशेषतायें

4.4 राजनैतिक दलों की संरचना

4.5 राजनैतिक दलों का सामाजिक संगठन

4.6 राजनैतिक भर्तीकरण

4.7 जन–सहभागिता

4.8 राजनैतिक उदासीनता

4.9 कारण और परिणाम (भारत के सन्दर्भ में)

4.10 सारांश

4.11 उपयोगी पुस्तकें

4.12 बोध प्रश्नों के उत्तर

4.13 स्वपरख प्रश्न/अभ्यास

4.0 उद्देश्य

इस इकाई का अध्ययन करने के पश्चात् आप इस योग्य हो सकेगें कि –

- समाज व्यवस्था की शक्ति एवं सत्ता को सुगमता से समझ सकें।
- समाज व्यवस्था में सत्ता के लिए आकांक्षी व्यक्ति प्रतिस्पर्धा कैसे करते हैं एवं किस प्रकार इसे प्राप्त करते हैं यह समझ सकें।
- यह जान सकें कि राजनैतिक दलों का सामाजिक संगठन कैसा है।
- राजनैतिक दलों में भर्ती की अवधारणा समझ सकें।
- समाज व्यवस्था में जन–सहभागिता की स्थिति समझ सकें।
- राजनैतिक उदासीनता के कारण और परिणामों को समझ सकें।

4.1 प्रस्तावना –

राजनीतिक दल राजनीतिक समाजशास्त्र की महत्वपूर्ण अवधारणा है। राजनीतिक दल को विश्लेषित करने से पूर्व राजनीतिक समाजशास्त्र का संक्षिप्त परिचय सभी चीन है।

लोकतान्त्रिक राजनैतिक व्यवस्था में राजनैतिक दलों का स्थान केन्द्रीय अवधारणा के रूप में अत्यन्त महत्वपूर्ण है। राजनैतिक दल किसी समाज व्यवस्था में शक्ति के वितरण और सत्ता के आकांक्षी व्यक्तियों एवं समूहों का प्रतिनिधित्व करते हैं। वे परस्पर विरोधी हितों के सारणीकरण, अनुशासन और सामंजस्य का प्रमुख साधन रहे हैं। इस तरह से राजनैतिक दल समाज व्यवस्था के लक्ष्यों, सामाजिक गतिशीलता, सामाजिक परिवर्तनों, परिवर्तनों के अवरोधों और सामाजिक आन्दोलनों से भी सम्बन्धित होते हैं। राजनैतिक दलों का अध्ययन समाजशास्त्री और राजनीतिशास्त्री दोनों करते हैं, लेकिन दोनों के दृष्टिकोणों में पर्याप्त अन्तर है। समाजशास्त्री राजनैतिक दल को सामाजिक समूह मानते हैं जबकि राजनीतिज्ञ राजनीतिक दलों को आधुनिक राज्य में सरकार बनाने की एक प्रमुख संस्था के रूप में देखते हैं।

4.2 राजनीतिक दल –

राजनीतिक दल राजनीतिक समाजशास्त्र की महत्वपूर्ण अवधारणा है। राजनीतिक दल को विश्लेषित करने से पूर्व राजनीतिक समाजशास्त्र का संक्षिप्त परिचय समीचीन हैं। राजनीतिक

समाशास्त्र के अन्तर्गत सामाजिक जीवन के राजनीतिक एंव सामाजिक पक्षों के मध्य पाई जाने वाली अन्तः क्रिया का विश्लेषण विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक चरों के पास्परिक सम्बन्ध, प्रभाव एंव समागम का अध्ययन करते है समाज और राजनीतिक को एक नवीन परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत करने का काम राजनीतिक समाजशास्त्र करता है। दूसरे शब्दों में राजनीतिक समाजशास्त्र' राजनीतिकृत समाज और समाजीकृत राजनीति का अध्ययन करता है। राजनीतिक समाशास्त्र को अनेक विश्वविद्यालयों में समाजशास्त्र एंव राजनीति विज्ञान दोनों विषयों में पढ़ाया जाता है, जिससे इसकी सर्वमान्य परिभाषा करना कठिन हो गया क्योंकि समाजशास्त्री अपने अध्ययन में सामाजिक पक्षों पर अधिक महत्व देते है तथा राजनीतिक समाजशास्त्र को सामान्य समाजशास्त्र की एक उपशाखा मानते हैं। दूसरी ओर, राजनतिज्ञ पक्षों पर अधिक ध्यान देते है और उसे राजनीति– विज्ञान की एक शाखा मानते है।

राजनीतिक शब्द का प्रयोग परम्परागत रूप से राज्य, सरकार एंव राजनीतिक संस्थाओं के सन्दर्भ में किया जाता है। एस. ग्रीर एंव पी. ऑरलियन्स ने लिखा है कि ''राजनीतिक समाजशास्त्र का प्रमुख अध्ययन राज्य नामक अनुपम सामाजिक संरचना का वर्णन, विश्लेषण एंव समाज शास्त्रीय व्याख्या करना है बी. क्रिक के अनुसार, ''राजनीतिक का आशय राज्यों में सन्धियों की प्रक्रिया को माना हैं। मैक्स बेबर के अनुसार, ''राजनीति का आशय शक्ति विभाजन के प्रयास अथवा राज्यों या राज्यों के अन्तर्गत समूहों में शक्ति के विवरण को प्रभावित करने के प्रयास को माना है लेकिन वर्तमान समाजशास्त्री राजनीति संस्थाओं का अध्ययन मात्र नहीं मानकर समस्त अवलोकनीय व्यवहार (Observational Behavior) को इनमें सम्मिलित करते है।''

डेविड ईस्टन ने लिखा है कि, ''किसी समाज में मूल्यों के प्राधिकारिक वितरण से सम्बन्धित क्रिया राजनीतिक है अथात् राजनीति के अध्ययन में केवल राज्य एंव औपचारिक राजनीतिक सस्थाओं का अध्ययन करना ही नहीं है बल्कि यह सामाजिक क्रिया है जो सभी प्रकार के सम्बन्धों में राजनीति पाई जाती है'' एसलेस्वेल ने कहा है कि, '' राजनीति के अध्ययन से हमारा अभिप्रयाय प्रभाव तथा प्रभावशाली, शक्ति तथा शाक्तिशाली का अध्ययन करना है।'' एच. चुलाउ ने लिखा है कि, '' व्यक्ति का व्यवहार इस अर्थ में राजनीतिज्ञ व शासनकर्ता है अथवा आज्ञा पालनकर्ता है जब वह समझौता करता है, वादा करता है एंव सौदेबाजी करता है, जबरदस्ती सहयोग लेता है एंव प्रतिनिधत्व करता है, लड़ता है एंव डरता है।'' राजनीतिक समाजशास्त्र को परिभाषाएँ उन विद्वानों

द्वारा की गई जो इसे राजनीति विज्ञान से सम्बन्धित मानते है जबकि दूसरों वर्ग में उन परिभाषाओं को रखते है जो इसे समासशास्त्र की एक विशिष्ट शाखा मानते है।

राजनैतिक समाजशास्त्री राजनीतिक दल को सामाजिक समूह के रूप में विश्लेषित करते हैं। इन्हें सामाजिक समूह इसलिए माना जाता हैं क्योंकि इनमें सभी प्रकार के सामाजिक सम्बन्ध पाये जाते हैं। इनकी सदस्यता स्वैच्छिक तथा औपचारिक होती है। इनमें अन्योन्याश्रितओं तथा क्रियाएं अन्तर्वैयक्तिक सम्बन्धों की एक व्यवस्था पायी जाती है। इनका प्रचालन लक्ष्य उन्मुख क्रियाओं द्वारा समीन्वत होता है। राजनीतिक दलों के सदस्यों से सामान्य लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए तर्कसंगत व्यवहार की आशा की जाती है। सभी राजनीतिक दल समाज की राजनीतिक आवश्यकताओं के प्रति संरचनात्मक प्रत्युत्तर हैं। समाजशास्त्री राजनीतिक दलों एवं अन्य सामाजिक समूहों (यथा–परिवार, चर्च, व्यवसायिक समूह आदि) में भेद करते हैं। राजनीतिक दलों का प्राथमिक उद्देश्य सत्ता को प्राप्त करना तथा अकेले या अन्य दलों की सहायता से सत्ता को बनाए रखना है। इनका सामान्य वैचारिक दृष्टिकोण तथा इनके संगठन की जनसेवार्थी प्रकृति इन्हें अन्य समूहों से पृथक करती है। इस नाते राजनीतिक दल विविध प्रकार के सामाजिक–आर्थिक हितों को भी समायोजित करते हैं। इसी कारण इन्हें कई बार उपसंस्कृतियों के रूप में या बहुदलीय सहबन्ध के रूप में देखा जाता है।

जिन अर्थों में राजनीतिक समाजशास्त्र में राजनीतिक दलों का प्रयोग हो रहा है, वास्तव में वह सवा सौ वर्षों से अधिक पुरानी अवधारणा नहीं है। सन् 1850 ई0 में संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के अलावा किसी राष्ट्र में राजनीतिक दल का वर्तमान प्रतिमान विद्यमान नहीं था। वर्तमान समय में राजनैतिक चेतना इतनी आगे बढ़ चुकी है कि सामान्य व्यक्ति भी आज राजनीतिक दलों का तुलनात्मक मूल्यांकन करता है। जोसेफ ए0 शेलिसिंगर के अनुसार 'राजनीतिक दल' शब्द का आविर्भाव उन्नीसवीं शताब्दी में यूरोप एवं अमेरिका में मताधिकार और प्रतिनिध्यात्मक संस्थाओं के विकास के परिणाम स्वरूप हुआ। इनका सम्बन्ध उन संगठनों से था जिनका लक्ष्य एक या अन्य राजनीतिक दलों से निर्वाचकीय प्रतियोगिता द्वारा लोकसत्तात्मक पद प्राप्त करना था। बाद में दल शब्द का प्रयोग निर्वाचकीय प्रतियोगिता में लगे हुए संगठनों यथा (कुछ छोटे दल, जो मतदाताओं को प्रभावित कर पद प्राप्ति की आकांक्षा नहीं रखते, प्रतियोगी निर्वाचन के उन्मूलन में संलग्न क्रान्तिकारी संगठन तथा सर्वाधिकारी राज्यों के शासक समूह जैसे चीन, उत्तर कोरिया आदि के लिए प्रयोग किया जाता है।

मैकाइवर राजनीतिक दल को ऐसी समिति के रूप में परिभाषित करते हैं जो किसी सिद्धान्त या ऐसी किसी नीति के समर्थन में संगठित होती है जिसे वह सवैधानिक उपायों से शासन की निर्णयकारी वस्तु बनाने का प्रयास करती है।

कुछ विद्वानों ने राजनीतिक दल की परिभाषा इसके द्वारा निष्पादित प्रकार्यों के आधार पर दी है। लॉपेलोम्बरा तथा वीनर के शब्दों में, ''प्रथम, इससे जनमत को संगठित करने तथा माँगों को सरकारी शक्ति एवं निर्णय के केन्द्र तक पहुंचाने की आशा की जाती है, द्वितीय, इसके लिए अपने अनुयायियों में वृहत समुदाय का अर्थ एवं संप्रत्यय सुस्पष्ट करना अनिवार्य है तथा तृतीय, दल राजनीतिक भर्ती, राजनीतिक नेतृत्व, जिनके हाथों में शक्ति तथा निर्णय लेने का अधिकार होगा तथा चयन से घनिष्ठ रूप से सम्बन्धित हैं।

कोलमैन तथा रोज़बर्ग के शब्दों में, ''राजनीतिक दल वे समितियां है जिनको अकेले या बहुदलीय आधार पर या किसी वास्तविक अथवा भावी स्वायत्त राज्य की सरकार के कर्मचारियों तथा नीतियों के लिए अन्य समरूपीय समितियों से निर्वाचकीय प्रतियोगिता द्वारा कानूनी नियन्त्रण को प्राप्त करने अथवा इसे रखने सुस्पष्ट एवं घोषित उद्देश्य द्वारा गठित किया गया है।'' इस परिभाषा में निर्वाचकीय प्रतियोगिता पर बल दिया गया है इस कारण एक दलीय राज्यों का वर्णन करना पड़ेगा।

जोसेफ ए. शुम्पीटर भी निर्वाचकीय प्रतियोगिता पर बल देते हैं। इनके अनुसार 'प्रत्येक राजनीतिक दल का प्रथम उद्देश्य सत्ता प्राप्ति के लिए या सत्ता में बने रहने के लिए अन्य दलों पर हावी होना है।,

एफ0 डब्ल्यू0 रिग्स के अनुसार 'दल वह संगठन हैं जो विधान मण्डल के चुनाव के लिए प्रत्याशियों को मनोनीत करता है। यह परिभाषा अधिक व्यापक है क्योंकि इसमें बहुदलीय और एक दलीय राज्यों को समाहित किया जा सकता है। डाउसे तथा ह्यूज ने भी विधानमंडलों के लिए प्रत्याशियों को मनोनीत करना दल का प्रमुख लक्षण बताया है।

राजनीतिक दल की उपर्युक्त परिभाषाओं से हमें यह पता चलता है कि इनमें मानव स्वभाव की दो विशेषताओं मतैक्य एवं संगठन, को महत्व दिया गया है तथा ये दो भिन्न विचारधाराओं पर आधारित हैं। मैकाइवर की परिभाषा आदर्शवादी है तथा इसके अनुसार राजनीतिक दल के कुछ मूल

सामूहिक हितों एवं शासकीय नीतियों का निर्धारण होता है कोलमैन तथा रोजबर्ग और शुम्पीटर की परिभाषाएं वास्तविक विचारधारा पर आधारित हैं क्योंकि इनमें राजनीतिक दलों को मुख्यतः सत्ता के लिए संघर्षरत संगठन माना गया है। इस विचारधारा पर आधारित परिभाषाएं अधिक उपयुक्त लगती हैं। अतः राजनीतिक दल को न्यूनाधिक संगठन समूह के रूप में परिभाषित किया जा सकता हैं जो विशिष्ट लक्ष्यों की प्राप्ति, सामान्यतः सत्ता प्राप्त करने के लिए निर्वाचकीय प्रक्रिया में भाग लेता है अथवा प्रत्याशियों को मनोनीत करता है।

4.3 विशेषतायें –

राजनीतिक दल की संरचना में कुछ ऐसी विशेषताएं हैं जो इसे अन्य समूह से अलग करती हैं –

1. राजनीतिक दल ऐसा संगठन है जिसका प्राथमिक उद्देश्य राजनीतिक नेतृत्व की प्राप्ति होता है। इसमें दल का नेता संगठित अल्पतंत्र (कार्यकारिणी) द्वारा शक्ति हथियाने का पूरा–पूरा प्रयत्न करता है।
2. सामाजिक एवं आर्थिक उद्देश्यों को लेकर उप संरचनाएं एवं समितियां होती है, जो भौगोलिक सीमाओं, सामाजिक समग्रताओं के आधार पर होती हैं। दल में कई परस्पर विरोधी समूह किसी उद्देश्य तथा राजनीतिक विचारधारा को लेकर साथ जुड़े हुए रहते हैं।
3. हर राजनीतिक दल में अल्पतन्त्र होता है। प्रथम अवस्था में शक्ति का केन्द्रीकरण कुछ अनुभवी नेताओं के हाथ में होता है, जो प्रमुख पदाधिकारी होते हैं, जबकि दूसरी अवस्था में दल का संगठन एक विशेष स्तरीकरण व्यवस्था में विभाजित होता है और हर स्तर पर कुछ स्वायत्तता पाई जाती है।
4. दल में सदस्यता निरन्तर बनी रहती है। एक सदस्य दूसरे सदस्य को दल की गतिविधियों की जानकारी देते रहते हैं। नए सदस्यों के लिए दल में सदस्यता के द्वार हमेशा खुले रहते

हैं। यहीं यह एक खुली संरचना होती है। कुछ लोग दल के सदस्य इसलिए होते हैं कि उन्हें समाज में उसके कारण एक विशेष स्थान मिल जाता है।

उपर्युक्त लक्षणों द्वारा राजनीतिक दल को अन्य संगठन से भिन्न करके देख सकते हैं। राजनीतिक दल का गठन समाज व्यवस्था की दो विशेषताओं द्वारा पाया जाता है –

1. राजनीतिक शक्ति का आधार 'वोट' है अर्थात् सरकार का निर्धारण मतदान प्रणाली से किया जाता है।
2. विभिन्न समूहों में शक्ति के लिए परस्पर प्रतिस्पर्धा होती है। अर्थात् राजनीतिक शक्ति को सत्ता हथियाने के लिए परस्पर होड़ हो रही होती है।

4.4 राजनैतिक दल की संरचना –

मौरिस डुवर्जर ने राजनीतिक दल के सामाजिक संगठन का महत्वपूर्ण विश्लेषण प्रस्तुत किया है। इन्होंने दल के संगठन को चार सूत्रीय वर्गीकरण द्वारा समझाने का प्रयास किया है। ये वर्ग निम्न हैं–

1. समिति या कॉकस (Caucus)
2. शाखा या ब्रांच (Branch)
3. कोष्ठक या सेल (Cell)
4. नागरिक सेना या मिलिशिया (Militia)

कॉकस दल के जाने पहचाने लोगों का एक लघु समूह कहा जा सकता है जो न अपने विस्तार और न ही अपनी भर्ती में रूचि रखता है। वास्तव में यह एक बन्द समूह है। जिसकी प्रकृति अर्द्ध–स्थायी होती है। केवल चुनाव के समय ही कॉकस अधिक सक्रिय होता है तथा चुनावों के बीच के समय में यह निष्क्रिय रहता है। इसके सदस्यों की न्यून संख्या इसकी शक्ति का माप नहीं है क्योंकि इसके सदस्यों का व्यक्तिगत प्रभाव, शक्ति एवं क्षमता उनकी संख्या से काफी अधिक होती है। अतः इसके ख्याति प्राप्त सदस्यों की संख्या की अपेक्षा उनका प्रभाव एवं क्षमता अधिक महत्वपूर्ण है। डुवर्जर ने फ्रांसीसी रैडिकल पार्टी और 1918 से पूर्व की ब्रिटिश लेबर पार्टी को इसका उदाहरण बताया है। मताधिकार के विस्तार के साथ 'कॉकस' प्रकार के दल का ह्रास हो जाता है।

शाखा या ब्रांच (Branch) दल परिश्मी यूरोप में मताधिकार के विस्तार का परिणाम है। इसका सम्बन्ध जनता से होता है तथा कॉकस की तरह यह एक बन्द समूह नहीं है क्योंकि इनमें गुणों की अपेक्षा संख्या को अधिक महत्व दिया जाता है। अतः यह अधिक से अधिक सदस्यों की भर्ती में सदैव रूचि रखता है। इनकी राजनीतिक संक्रियताएं केवल चुनाव तक ही सीमित नहीं होती अपितु निरन्तर चलती रहती हैं। ब्रांच कॉकस की अपेक्षा बड़ा समूह है इसलिए इसका संगठन अधिक होता है तथा इसमें कॉकस की अपेक्षा अधिक एकीकरण पाया जाता है। इसमें संस्तरण तथा कर्त्तव्यों का विभाजन सुस्पष्ट होता है तथा स्थानीयता एवं संकीर्णता का भी आभास पाया जाता है। इसमें अधिकतर केन्द्रीकृत दल संरचना होती है और प्रारम्भिक इकाईयां निर्वाचन क्षेत्रों की ही भांति भौगोलिक आधार पर संगठित होती हैं। यूरोप के समाजवादी दलों में ब्रांच के सभी लक्षण पाये जाते हैं। कैथोलिक और अनुदारवादी दलों ने न्यूनाधिक सफलतापूर्वक इसका अनुसरण किया है। जर्मन सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी संगठनात्मक आधार पर इस प्रकार के दल का एक अच्छा उदाहरण है।

डुवर्जर द्वारा बताया गया दल संगठन का तीसरा प्रकार कोष्ठक या सेल (cell) है जो क्रान्तिकारी साम्यवादी दलों की खोज है। यह ब्रांच की अपेक्षा काफी छोटा समूह होता है तथा इसका आधार भौगोलिक न होकर व्यावसायिक होता है। व्यावसायिक आधार के कारण सेल किसी स्थान पर कार्य करने वाले सभी सदस्यों को एक सूत्र में बाँधना है। कारखाना, वर्कशॉप, दफ्तर एवं प्रशासन आदि इसके अंग हो सकते हैं। चूंकि सेल उन सदस्यों का समूह हैं जो एक ही व्यवसाय में लगे हुए हैं तथा जो प्रतिदिन कार्य के समय मिलते हैं, इसलिए इसके सदस्यों में दलीय एकात्मकता अधिक होती है। वैयक्तिक सेल का अन्य सेलों से कोई प्रत्यक्ष सम्बन्ध नहीं होता है। सेल का संगठन अनिवार्य रूप से षड्यन्त्रकारी होता है और इसकी निर्माण शैली इस बात का पक्का इन्तजाम करती है कि एक सेल के नष्ट होने पर सम्पूर्ण दल–संरचना संकट में पड़े क्योंकि एक ही स्तर पर पृथक–पृथक इकाइयों के बीच कोई संपर्क नहीं रहता। यह गुप्त सक्रियता के लिए सबसे उपयुक्त माध्यम है। इसकी गुप्त सक्रियताएं मुख्यतः राजनैतिक होती हैं तथा सदस्यों के लिए अधिक महत्वपूर्ण होती हैं। मतों को जीतने, प्रतिनिधियों के समूहन तथा मतदाताओं के प्रतिनिधियों से संपर्क रखने की अपेक्षा सेल दल संघर्ष, प्रचार, अनुशासन तथा अगर अनिवार्य तो गुप्त सक्रियता का एक माध्यम है। इनमें चुनाव जीतने की दूसरे दर्जे के महत्व की बात मानने की प्रवृत्ति होती है। प्रजा तांत्रिक केन्द्रवाद की धारणा दल के सभी पहलुओं पर केन्द्रीकृत नियंत्रण स्थापित कर देती है

जिसका उदाहरण 1917 से पहले लेनिनवादी दल था। डुवर्जर फ्रांसीसी साम्यवादी दल के सदस्यों में सेल संरचना के प्रति शत्रु भाव होने का भी संकेत करते हैं।

डुवर्जर का दल–संगठन का चौथा प्रकार मिलिशिया प्रकार का संगठन है। यह एक प्रकार की निजी सेना है जिसके सदस्यों को सैनिकों की तरह भर्ती किया जाता है तथा जिन्हें सैनिक संगठन की भाँति अनुशासन में रहना और प्रशिक्षण लेना पड़ता है। इसकी संरचना भी सैनिक संरचना के समान होती है अर्थात् इसके सदस्य सेना की तरह टुकड़ियों, कम्पनियों और बटालियनों से संगठित होते हैं। मिलिशिया सेना के अधिक्रमिक लक्षण ग्रहण कर लेती है। मिलिशिया की चुनाव तथा संसदीय गतिविधियों में कोई रूचि नहीं होती क्योंकि यह प्रजातन्त्रीय व्यवस्था को मजबूत करने की अपेक्षा इसे उखाड़ फेंकने का एक मौलिक साधन है। जिस प्रकार सेल एक साम्यवादी खोज है, ठीक उसी प्रकार मिलिशिया क्रान्तिकारियों की खोज है। हिटलर के आक्रामी सैनिक और मुसोलिनी की क्रान्तिकारी मिलिशिया इस प्रकार की संरचना का उदाहरण हैं। इनकी ओर डुवर्जर यह संकेत करते हैं कि केवल मिलिशिया के आधार पर कभी भी कोई राजनीतिक दल नहीं बना है।

4.5 राजनैतिक दलों का सामाजिक संगठन –

जिस संगठित रूप में राजनीतिक दल आज हमारे सामने विद्यमान हैं, उस रूप में उनका इतिहास अधिक प्राचीन नहीं है। उनकी उत्पत्ति उन्नीसवीं शताब्दी में हुई है परन्तु इससे पूर्व भी मनुष्यों द्वारा निर्मित कुछ संगठन, शासन से प्रत्यक्ष न होने पर भी जनमत के निर्माण तथा मांगों को शासकों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। आधुनिक समाज में राजनीतिक दलों का गठन विविध आधारों पर किया गया है।

राजनीतिक दलों के निर्माण में मनोवैज्ञानिक आधार अर्थात् मानव स्वभाव में निहित प्रवृत्तियां प्रमुख हैं। मतैक्य एवं संगठन मानव स्वभाव की दो प्रमुख प्रवृत्तियां हैं। समान स्वभाव एवं मूल्यों वाले व्यक्ति संगठित होकर राजनीतिक दल का निर्माण करते हैं तथा फिर उन मूल्यों को बनाये रखने का प्रयास करते हैं। ब्रिटिश कंज़रवेटिव दल का गठन रूढ़िवादी व्यवस्था को बनाये रखने के समर्थक व्यक्तियों द्वारा किया गया है। कुछ व्यक्ति रूढ़िवादी व्यवस्था में परिवर्तन लाना चाहते हैं तथा इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए उदारवादी दलों का निर्माण करते हैं, जबकि कुछ लोग विगत युग की पुनरावृत्ति की आकांक्षा के आधार पर प्रतिक्रियावादी दलों का निर्माण करते हैं।

मानव इतिहास में धर्म की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका रही है तथा आज भी अनेक देशों में धार्मिक नेता एवं पदाधिकारी प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से राजनीति में हस्तक्षेप करते हैं। राजनैतिक दलों के सामाजिक संगठन में धर्म प्रमुख भूमिका निभाता है। उदाहरणार्थ भारत में मुस्लिम लीग, अकाली दल, जनसंघ हिन्दू महासभा जैसे दलों के सामाजिक संगठन में धर्म केन्द्रीय भूमिका निभाता है।

राजनीतिक दलों के निर्माण में क्षेत्रीयता अथवा प्रादेशिकता भी एक प्रमुख आधार है। प्रादेशिक हितों की रक्षा के लिए तथा प्रादेशिक समस्याओं के शीघ्र निपटारे के लिए कुछ प्रादेशिक दलों का निर्माण होता है। भारत में डी0एम0के0, तेलंगेना, प्रजा समिति, असम गण परिषद, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा आदि।

राजनीतिक दल आर्थिक या वर्गीय आधारों पर भी संगठित होते हैं। मार्क्स के अनुसार राजनीतिक दलों तथा वर्गों का परस्पर सम्बन्ध राज्य व राजनीति के सिद्धान्त का केन्द्रीय बिन्दु होता है। अनेक अन्वेषणों से हमें यह पता चलता है कि वर्गीय हित, दलीय सम्बद्धताओं तथा निर्वाचनों की पसन्द के बीच घनिष्ठ सम्बन्ध है तथा अधिकांश समाज में राजनीतिक दल निर्वाचक वर्गीय हितों का प्रतिनिधित्व करते हैं। ब्रिटिन में श्रमिक दल, भारत में मजदूर दल, किसान यूनियन आदि।

जाति भारतीय समाज की आधारभूत विशेषता है। भारत में राजनैतिक दलों के सामाजिक संगठन को जाति हमेशा से प्रभावित करती रही है। स्वतन्त्रता से पूर्व जाति मुक्ति का आन्दोलन राजनैतिक दलों के गठन को प्रभावित करना रहा है। दलित वर्ग कल्याण लीग, बहिष्कृत हितकारिणी सभा, जस्टिस पार्टी इसके प्रमुख उदाहरण हैं।

स्वतन्त्रता के पश्चात् निर्वाचन प्रतियोगिता में 'जाति' राजनैतिक गतिशीलता लाने वाला प्रमुख सामाजिक आधार बन गया। 'जातीय संलयन' और 'जातीय विखण्डन' राजनैतिक प्रक्रियाओं में केन्द्रीय भूमिका निभाने लगी। सभी राजनैतिक दल जातीय गणना के आधार पर उम्मीदवारों को तय करने लगे। वर्तमान समय में जातीय आधार पर राजनैतिक दलों के गठन का प्रमुख आधार है। समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, जनता दल यूनाइटेड आदि इसके प्रमुख उदाहरण हैं।

दलीय संगठन में विचारधारा भी प्रमुख भूमिका निभाती है। समाजवादी, लेनिनवादी और माओवादी विचारधाराओं पर आधारित अनेक दलों का निर्माण भारतीय राजनीति की प्रमुख विशेषता रही है।

4.6 राजनैतिक भर्तीकरण –

राजनीतिक व्यवस्था के राजकीय स्वरूप से पूर्व राजनीतिक व्यवस्था के मूल्यों और लक्ष्यों में शिक्षित एवं दीक्षित होना आवश्यक है अर्थात् राजनीति के मूल्यों एवं लक्ष्यों की जानकारी होनी चाहिए। इन मूल्यों एवं लक्ष्यों में प्रशिक्षित होने की प्रक्रिया को 'राजनैतिक सामाजीकरण' कहा जाता है। जब व्यक्ति को शिक्षा–दीक्षा और योग्यता तथा प्रशिक्षण के अनुरूप विभिन्न राजनैतिक भूमिकाएं सौंपी जाती हैं तो उसे 'राजनीतिक भर्तीकरण' कहा जाता है। संक्षेप में, राजनीतिक सामाजीकरण राजनीतिक संस्कृति सीखने की प्रक्रिया है। जबकि राजनीतिक भर्ती सदस्यों का राजनीति में प्रवेश है। राजनीतिक सामाजीकरण की अवधारणा पर राजनीतिक भर्तीकरण का प्रकार्य अवस्थित है। राजनीतिक भर्तीकरण में पदों, प्रस्थितियों और भूमिकाओं के आधार पर सदस्यों को भर्ती करते हैं।

राजनीतिक व्यवस्था स्वतन्त्र रूप से क्रियाशील होती है लेकिन अत्याधिक मतभेद, पक्षपात, दुराग्रह एवं समूह के हित आदि इस के निषेधात्मक कारक हैं। ये कारक उनमें तनाव पैदा कर संकट की स्थिति उत्पन्न करते हैं। अतः राजनीतिक व्यवस्था के स्थायित्व एवं निरन्तरता के लिए यह आवश्यक है कि समुचित मात्रा में मतैक्य पाया जाए। अभिजनों का यह दायित्व होता है कि वे एकमतता बनाए रखें। राजनैतिक अभिजनों को राजनीतिक समाजीकरण एवं उनकी क्षमता के अनुकूल आवश्यक भूमिकाएं सौंपी जाती हैं, उसे ही राजनैतिक भर्तीकरण कहा जाता है। राजनीतिक भर्ती और राजनीतिक समाजीकरण एक ही प्रक्रिया के दो पहलू हैं। राजनीतिक भर्ती का अध्ययन विभिन्न अभिजन समूहों का अध्ययन है जिसमें उस चयन प्रक्रिया का अध्ययन किया जाता है जिसके माध्यम से किसी राजनीतिक अभिजन के वर्ग की भर्ती आमजनों के मध्य से होती है।

राजनीतिक समाजशास्त्री राजनीतिक भर्ती के विभिन्न कारकों का उल्लेख करते हैं जो कि इस प्रकार है – 1. शक्ति (Power), 2. प्रतिष्ठा (Prestige), 3. ईमानदारी (Rectitude), 4. स्नेह (Affection), 5. कल्याण (Welfare), 6. सम्पत्ति (Wealth), 7. क्षमता (Skill), 8. प्रबोधन (Enlightenment)।

राजनीतिक व्यवस्था में इन कारकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है किस व्यक्ति को कब, कहाँ क्या और कितना प्राप्त होता है यह निर्भर करता है कि इन कारकों पर किसका कितना अधिकार है राजनीतिक भर्ती शक्ति के कारण होती है और शक्ति राजनीतिक भर्ती में सहायक होती है। भारत में राजनीतिक भर्ती जाति, धर्म, व्यक्तिगत प्रभाव, पारिवारिक पृष्ठभूमि, आर्थिक प्रभाव जैसे आधारों पर होती है जबकि अमेरिका, रूस एवं चीन जैसे राष्ट्रों में राजनीतिक अभिजनों में भर्ती व्यक्तियों की सैनिक, आर्थिक स्थिति, प्राकृतिक संसाधनों पर स्वामित्व, प्रशासकीय क्षमता एवं युद्ध समर्थता, अभिप्रेरणा एवं तत्परता आदि होती है।

4.7 जन सहभागिता –

जन सहभागिता या राजनीतिक में लोगों की सहभागिता राजनीतिक व्यवस्था का एक आवश्यक एवं महत्वपूर्ण अंग है। प्रत्येक राजनीतिक समाज में राजनीतिक सत्ता अभिजनों के हाथ में रहती है और इन अभिजनों का यह प्रयास होता है कि राजनीतिक व्यवस्था में अधिकाधिक लोगों की सहभागिता हो। यह सर्वमान्य तथ्य है कि जितने अधिक नागरिकों की राजनीतिक व्यवस्था में सहभागिता होती है राजनीतिक सत्ता को उतना ही अधिक स्थायित्व प्राप्त होता है। सहभागिता राजनीतिक सत्ता को औचित्यता प्रदान करती है। जिस समाज में राजनीतिक सहभागिता की मात्रा कम होती है वहाँ अव्यवस्था या अराजकता की स्थिति पैदा होने की सम्भावना अधिक रहती है।

राजनीतिक सहभागिता का अर्थ है कि राजनीतिक सत्ता में अधिकाधिक लोगों का सहयोग एवं कार्य हो। प्रजातान्त्रिक व्यवस्था में इसका महत्व और अधिक होता है क्योंकि प्रजातन्त्र में जनता सरकार को अपनी सहमति देती या दी गई सहमति वापस लेती है।

राजनीतिक सहभागिता को परिभाषित किया जा सकता है। मैक ब्लास्की ने लिखा है कि ''राजनीतिक सहभागिता को उन स्वैच्छिक क्रियाओं जिनके द्वारा समाज के सदस्य शासकों के चयन एवं प्रत्यक्ष–अप्रत्यक्ष जन नीतियों के निर्माण में भाग लेते हैं, के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। इस परिभाषा में क्लब के सदस्यों की राजनीतिक वार्तालाप जैसी आकस्मिक क्रिया से लेकर राजनीतिक दलों के सदस्यों की सक्रिय क्रियाएं तक इसमें सम्मिलित की जा सकती हैं।

जन सहभागिता एक जटिल अवधारणा है क्योंकि यह विभिन्न चरों से प्रभावित होती है। ये प्रमुख चर मनोवैज्ञानिक, सामाजिक तथा राजनीतिक हो सकते हैं एवं इन्हीं चरों के कारण भिन्न–भिन्न देशों, समयों एवं लोगों के बीच राजनीतिक सहभागिता की मात्रा भिन्न होती है।

